चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 139, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज 16

सोनाक्षी सिन्हा ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग में पूरा किया शॉट 15

आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने वाले मास्टरमाइंड की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने के मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ की के बाद आरोपी अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय बुलाया गया। इसी के बाद एसटीएफ ने ये मामला भी खोल दिया।

अमित वर्तमान में लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहता है। वह लखनऊ के गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से अमित राजीव से मिला। डील के बाद अमित ने राजीव को टीजीटी परीक्षा– 2020, 2021 का पेपर पढ़ाने को 20 लाख दिया था। उसने कई भर्ती परीक्षाओं में राजीव को अभ्यर्थी दिए। राजीव ने पुलिस व आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर आउट कराने को कहा था।

सातवीं बार रेपो दर 6.5 % बरकरार, आर्थिक वृद्धि दर 7% का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

- चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा
- इस बार भी राहत : ईएमआई में नहीं होगा बदलाव
- मकान, वाहन समेत ईएमआई में बदलाव की संभावना कम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। वहीं आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान हैं।

महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के इन निर्णय की जानकारी दी। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी के पक्ष में मत दिया। दास ने कहा, आर्थिक वृद्धि की मजबूत संभावनाएं इस बात की गुंजाइश देती हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर ध्यान दे सके। चूंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितताएं चुनौतियां बनी हैं, ऐसे में एमपीसी महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर सतर्क है। आर्थिक वृद्धि पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा। उन्होंने कहा हमारा अनुमान है कि जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहेगी। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक सब्जियों की दर पर नजर रखेगा जो गर्मी से प्रभावित हो सकती हैं। आईएमडी ने गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में लू चलने का पूर्वानुमान लगाया है।

स्वर्ण भंडार तैयार करने में जुटा भारत

मुंबई। दास ने बैठक के बाद कहा, हम सोने का भंडार बना रहे हैं जो हमारे मुद्रा भंडार नियोजन का हिस्सा है। उन्होंने इसके लिए खरीदे गए सोने की मात्रा की कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन आंकड़ों की ओर इशारा किया जो स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का मूल्य 51.48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

यूपीआई से जमा कर सकेंगे नकदी

नयी दिल्ली। आरबीआई यूपीआई से नकदी जमा करने वाली मशीन की सुविधा देगा। पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में नकद जमा करने की मशीन में पैसा जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है।

रमज़ान मुबारक
छब्बीसवां रोज़ा इफ्तार - 06 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:38 बजे | शिया- 06:44 बजे
सत्ताईसवां रोज़ा सहरी - 07 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:31 बजे | शिया- 04:24 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

मदरसा शिक्षा : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

लखनऊ पीठ ने मदरसा अधिनियम को संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों को रद्द करते हुए छात्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इससे 17 लाख छात्र प्रभावित होंगे...हमारा मानना है कि छात्रों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश उचित नहीं था। राज्य 30 जून, 2024 तक जवाब दायर करेगा। एसएलपी को जून 2024 के दूसरे सप्ताह में अंतिम निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उच्च न्यायालय के 22 मार्च, 2024 के आक्षेपित आदेश और फैसले पर रोक रहेगी।

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 मार्च के मदरसा बोर्ड के संबंध में दिए गये फैसले पर रोक लगा दी। लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया था। इस फैसले पर रोक लगने से करीब 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत मिलेगी।

तीन-सदस्यीय पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों को बारीकी से विचार करने योग्य पाया तथा केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता और बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि मदरसा बोर्ड को सौंपी गई नियामक शक्ति से मेल खाते प्रतीत होते हैं।

संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार द्वारा पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले का समर्थन करते हुए दलील दी कि लगभग 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और अगर फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी आदि ने फैसले की वैधता पर सवाल उठाया।

उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 'फरमान' पारित कर 1908 से नियामक व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे मदरसों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से 17 लाख छात्रों के अलावा 10,000 शिक्षक भी प्रभावित हुए हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा, क्या राज्य सहायता देकर धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन कर रहा है? क्योंकि हम इस्लाम पढ़ाते हैं, इसलिए यह संस्था धार्मिक निर्देश देने वाली नहीं बन जाती।

सरकार पर 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि प्रदेश सरकार मदरसों पर हर साल 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ उठाती है। अटॉर्नी जनरल के. वेंकटरमणी ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का मदरसों के पंगु होने पर प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका एकमात्र परिणाम यह होगा कि उन्हें कोई सरकारी सहायता नहीं मिलेगी।

मदरसों की तरफ से क्या दी गई दलील

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मदरसों में गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए जाते हैं। यह मानना गलत है कि मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है। हरिद्वार और ऋषिकेश में भी बहुत प्रसिद्ध गुरुकुल हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें यह कहकर बंद कर देंगे कि वे धार्मिक शिक्षा के स्थान हैं?

मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने 2004 के अधिनियम के प्रावधानों के गलत अर्थ निकाले, जो (अधिनियम) किसी भी धार्मिक निर्देश का प्रावधान नहीं करता है। मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करना होगा कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

25 हजार रुपये की रिश्वत लेते को-ऑर्डिनेटर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बाल कल्याण समिति

- एंटी करप्शन ने रंगेहाथ बिशप मंडल इंटर कॉलेज के पास से दबोचा

अमृत विचार : भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने बाल कल्याण समिति के को-ऑर्डिनेटर संविदाकर्मी बहेड़ी निवासी सौरभ गंगवार को बिशप मंडल इंटर कॉलेज के पास से 25 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा। आरोप है कि सौरभ ने नाबालिग लड़की की शादी के मामले में उसके पिता से रिश्वत मांगी थी। टीम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इज्जतनगर के संतोष साहू ने एंटी करप्शन में शिकायत की कि किसी ने उनकी शिकायत की कि उन्होंने अपनी नाबालिग बेटी की शादी कर दी है। इसकी जांच कल्याण समिति कर रही थी। बाल कल्याण समिति के को-ऑर्डिनेटर सौरभ और उसकी सहयोगी उनके घर पहुंचे और उन्हें जेल भेजने से बचने के लिए ढाई लाख की मांगी और बाद में 25 हजार रुपये पर तैयार हुए। आरोपी ने कहा कि रुपये देने पर वह मामला खत्म करा देगा।

श्रीराम कांग्रेस के घोषणापत्र जारी होने के बाद एआईसीसी मुख्यालय के बाहर राम की झांकी के साथ इंडिया गठबंधन के समर्थक।

लालू यादव की मुश्किलें बढ़ीं शस्त्र मामले में वारंट जारी

ग्वालियर, एजेंसी

- मध्य प्रदेश की कोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों से हथियार खरीदने से जुड़े मामले में दिया आदेश

मध्य प्रदेश के ग्वालियर की विशेष अदालत ने 1995-97 में शस्त्र और गोला-बारूद की कथित अवैध खरीद से संबंधित एक मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के खिलाफ शुक्रवार को स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

विशेष लोक अभियोजक अभिषेक मेहरोत्रा ने बताया कि सांसद-विधायक संबंधी विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) महेंद्र सैनी ने लालू यादव के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया। उन्होंने कहा, 1995-97 का यह मामला फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर यहां के एक अधिकृत डीलर से हथियार खरीदे जाने से संबंधित है। इंदरगंज थाने में दर्ज इस मामले में 23 आरोपी थे और सभी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जा चुका है। इनमें से यादव को भगोड़ा घोषित किया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता की ओर से अदालत के समक्ष कोई भी पेश नहीं हुआ।

रामनवमी पर 20 घंटे होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या। रामनवमी पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला के 20 घंटे दर्शन सात लाइन के जरिए होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण प्रसार भारती करेगा। उन्होंने 20 घंटे दर्शन की तिथि व समय नहीं बताया है। परिस्थिति अनुसार निर्णय होगा। बालक राम के श्रृंगार, भोग, आरती में चार घंटा लग रहा है। किसी भी परिस्थिति में समय परिवर्तन नहीं हो सकता है, बाकी समय श्रद्धालु दर्शन से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था होगी।

कांग्रेस ने जारी किया 25 गारंटी वाला घोषणापत्र

- पार्टी ने इसको नाम दिया 'न्याय पत्र' जो पांच सूत्रों पर आधारित है

नई दिल्ली, एजेंसी

घोषणापत्र जारी करने के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ सोनिया और राहुल गांधी।

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने समेत कई वादे किए हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोषणा पत्र में भविष्य के भारत की तस्वीर है। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी हुआ। संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम आदि भी मौजूद थे।

पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी गरीबों के लिए लागू करेगी। नई शिक्षा नीति पर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर संशोधन होगा।

घोषणापत्र में अमेरिका की तस्वीरें : भाजपा

कांग्रेस के घोषणापत्र में कुछ तस्वीरों को लेकर भाजपा ने आपत्ति जताई है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि घोषणापत्र में थाईलैंड और अमेरिका की तस्वीरें डाली गई हैं। भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। त्रिवेदी ने कहा कि मतदाताओं में भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस यह घोषणापत्र लेकर आई है।

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

बैंक से दो करोड़ रुपये चुराने वाला दिल्ली से गिरफ्तार

इम्फाल। मणिपुर पुलिस ने बैंक से दो करोड़ रुपये चुराने वाले को शुक्रवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में समन्वय से एसबीआई बिष्णुपुर शाखा से दो करोड़ रुपये चोरी करने वाले मोनार्क लैशराम को पटेल चेस्ट क्रिश्चियन कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से दो एसएमजी कार्बाइन के साथ दो खाली मैगजीन और चार हथगोले जब्त किए गए।

एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में हुए संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी बोले- बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ में संशोधन किया है।

एनसीईआरटी ने हालांकि संशोधित गए संदर्भों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं और इसका संबंध नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नयी पुस्तकों के विकास से नहीं है। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है। एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज़ के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार बदल दिया गया है। कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे।

आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने आप नेता आतिशी को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने के लिए कहा कि भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। भाजपा ने आतिशी के झूठे बयान पर एक दिन पहले आयोग का रुख किया था। आयोग की नोटिस में कहा कि आतिशी दिल्ली सरकार में मंत्री हैं और एक राष्ट्रीय पार्टी की नेता हैं। सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा जो भी कहा जाता है उस पर मतदाता विश्वास करते हैं और इस तरह से उनके दिए बयान प्रचार विमर्श को प्रभावित करते हैं। वह अपेक्षा करते है कि आप नेता के दिए बयानों का तथ्यात्मक आधार होना चाहिए।

अनियमित जीवनशैली विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मधुमेह का माता-पिता से सीधा कनेक्शन, 5 से 17 साल तक के बच्चे हो रहे शिकार

बच्चों का जीवन खराब कर रहा बड़ों का लाइफस्टाइल

अंकित चौहान, बरेली

एक्सक्लूसिव

- जिला अस्पताल आने वाले बच्चों में दस फीसदी टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित
- 70% बच्चों को परिजनों से जन्मजात मधुमेह होने का होता है खतरा

अमृत विचार: माता पिता की खराब जीवन शैली और दिनचर्या के कारण व्यस्क तो डायबीटिज के शिकार तो हो ही रहे, इसके कारण अपनी संतान का भी जिंदगी भर का दर्द दे रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बच्चों में डायबीटिज का माता पिता से सीधा कनेक्शन है। अकेले बरेली शहर में हर माह 5 से 10 बच्चे टाइप वन डायबीटिज पीड़ित मिल रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या ये है कि बच्चों की टाइप वन डायबीटिज के इलाज के नाम पर इंसुलिन लेना ही है।

हर मां-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे कभी बीमार न पड़े। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हर समय उनका ख्याल रखते हैं। उनको चौंकाने बात ये हो सकती है कि उनके खराब लाइफ स्टाइल का फर्क उनके साथ साथ उनके बच्चों का जीवन खराब कर सकता है। जिला अस्पताल स्थित एनसीडी यानि गैर संचारी रोग केंद्र पर 5 से 17 साल तक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित हैं। टाइप 1 के सर्वाधिक मामलों में कारण अनुवांशिक होता है।

शरीर में नहीं बनता इंसुलिन : वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता दोनों मधुमेह से ग्रसित हैं तो उनके बच्चों को मधुमेह होने का खतरा 70 फीसदी तक होता है, वहीं अगर माता-पिता में अगर किसी एक को मधुमेह है तो बच्चों को इसका खतरा 30 फीसदी तक होता है। दरअसल, मधुमेह टाइप 1 अनुवांशिक होता है। इसका होने का मुख्य कारण यह है कि शरीर में इंसुलिन नहीं बनता है इसलिए बच्चे को जीवन भर इंसुलिन लगवाना पड़ता है।

दस फीसदी बच्चों में हो रही मधुमेह टाइप 1 की पुष्टि

एनसीडी क्लीनिक प्रभारी डॉ. मयंक के अनुसार हर माह यहां आने वाले 100 मरीजों में 5 से 10 ऐसे बच्चें हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित मिल रहे हैं। इन मरीजों में 5 से 18 साल तक के मरीज शामिल हैं। हालांकि मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, इंसुलिन समेत अन्य संसाधन मौजूद हैं। हालांकि हर कुछ बच्चे जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है वह भी केंद्र पर आकर इंसुलिन लगवा रहे हैं।

इन बातों का रखें ध्यान, फौरन लें डॉक्टर की सलाह

बार बार पेशाब जाना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को संकेत माना जाता है, पर अगर अत्यधिक प्यास के साथ बार-बार पेशाब आने की समस्या महसूस होती है तो ये मधुमेह का संकेत हो सकता है। बच्चे में इस तरह के लक्षणों पर जरूर ध्यान दें। कई बार टाइप-1 डायबिटीज के संकेत बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर ध्यान देकर आप गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम कर सकते हैं।

पहली बार संघ ने संभाला चुनाव प्रबंधन

संतोष की जगह छत्रपाल को लाने के बाद बरेली के अपने अभेद्य दुर्ग को बचाने में जुटी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली के साथ आंवला में भी संघ के पदाधिकारी बनाए गए समन्वयक
- भाजपा पदाधिकारियों के साथ समवन्य बैठकों में बन रही है रणनीति

अमृत विचार: बरेली संसदीय सीट से संतोष गंगवार की जगह छत्रपाल सिंह को उतारने के बाद भाजपा के इस अभेद्य किले को बचाने की भी तैयारी शुरू कर दी है। पहली बार बरेली के साथ आंवला में भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चुनाव की कमान संभालने के लिए सामने आया है। दोनों संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रबंधन के लिए संघ की ओर से समन्वयकों की तैनाती की गई है।

आठ बार बरेली के सांसद रहे संतोष गंगवार की प्रबल इच्छा के बावजूद उनके बजाय बहेड़ी के पूर्व विधायक छत्रपाल सिंह गंगवार को टिकट दिया जाना भाजपा के अंदर और बाहर दोनों जगह बड़ी घटना माना जा रहा है। भाजपा को संतोष गंगवार ने ही आठ बार बरेली की सीट दिलाई थी, उनसे पहले सिर्फ दो बार जनसंघ के प्रत्याशी इस सीट से जीते थे। छह बार संतोष गंगवार उन परिस्थितियों में बरेली के सांसद चुने गए थे, जब देश में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा बेहतर नहीं थी। बरेली को अभेद्य दुर्ग बनाने का श्रेय पार्टी भी संतोष गंगवार को ही देती है। इस बार मैदान में उनके बजाय छत्रपाल को उतारा गया है। उनके सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन हैं जिन्होंने 2009 में संतोष गंगवार को उनके संसदीय जीवन की एकमात्र शिकस्त दी थी।

लोकसभा चुनाव 2019 में जीती सीटों को बरकरार रखने के साथ हारी हुई सीटों पर भी इस चुनाव में कमल खिलाने का भाजपा उद्देश्य पूरा करने के लिए पहली बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी कमान संभाली है। बरेली और आंवला लोकसभा सीट के लिए संघ की ओर से दो समन्वयकों नियुक्त किया गया है।

पीलीभीत पर भी पार्टी गंभीर

भाजपा के राजनीतिक रणनीतिकारों के मुताबिक बरेली के साथ पीलीभीत को लेकर भी पार्टी में काफी गंभीरता बरती जा रही है। वजह यह है कि दोनों जगह लोकप्रिय रहे वर्तमान सांसदों की जगह नए प्रत्याशी को अवसर दिया गया है। इनमें बरेली पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

बैठकों में सिखाए जा रहे चुनाव प्रबंधन के गुर, बजरंग दल विहिप, विद्यार्थी परिषद को पूरी ताकत झोंकने का निर्देश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से समन्वयक बनाए गए पदाधिकारी जिला स्तर पर समन्वय बैठकें कर रहे हैं। इनमें भाजपा के लोकसभा क्षेत्र प्रभारियों के साथ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को चुनावी प्रबंधन के गुर सिखलाए जा रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए आरएसएस ने समन्वयक नियुक्त किया है। भाजपा के बूथ अध्यक्षों से लगातार संपर्क भी कर रहे हैं। संघ के बड़े पदाधिकारी भी हर रोज इन बैठकों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। समन्वय बैठकों में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता और कार्यकर्ताओं को भी इस चुनाव में पूरी ताकत झोंकने को कहा जा रहा है। ज्यादा फोकस अधिक से अधिक मतदान कराने और मतदाताओं को मतदेय स्थल तक जाने पर किया जा रहा है। बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिया जा रहा है कि अगर किसी स्तर पर कोई कमी नजर आए तो उसे बताया जाए। किसी भी जगह जरूरत हो तो प्रत्याशी की परिचयात्मक बैठक कराई जाए और इलाके के प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनाया जाए।

प्रधानमंत्री करेंगे 9 को चेंज ओवर, तैयारी शुरू

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत में 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। उनका नौ अप्रैल को त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंज ओवर होगा। सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी जुट गए हैं। शनिवार को एसपीजी भी एयरपोर्ट पर डेरा डाल देगी और तमाम बिंदुओं को परखेगी। पीलीभीत में 19 अप्रैल को मतदान है। इससे पहले पीएम पीलीभीत में प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में प्रधानमंत्री रैली करेंगे। प्रधानमंत्री के चेंज ओवर के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे।

चुनाव से पहले स्कूलों के बिजली कनेक्शन जोड़ें

बरेली, अमृत विचार : डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने तहसील सभागार में शुक्रवार को सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक की। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि पोलिंग बूथों पर पानी, शौचालय, पंखा, बिजली आदि की व्यवस्था पूरी कर लें। बिजली विभाग को बकाया की वजह काटे गए स्कूलों के कनेक्शन चुनाव से पहले जोड़ ने का निर्देश दिया। कहा, जिन बूथों पर वेबकास्टिंग होनी हैं, वहां पर कैमरों में मतदाता और मतदान कार्मिक स्पष्ट तौर पर दिखाई दें। सभी मजिस्ट्रेट वेबकास्टिंग बूथों, दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की सूची जरूर रखें। एसएसपी ने निर्देश दिए कि मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर रखें।

आंवला में किसानों की तबाही की वजह बन गए हैं छुट्टा पशु

सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा- घर-घर महिलाओं की आंखों में हैं आंसू

जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्या सुनते सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य।

बरेली, अमृत विचार : विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहराइच रैली में एलान किया था कि 10 मार्च को चुनाव परिणाम आते ही प्रदेश को छुट्टा पशुओं से निजात मिल जाएगी, लेकिन छुट्टा पशुओं का आतंक और बढ़ गया। आंवला जो पशुधन मंत्री का निर्वाचन क्षेत्र है, वहां गांव-गांव महिलाओं की आंखों में आंसू हैं। रात-रात भर रखवाली के बाद भी मौका मिलते ही छुट्टा पशु खेतों को तहस-नहस कर जाते हैं। हजारों किसान परिवार का पेट नहीं भर पा रहे हैं।

यह बात आंवला से सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य ने शुक्रवार को एक मुलाकात में कही। उन्होंने कहा कि दावा किया जाता है कि आंवला क्षेत्र में कई गौशालाएं बनी हैं लेकिन ये गोशालाएं कहां बनी हैं, यह किसी को पता नहीं हैं। अगर गोशाला होतीं तो छुट्टा पशुओं से परेशान लोग मंत्री का काफिला क्यों रास्ते में रोकते। भाजपा की डबल इंजन सरकार होने के बाद भी कहीं कोई काम नहीं हुआ है। गांवों-सड़कों का बुरा हाल है।

क्या हुआ गोद लिए गांवों का: नीरज मौर्य बोले, पहली बार भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि सभी सांसद हर साल एक-एक गांव गोद लेकर उनका सर्वांगीण विकास कराएंगे। पांच साल में हर लोकसभा क्षेत्र में पांच गांवों का विकास होगा। आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने क्यारा ब्लॉक के रोंधी गांव को गोद लिया था। कोई वहां जाकर देख ले कि गांव की हालत कितनी बदतर है।

दस साल में कोई काम नहीं कराया: नीरज ने कहा कि जनसंपर्क से पता चल रहा है कि लोग मौजूदा सांसद से छुटकारा पाना चाहते हैं। 10 साल में उन्होंने क्षेत्र में एक भी काम नहीं कराया। बोले, आंवला की जनता इस बार उन्हें आशीर्वाद देगी।

... आखिर छोटेलाल ही बसपा के प्रत्याशी

- बदायूं में अब तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो पाई

बरेली, अमृत विचार : लंबा इंतजार कराने के बाद बसपा ने शुक्रवार को आखिरकार पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार को ही बरेली सीट पर प्रत्याशी घोषित कर दिया। तीन दिन पहले छोटेलाल गंगवार ने खुद ही बसपा प्रत्याशी होने की घोषणा कर दी थी, तब पार्टी जिलाध्यक्ष ने उसका खंडन कर दिया था। उधर, बदायूं में अब तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो पाई है।

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार पिछले लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए कांग्रेस में शामिल हुए थे लेकिन कांग्रेस ने प्रवीण सिंह ऐरन को प्रत्याशी बना दिया था। ऐरन के सपा में जाने के बाद इस बार फिर उन्होंने कांग्रेस से टिकट की मांग की लेकिन पार्टी ने गठबंधन होने के बाद बरेली सीट सपा को दे दी। इसके बाद पिछले दिनों पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हो गए थे। बरेली से चुनाव लड़ने की दावेदारी भी कर दी थी।

पार्टी की ओर से कई सूची जारी होने के बाद भी उन्हें प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया तो तीन दिन पहले उन्होंने खुद ही बसपा का प्रत्याशी होने की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर प्रचार शुरू कर दिया, लेकिन बसपा जिलाध्यक्ष ने उनका दावा सिरे से खारिज कर दिया। अब हालांकि उन्हें ही प्रत्याशी घोषित किया गया है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार को हाईकमान के निर्देश पर बरेली लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिया गया है। उन्हें चुनाव लड़ाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

केवल संदिग्ध वाहनों को ही रोके एसएसटी

बरेली, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के साथ शुक्रवार को शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथों और एसएसटी नाके का निरीक्षण किया। चौकी बैरियर दो पर एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) को निर्देश दिए कि जितनी भी गाड़ियों की जांच की जाए, उसका पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करें। सिर्फ उन्हीं वाहनों को रोकें जो संदिग्ध लगें।

उन्होंने इससे पहले सुर्खा छावनी पूर्वी स्थित हार्टमन कॉलेज में प्रस्तावित आदर्श मतदान केंद्र और महिला बूथ के निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य को दिव्यांग रैंप की व्यवस्था करने का आदेश दिया। रेलवे कॉलोनी इज्जतनगर स्थित मॉडल जूनियर हाईस्कूल में पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले केंद्र का निरीक्षण किया और बीएलओ को निर्देश दिए कि घर-घर जाकर शतप्रतिशत मतदाताओं को पर्ची बांटी जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों की बनाई रंगोली की प्रशंसा की। उन्होंने नगरिया परीक्षित स्थित कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य से मच्छरों से बचाव के लिए खिड़कियों पर जाली लगवाने के लिए कहा। बिहारमान नगला स्थित पीसी आजाद इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया।

संतोष गंगवार ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : सांसद संतोष गंगवार ने शुक्रवार को संजय कम्युनिटी हॉल के नजदीक भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश के अंदर एक ही आवाज है, वह है प्रधानमंत्री मोदी की। भाजपा 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही है। बरेली में अच्छे बहुमत से जीतेंगे। माहौल अच्छा है, परिणाम से समझ में आ जाएगा। जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने भी संबोधन किया। इस मौके पर वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, मेयर उमेश गौतम, पार्टी प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, डॉ. केएम अरोड़ा, प्रभुदयाल लोधी, डॉ. तृप्ति गुप्ता, नीलम जेठा आदि मौजूद रहे।

105 की जगह 103 ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान

बहेड़ी, अमृत विचार : चुनाव आयोग के निर्देश पर जारी किए गए फार्म 12 डी के आधार पर चिह्नित बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के कुल 215 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने पहले दिन पोस्टल से मतदान किया। पहले दिन कुल 105 की जगह 103 लोगों ने मतदान किया। पांच टीमों ने घर- घर जाकर मतदान कराया। शनिवार को शेष रहे 110 मतदाताओं के घर -घर जाकर टीमें मतदान कराएंगी।

आधी आबादी की आवाज...

महिलाओं के लिए दलों की कथनी-करनी में बहुत अंतर

सांविधानिक रूप से पुरुषों और महिलाओं के लिए राजनीति अलग-अलग नहीं है लेकिन धरातल की सच्चाई यह है कि दोनों के राजनीतिक मुद्दे और सहभागिता का स्तर बहुत भिन्न है। महिलाओं

के साथ राजनीतिक नेतृत्व साझा करने के लिए राजनीतिक दल कितने प्रतिबद्ध हैं, यह अलग-अलग संदर्भों और दलों में व्यापक रूप से भिन्न है। प्रत्येक राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों पर बहुत मुखर रहता है लेकिन उन्हें राजनीति में नेतृत्व प्रदान करने के मुद्दे पर गंभीर नहीं है। महिलाओं में भी स्पष्ट रूप से दो अलग-अलग वर्ग हैं। ग्रामीण महिलाओं की तुलना में शहरी महिलाओं की पहुंच शिक्षा तक बेहतर होती है। यह अंतर अक्सर राजनीतिक जागरूकता, जुड़ाव और नेतृत्व क्षमताओं के अंतर में बदल जाता है। शहरी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में महिलाओं को अधिक आर्थिक अवसर प्रदान करते हैं। आर्थिक स्वतंत्रता अक्सर राजनीतिक भागीदारी और प्रभाव से संबंधित होती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पितृ सत्तात्मक मानदंड होते हैं जो महिलाओं को राजनीति में भाग लेने से हतोत्साहित करते हैं। -**डॉ. रंजू राठौर**, असिस्टेंट प्रोफेसर, रानी अवंती बाई महिला महाविद्यालय

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

शहर में आज

- सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट द्वारा बरेली क्लब मैदान में सांस्कृतिक मेला शाम 6 बजे।
- उद्योग व्यापार मंडल की प्रेसवार्ता शहामतगंज स्थित कार्यालय पर शाम 7 बजे।
- सपा कार्यालय पर रोजा इफ्तार शाम 6 :30 बजे।
- भाजपा लोकसभा शहर विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन बसंत टॉकीज पर सुबह 11 बजे
- श्री श्याम परिवार द्वारा खाटू श्याम भजन संध्या नंदू भैया द्वारा त्रिवटीनाथ मंदिर में शाम 8 बजे।
- इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में जॉब फेयर सुबह 10 बजे से।

एक नजर

इज्जतनगर थाने में दरोगा का नोट गिनते वीडियो वायरल

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाने में दरोगा का रुपये लेते वीडियो वायरल हुआ है। 46 सेकेंड के वीडियो में दरोगा रुपये गिनते भी दिख रहें हैं और उनके सामने सफेद कुर्ता पायजामा में एक व्यक्ति मोबाइल लिए खड़ा हुआ है। जिस कंम्प्यूटर कक्ष में दरोगा रुपये गिन रहे हैं, उससे ठीक सटा हुआ प्रभारी निरीक्षक का कक्ष है। व्यक्ति और दरोगा आपस में बातचीत करते हैं। दरोगा पांच-पांच सौ रुपये की नोट गिनते दिख रहे हैं। बाहर के किसी व्यक्ति की नजर ना पड़े, इसलिए दूसरा व्यक्ति उनके सामने खड़ा हो जाता है। रुपये गिनने के बाद दूसरा शख्स बाहर आ जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद दरोगा खुद के रुपये गिनने की बात कह रहे हैं।

अवैध पार्किंग शुल्क न देने पर ऑटो चालक को चप्पल से पीटा

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वाले ने ऑटो चालक की चप्पल से पिटाई की। आरोप है कि स्टैंड ठेकेदार की फर्जी रसीद बनाकर वसूली कर रहा था। मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो गुरुवार का बरेली जंक्शन सर्कुलेटिंग एरिया का है। जंक्शन पर कार और ऑटो पार्किंग का ठेका चलाने वाले अनिल ने बताया कि जो युवक पिटाई कर रहा है, उसे काम से पहले ही निकाल दिया गया। यह लोग फर्जी रसीद से वसूली करते हैं।

आयकर छापा: रमेश गंगवार के बाद आठ और बिल्डर रडार पर

तीन दिन चली जांच, सैकड़ों करोड़ की हेराफेरी के साक्ष्य मिले, तीन गाड़ियों में दस्तावेज भरकर साथ ले गईं आयकर टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रमेश गंगवार की डायरी से कई अफसरों और नेताओं से नजदीकी संबंधों की पुष्टि

अमृत विचार: सत्य साईं बिल्डर्स के मालिक और ठेकेदार रमेश गंगवार और उनके पार्टनरों पर आयकर छापे की कार्रवाई शुक्रवार को पूरी हो गई। बताया जा रहा है कि तीन दिन चली जांच में आयकर टीमों को रमेश गंगवार और उनके पार्टनरों के खिलाफ सैकड़ों करोड़ की टैक्स हेराफेरी के प्रमाण मिले हैं। छानबीन में अरबों के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे आठ और बिल्डरों के नाम सामने आए हैं। रमेश की डायरी से कई अफसरों और नेताओं से उनके नजदीकी संपर्कों का भी पता चला है।

तीसरे दिन छापे की कार्रवाई पूरी होने के साथ आयकर टीमें रमेश गंगवार और उनके पार्टनरों के यहां से मिली संपत्तियों की रजिस्ट्री और एग्रीमेंट समेत तमाम दस्तावेज करीब 30 बोरियों में भरकर तीन गाड़ियों से लखनऊ ले गई। इनमें सबसे खास रमेश गंगवार के गांव दलेलनगर स्थित आवास से मिली डायरी को बताया जा रहा है जिसमें काफी ब्योरा बीडीए से भी संबंधित है। इसके अलावा यूपी और उत्तराखंड में चल रहे कामों का भी हिसाब है। इसके अलावा शहर के कई बिल्डरों, अधिकारियों और बड़े नेताओं के मोबाइल नंबर और विजिटिंग कार्ड भी मिले हैं।

आयकर विभाग की छानबीन में रमेश गंगवार का बरेली से बाहर के भी कारोबारियों से भी लेनदेन सामने आया है। आयकर टीमों ने रमेश और उनके पार्टनरों के यहां छापे के दौरान कंप्यूटर की हार्डडिस्क की भी जांच की। बड़े पैमाने पर पैसे के लेनदेन के साक्ष्य मिले तो टीम हाईडिस्क को भी साथ ले गई।

ट्यूलिप टॉवर स्थित कार्यालय पर आयकर टीम ने आधी रात तक की जांच।

ठेकेदार विवेक भारती के खातों से करोड़ों का लेनदेन

टीम में शामिल एक आयकर अधिकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार दोपहर के समय रमेश गंगवार और उनके पार्टनर भानु गंगवार के घरों पर जांच के दौरान प्रापर्टी डीलर सुनील सिंह से लेनदेन के दस्तावेज मिले। इसके बाद टीम शाम को सुनील सिंह के घर पहुंची। यहां से विवेक भारती का कनेक्शन मिला। इसके बाद टीम बृहस्पतिवार देर शाम विवेक भारती के स्टेडियम रोड आवास पर पहुंची। विवेक भारती से पूछताछ के बाद उनका मोबाइल कब्जे फोन में लिया गया। बताया जा रहा है कि देर रात तक चली जांच में विवेक भारती के बैंक खातों से करोड़ों के लेनदेन का पता चला है। साथ ही शहर के कई और बिल्डरों के नाम सामने आए।

आधी रात को पहुंचे बदायूं रोड पर बिल्डर के घर सुबह स्टेडियम रोड पर दो बिल्डरों के यहां जांच

रमेश गंगवार के पार्टनरों के ट्यूलिप टॉवर स्थित कार्यालय में आयकर टीम बृहस्पतिवार की शाम पांच बजे पहुंची थी और देर रात तक यहां छानबीन में जुटी रहीं। इस दौरान कार्यालय में किसी के भी आने-जाने पर पाबंदी लगा दी गई। यहीं से टीम ने जमीनों की रजिस्ट्री, एग्रीमेंट के ज्यादातर कागज बरामद किए। बरेली के साथ दूसरी जिलों के कई बिल्डरों का भी रमेश गंगवार से कनेक्शन होने की पुष्टि हुई। रात करीब एक बजे टीम ट्यूलिप टावर से निकलकर बदायूं रोड पर एक बिल्डर के यहां पहुंची और वहां करीब दो घंटे तक छानबीन करके लखनऊ रवाना हो गई। एक टीम शुक्रवार सुबह भी रमेश गंगवार के कार्यालय पर छानबीन करती रही। स्टेडियम रोड पर दो बिल्डरों के घरों पर भी टीम ने छापा मारा। इन तीनों बिल्डरों के यहां से भी तमाम दस्तावेज बरामद किए गए। लखनऊ ले जाकर इनकी जांच की जाएगी।

रमेश गंगवार समेत सभी बिल्डरों को जारी होंगे नोटिस

टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया जांच में जिन बिल्डरों के नाम सामने आए हैं, उनके पास करोड़ों की संपत्ति और उनके अरबों के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। रमेश गंगवार के साथ इन बिल्डरों को भी नोटिस देकर हिसाब मांगा जाएगा। उधर, शुक्रवार शाम आयकर विभाग बरेली जोन के डिप्टी डायरेक्टर आदर्श कुमार भी रमेश गंगवार के डीडीपुरम स्थित कार्यालय पहुंचे और टीमों से बातचीत की। रमेश गंगवार और उनके पार्टनर भानु और सुनील सिंह के खिलाफ जांच रिपोर्ट तैयार की गई। इस पर आलोक कुमार सिंह, आदर्श कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक उपाध्याय, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, कपिल कुमार, विवेक कुमार सिंह आदि अफसरों ने अपने साइन किए हैं। बताया जा रहा है कि अब बरेली का आयकर विभाग भी उन बिल्डरों के बारे में छानबीन करेगा, जिनमें इस छापे में नाम सामने आए हैं।

चैत्र अमावस्या मेले पर लोधीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 11 ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

बरेली, अमृत विचार : चैत्र अमावस्या मेले की वजह से रेलवे प्रशासन ने लोधीपुर बिशनपुर रेलवे स्टेशन पर 11 ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव दिया है।

रेल अधिकारियों के मुताबिक लोधीपुर बिशनपुर रेलवे स्टेशन पर 14315 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस, 04303 दिल्ली पैसेंजर, 15011 चंडीगढ़ एक्सप्रेस, 22453 मेरठ राज्यरानी एक्सप्रेस सात और आठ अप्रैल को और 14321 आलाहजरत एक्सप्रेस सात अप्रैल, 14311 आला हजरत एक्सप्रेस आठ अप्रैल और 14316 बरेली इंटर सिटी एक्सप्रेस, 15910 अवध असम एक्सप्रेस, 22454 लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, 14322 आला हजरत एक्सप्रेस सात और आठ अप्रैल को रुकेगी। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

फैमिली कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर डीएम मथुरा तलब

- पारिवारिक न्यायालय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया

विधि संवाददाता, बरेली : पारिवारिक न्यायालय ने मथुरा के जिलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 29 अप्रैल को 10:30 बजे व्यक्तिगत हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पत्नी को एक लाख 52 हजार 500 रुपये भरण पोषण की रकम अदा न करने पर जिलाधिकारी मथुरा को बाबा डेरी कस्बा निवासी बल्देव सिंह की तहसील महावन स्थित कृषि भूमि के अंश को कुर्क कर जमीन को नीलामी से बेचकर रकम कोर्ट में जमा करने का आदेश 17 अगस्त 2023 को दिया था। मगर जिलाधिकारी मथुरा ने न तो कोर्ट के आदेश का पालन किया और न ही कोई रिपोर्ट भेजी।

आगरा मंडलायुक्त के जरिए डीएम मथुरा को भेजे नोटिस में कोर्ट ने उल्लेखित किया कि कुर्की और वसूल करने संबंधी सभी कागजात डीएम के अधिकार, नियंत्रण और शक्ति में हैं, जिसको नियत तिथि तक कोर्ट में वापस करने का दायित्व था लेकिन दायित्व का निर्वहन नहीं किया गया और न ही कोर्ट को इसकी कोई सूचना दी। 29 अप्रैल को डीएम मथुरा व्यक्तिगत हाजिर होकर कारण बताएं कि क्यों न आपके विरुद्ध अदालत के आदेश की जानबूझकर अवहेलना और अवज्ञा करने की कार्यवाही अमल में लायी जाए। ज्ञात हो कि वर्ष 2013 में थाना प्रेमनगर शाहबाद निवासी स्वाति ने फैमिली कोर्ट में मथुरा निवासी पति बल्देव सिंह पर दहेज के लिए उत्पीड़न कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए भरण पोषण की रकम दिलाने की अर्जी दी थी।

साढ़े चार साल पुराने मामले की जांच के नाम पर मांगी थी रिश्वत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ढाई लाख रुपये की मांगी थी रिश्वत 25 हजार लेने को हो गया था तैयार

अमृत विचार : बाल कल्याण समिति का कोर्डिनेटर जिस मामले में संतोष से रिश्वत मांग रहा था, वह साढ़े चार साल पुराना है। इस मामले का शिकायतकर्ता को पता भी नहीं था। इस मामले में उसकी एक महिला सहायक पर भी आरोप लगा है। एंटी करप्शन ने सौरभ गंगवार के शास्त्री नगर में कमरे की भी तलाशी ली। यहां पर उसके नाना रह रहे थे। अब टीम जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

संतोष ने एंटी करप्शन में शिकायत की कि उनकी बेटी को सितंबर 2019 में अब्दुल्लापुर माफी का अभिषेक बहला-फुसलाकर ले गया था। इसकी इज्जतनगर थाना में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। उनकी पुत्री बरामदगी के बाद नारी निकेतन में रही और इसके बाद घर आ गई। इसके बाद किसी ने बेटी की नाबालिग होने पर शादी करने की शिकायत की लेकिन उन्हें इसका पता ही नहीं था। इसी मामले के निस्तारण के लिए सौरभ ढाई लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। आरोप है कि शुक्रवार को सौरभ ने बेटी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कराया और यहां से सौरभ गंगवार ने उन्हें बाइक पर साथ ले जाकर कचहरी गया और वहां नोटरी शपथ पत्र भी बनवाया। शपथ पत्र बनवाने के बाद वापस आते वक्त सौरभ ने 25 हजार रुपये की रिश्वत बिशप मंडल इंटर कॉलेज के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास ली। रिश्वत लेते ही एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सुनील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सौरभ को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उसके पास से रिश्वत के रुपये भी बरामद किए। उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया। जहां पर पूछताछ के बाद टीम प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने आरोपी सौरभ गंगवार के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

> टीम ने बाल कल्याण समिति के संविदा कर्मचारी को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग की शादी करने के मामले में उसके पिता से रिश्वत मांग रहा था। मामले में जांच की जा रही है, जिसकी भी मिलीभगत पाई जाएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> – **यशपाल सिंह**, सीओ एंटी करप्शन

पीलीभीत बाईपास पर चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचा पूरा परिवार

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर बीसलपुर चौराहा के पास शुक्रवार दोपहर कार धू-धूकर जलने लगी। कार में सवार सात लोगों ने उतरकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगने से जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया।

शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र निवासी रामानंदन सिंह ने बताया कि वह सनराइज कॉलोनी में रिश्तेदार के यहां आए थे। उनके पत्नी भावना सेना के अस्पताल में भर्ती हैं। जिसे देखने के लिए वह अपने बच्चों लक्ष्य, नित्या, आशू, रौनक और साली साध्वी देवी के साथ कार से जा रहे थे। जैसे ही कार बीसलपुर चौराहे के पास पहुंची कि तभी टायर से चिंगारी निकली और फिर बोनट से धुंआ उठने लगा और कार धू-धूकर जलने लगी तो सभी कार से नीचे उतर गए। उन्होंने पुलिस और फायरब्रिगेड को फोन कर सूचना दी। जब तक फायरब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई तब तक कार पूरी तरह से जल गई थी।

सड़क पर धू-धूकर जली कार, इस दौरान काफी देर जाम लगा रहा, बाल-बाल बचे लोगों के चेहरों पर दिखी दहशत।

पहले जेल प्रशासन ने नकारा अब जांच में ठहराया दोषी

बरेली, अमृत विचार : सेंट्रल जेल में बंद शूटर आसिफ खान के वीडियो वायरल होने के मामले में जेल प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। जेल प्रशासन पहले तो वीडियो वायरल होने के मामले में पूरी तरह से लीपापोती करते रहा लेकिन बाद में डीआईजी जेल ने अपनी जांच रिपोर्ट में दो जेलर समेत छह लोगों को दोषी मानते हुए कार्रवाई के लिए डीजी जेल को जांच रिपोर्ट भेजी है। बता दें कि दिसंबर 2019 में शाहजहांपुर के पीडब्ल्यूडी ठेकेदार राकेश यादव की हत्या में शूटर आसिफ की गिरफ्तारी हुई थी। तब से वह सेंट्रल जेल इज्जतनगर में बंद है। उसने जेल से 14 मार्च को लाइव किया था।

बरेली जंक्शन से पहली बार चलेंगी दो मेमू ट्रेनें, 8 को होगी शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली-मुरादाबाद, बरेली रोजा पैसेंजर को किया जाएगा तब्दील

अमृत विचार : बरेली जंक्शन से जल्द ही मेमू ट्रेन का संचालन होगा। बरेली-मुरादाबाद और रोजा पैसेंजर ट्रेनों को मेमू (मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रैक में बदला जाएगा। इसके बाद पैसेंजर ट्रेनों से भी आईसीएफ कोच खत्म हो जाएंगे।

यह पहला मौका है जब बरेली जंक्शन से मेमू ट्रेन चलेगी। कुछ दिनों पहले इज्जतनगर मंडल ने भी अपनी कई ट्रेनों को मेमू में बदला है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-बरेली-मुरादाबाद के बीच रोज चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 04366 / 04365 में अब नौ आईसीएफ कोच की जगह 12 मेमू रैक को लगाया जाएगा। इसके अलावा बरेली-रोजा-बरेली के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 04380/04379 में अब सात कोच की जगह 12 मेमो कार रैक को लगाया जाएगा। 04366 मुरादाबाद-बरेली का संचालन मुरादाबाद से आठ अप्रैल से और 04365 बरेली- मुरादाबाद का संचालन बरेली से नौ अप्रैल से मेमू रैक के साथ किया जाएगा। इसके अलावा 04380 बरेली-रोजा का संचालन बरेली जंक्शन से आठ अप्रैल और 04379 रोजा-बरेली का संचालन रोजा स्टेशन से नौ अप्रैल से मेमू रैक से किया जाएगा। मेमू रैक में परिवर्तित होने के बाद शंटिंग नहीं होगी और समय बचेगा। इसके अलावा लोकल सवारियों को बेहतर यात्रा का अनुभव हो सकेगा।

तौकीर के पास कोई नौकरी न व्यापार फिर कहां से फाइनेंस कराते हैं दंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निदा ने आईएमसी प्रमुख पर एक बार फिर साधा निशाना, कहा- ईडी करे जांच

अमृत विचार : अदालत की ओर से 2010 के दंगे के मास्टर माइंड करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां पर के खिलाफ एक बार फिर उन्हीं के खानदान की बहू निदा खान ने मोर्चा खोला है। निदा ने सवाल उठाया है कि तौकीर रजा के पास न कोई नौकरी है, न वह व्यापार करते हैं तो फिर दंगा कहां से फाइनेंस कराते हैं। इसकी ईडी को जांच करनी चाहिए।

तीन तलाक पीड़िताओं की लड़ाई लड़ते-लड़ते भाजपा में शामिल हो चुकी निदा खान ने फेसबुक पर तौकीर के खिलाफ टिप्पणी की है। कहा है, यह अभिनेता नहीं तो क्या हैं। धरना-प्रदर्शन के लिए कभी तबीयत खराब नहीं हुई। दंगे के मामले में कोर्ट ने सरेंडर करने का आदेश दिया तो तबीयत बिगड़ गई। यह असल जिंदगी के अभिनेता हैं। निदा ने फेसबुक पर मौलाना तौकीर का फोटो पोस्ट करने के साथ लिखा है कि कोर्ट ने मौलाना को भगोड़ा घोषित कर दिया है लेकिन मौलाना का अपना कानून है।

हक जैसे बड़े शब्द इनके छोटे और झूठे मुंह से अच्छे नहीं लगते हैं। यह इतने हक वाले होते तो इनके घर की बहू अपने मायके में नहीं होती। निदा ने कहा है कि मौलाना अपने घर का मामला तो निपटा नहीं पाए, लेकिन बड़ी बड़ी बातें करते हैं। निदा की पोस्ट पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया भी व्यक्त की हैं।

किसी ने निदा की पोस्ट का समर्थन किया है तो किसी ने पारिवारिक मामलों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का विरोध भी किया है।

तीसरे दिन भी ब्लॉक से जूझे यात्री

बरेली, अमृत विचार : बरेली-लखनऊ रेल मार्ग पर टोडरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों की वजह से तीसरे दिन भी ब्लॉक से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। जंक्शन पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं ट्रेनों के अंदर बैठे लोग गर्मी में परेशान होकर एक्स पर अधिकारियों से शिकायतें करते रहे। शुक्रवार को 15075 टनकपुर-सिंगरोली त्रिवेणी एक्सप्रेस रास्ते में नियंत्रित की गई। यह ट्रेन इज्जतनगर स्टेशन पर एक घंटा 20 मिनट की देरी से पहुंची और फिर दो घंटे की देरी से रवाना की गई। इसके अलावा 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्यरानी मेरठ से 120 मिनट देरी से चलाई गई।

बरेली जंक्शन पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

अब दक्षिण भारत के लिए ट्रेनें शुरू होने का भी रास्ता हो जाएगा साफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लखनऊ-चेन्नई एक्सप्रेस का विस्तार मैलानी और पीलीभीत के रास्ते बरेली तक करने की तैयारी

अमृत विचार: पीलीभीत-शाहगढ़ मार्ग पर सीआरएस निरीक्षण हो चुका है। लखनऊ से शाहगढ़ वाया मैलानी ट्रेन पूर्व में ही चल रही है। अब इस रूट पर ट्रेनों का विस्तार पीलीभीत तक होगा। बरेली-लखनऊ वाया पीलीभीत, मैलानी मार्ग भी ट्रेनें दौड़ाने की तैयारी है।

अधिकारी इस रूट पर लखनऊ-चेन्नई एक्सप्रेस का विस्तार मैलानी और पीलीभीत के रास्ते बरेली तक करने की योजना बना रहे हैं। इससे बरेली से दक्षिण भारत के लिए ट्रेन की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो जाएगी। 16094 लखनऊ चेन्नई एक्सप्रेस का संचालन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन से किया जाता है। शाहगंढ़-मैलानी रेल लाइन तैयार होने के बाद बरेली से लखनऊ तक का बंद वैकल्पिक मार्ग शुरू हो चुका है।

लखनऊ तक यह पूरा मार्ग पूर्वोत्तर रेलवे के तहत आता है। ऐसे में लखनऊ जंक्शन से चलने वाली लखनऊ चेन्नई एक्सप्रेस का बरेली तक विस्तार करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। लखनऊ से शाहगढ़ के बीच में 05086 लखनऊ जंक्शन-शाहगढ़ पैसेंजर ट्रेन का ही संचालन अभी तक किया जा रहा है।

पीलीभीत शाहगढ़ रेल मार्ग।

अब तक नहीं चली यशवंतपुर के लिए ट्रेन

सांसद संतोष गंगवार ने कई बार रेलवे की सांसद बैठक में दक्षिण भारत के लिए ट्रेन चलाने की का मुद्दा उठाया था। इज्जतनगर रेल मंडल के लालकुआं स्टेशन से बेंगलुरू के यशवंतपुर स्टेशन तक ट्रेन चलाने का प्रस्ताव मंडलीय अधिकारियों की तरफ तैयार किया गया था। लालकुआं, बरेली, बदायूं, कासगंज, हाथरस, मथुरा और भरतपुर के रास्ते इस ट्रेन को चलाने की मंजूरी मांगी गई थी, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद यह प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में चला गया।

> पीलीभीत-शाहगढ़ पर सीआरएस निरीक्षण हो चुका है। अब ट्रेनों का संचालन नोटिफिकेशन आने के बाद ही शुरू होगा। बरेली-लखनऊ वाया पीलीभीत मार्ग अब पूर्वोत्तर रेलवे के तहत होगा। लिहाजा, ट्रेन संचालन और भी ज्यादा सुगम होगा।
> –**राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर मंडल

पद्मावत और अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस में लगेंगे अतिरिक्त कोच

बरेली, अमृत विचार : गर्मी में ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। इसकी वजह से मुरादाबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली छह ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इसमें बरेली जंक्शन से गुजरने वाली चार ट्रेनों 14207 पद्मावत एक्सप्रेस में छह से 12 अप्रैल, 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में नौ से 15 अप्रैल, 14205 अयोध्या कैंट दिल्ली एक्सप्रेस में आठ से 14 अप्रैल और 14206 दिल्ली अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में सात से 13 अप्रैल के बीच एक-एक स्लीपर कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

पोस्टमार्टम से साफ नहीं हुई प्रेमी युगल की मौत की वजह, विसरा किया प्रिजर्व

बहेड़ी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव ग्वारी में प्रेमी जोड़ों के शव मिले थे। दोनों के पोस्टमार्टम में शुक्रवार को मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इसकी वजह से विसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। इस मामले में दोनों पक्षों की तरफ से कोई तहरीर भी नहीं दी गई है। ग्वारी गांव के एक युवक और युवती का चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे मगर अलग-अलग बिरादरी होने की वजह से परिजन तैयार नहीं थे। गुरुवार को दोपहर में दोनों के शव गेहूं के खेत में मिले थे। मौके पर जहर की शीशी भी मिली थी। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक) डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
Piles, Fissure, Fistula, Avan, Pancreas, IVF
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 9149172383
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ◆ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ◆ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ◆ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ◆ पीलिया का इलाज, ◆ दिमागी बुखार, ◆ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग
● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग
● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

युवाओं के लिए इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार का

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली, अमृत विचार : उच्च शिक्षा के स्तर पर भी चिंताएं काफी गहरी हैं। भर्ती परीक्षाओं की दिन-रात तैयारी के बाद भी हर चेहरे पर इस आशंका की परछाई है कि नौकरी मिलेगी या नहीं और मिलेगी तो कैसी होगी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कहते हैं कि चुनाव में उनके लिए रोजगार ही सबसे बड़ा मुद्दा है। पिछले कई साल से रोजगार के संबंध में वादे कुछ और हैं और युवाओं की आपबीती कुछ और।

2024: हवा का रुख

जैसे-तैसे भर्तियां निकलती हैं तो पेपर लीक हो जाता है। पुरानी शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, न नई भर्ती निकलने के आसार दिख रहे हैं।

केंद्र की भर्ती प्रक्रिया इतनी सुस्त होती है कि अभ्यर्थी बरसों रिजल्ट का इंतजार करता रहता है। रोजगार मेले भी उन्हें निराश कर रहे हैं। इनमें आने वाली कंपनियों की डिमांड तो बहुत ऊंची होती है लेकिन वेतन योग्यता से बहुत कम होता है।

हम लोगों का सबसे बड़ा मुद्दा डिग्री लेने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने का है। हर बार कहा जाता है भर्ती निकाली जाएगी लेकिन पिछली शिक्षक भर्तियां अब तक पूरी नहीं हुई हैं न नई भर्तियां निकल रही हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है फिर भी भर्ती प्रक्रिया तेज नहीं की जा रही है। – **आशिता गुप्ता**, एमएड छात्रा

पढ़ाई के बाद सभी युवाओं का सपना सरकारी नौकरी पाने का होता है। हम भर्ती परीक्षा के लिए कई-कई साल तैयारी करते हैं लेकिन आखिर में पेपर लीक का सामना करना पड़ता है। इससे हमारी उम्मीदें टूट जाती हैं। सरकारी भर्ती न के बराबर हैं। प्राइवेट नौकरियों में काम के मुताबिक पैसा नहीं है। – **प्रप्रीत**, एमएड छात्रा

युवाओं के लिए इस समय सबसे जरूरी मुद्दा रोजगार का है।

पूरे देश का पढ़ा-लिखा युवा रोजगार के लिए सिर्फ इंतजार किए जा रहा है। सरकारी भर्ती की आस में समय गुजर रहा है। रोजगार मेले लगते हैं लेकिन उनमें योग्यतानुसार नौकरी नहीं मिलती। एकाध नौकरी ही ठीक होती है। – **समीक्षा श्रीवास्तव**, एमएड छात्रा

युवाओं को लुभाने के लिए राज्य सरकार हर बार पीईटी कराती है लेकिन परीक्षा में बीस लाख तक अभ्यर्थी बैठते हैं और इनमें दस प्रतिशत अभ्यर्थियों को भी नौकरी नहीं मिल पाती। केंद्र सरकार की भर्ती निकलती है तो उसकी प्रक्रिया इतनी धीमी होती है कि इंतजार में उम्र गुजर जाती है। – **अभिनय गंगवार**, बीएड छात्र

कई प्रत्याशियों को चुनाव में तो अब नोटा ही हरा देता है

लोकसभा चुनाव 2014 में 6737 वोटरों को कोई प्रत्याशी नहीं भाया

अनुपम सिंह, बरेली

- **भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी को छोड़ कोई नहीं कर सका नोटा की बराबरी**
- **आम आदमी, पीस पार्टी, छह निर्दलीय उम्मीदवारों से ज्यादा 2014 में नोटा को मिला था वोट**

अमृत विचार : असंतुष्ट मतदाताओं ने ईवीएम में नोटा का बटन खूब दबाना शुरू कर दिया है। स्थिति ये है कि पार्टियों के उम्मीदवारों से ज्यादा वोट नोटा को मिल रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 2013 में ईवीएम में नोटा का बटन लगाया गया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव 2014 में पहली बार नोटा दबाया गया। बरेली के उस चुनाव में 14 प्रत्याशी थे। कुल मतदाताओं की संख्या साढ़े 16 लाख से ज्यादा थी। इनमें 9,11,310 पुरुष और 7,52,671 महिला मतदाता थी। इसमें 10,17,891 यानी 61.21 फीसदी वोट पड़े थे। इसमें 6,737 वोट नोटा को पड़े थे। जबकि आम आदमी पार्टी के सुनील कुमार को 3,703, पीस पार्टी के असलम को 3338, निर्दलीय उम्मीदवार नेतराम को 2038, सय्यद राशिद को 1885, कमल किशोर इंजीनियर को 1806, मनोज विकट को 1567, लोटन सिंह पटेल को 1402, जावेद खान को 964 वोट ही मिले थे।

इसके बाद लोकसभा चुनाव 2019 में भी नोटा का बटन खूब दबा। इस चुनाव में कुल वोटर साढ़े 17 लाख से ज्यादा हो चुके थे। इसमें 9,61,116 पुरुष और 7,99668 महिलाएं थीं। कुल 16 प्रत्याशियों के लिए 10,68342 यानी 60.5 फीसदी वोट पड़े। इनमें भाजपा, सपा, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी के अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार सय्यद राशिद ही कुछ वोटों से नोटा से आगे निकल पाए। नोटा को 3,824 वोट मिले थे और राशिद को 3,987। पांच निर्दलीय और सात छोटे दलों के उम्मीदवार नोटा की बराबरी नहीं कर पाए।

विधानसभा चुनावों में भी नोटा ने दिखाया दम

विधानसभा चुनाव 2017 में बरेली विधानसभा क्षेत्र में 4,16, 242 मतदाता थे जिनमें 2,22, 452 यानी 53 .8 फीसदी ने 12 प्रत्याशियों के लिए वोट डाले। भाजपा, बसपा, कांग्रेस, सीपीआई प्रत्याशी को छोड़कर कोई नोटा की बराबरी नहीं कर सका। जन शक्ति एकता पार्टी को 345, पीस पार्टी को 1073, राष्ट्रीय लोकदल को 643 और दूसरे छोटे दलों से लेकर निर्दलीय उम्मीदवार भी 1500 वोटों का आंकड़ा पार नहीं कर सके थे, नोटा को 1421 वोट मिले थे। विधानसभा चुनाव 2022 में बरेली सीट पर मतदाताओं की संख्या 4,61,257 हो गई जिसमें से 11 प्रत्याशियों के लिए 2,38,768 वोट पड़े। इस बार भी भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, ऑल इंडिया मजलिस के अलावा कोई प्रत्याशी नोटा के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

जनता का मंच

सितारों को क्यों प्रत्याशी बनाते हैं राजनीतिक दल?

बरेली, अमृत विचार : सितारों का राजनीति में आने और जाने का एक लंबा सिलसिला हो चुका है। खेल और फिल्में दो ऐसे क्षेत्र हैं जिनके नायकों की जनता दीवानी रहती है, राजनीतिक दल इसीलिए उन्हें चुनाव में उतारते हैं लेकिन कम ही होते हैं जो राजनीति में लंबी रेस का घोड़ा साबित हो पाते हैं। लोगों का मानना है कि सितारों का चुनाव जीत जाना तो आम बात है लेकिन गिनेचुने नामों को छोड़कर ऐसे सितारों को याद कर पाना बहुत मुश्किल है जिन्होंने जनता के लिए काम किया हो।

सितारों को चुनाव लड़ाना राजनीतिक दलों का हथकंडा है। इनमें कुछ जनता के लिए काम करते हैं और कुछ नहीं। उनसे प्रभावित लोग उनकी छवि पर विश्वास करके वोट देते हैं, लेकिन जनता जागरूक भी है। सितारे हों या सामान्य नेता, काम न करें तो ज्यादा दिन जनता सपोर्ट नहीं करती। – **अरुण**, ग्रीनपार्क

मैं नकारात्मक नहीं होना चाहती लेकिन यह सच है कि चुनाव जीतने के बाद सितारे केवल एक चेहरा बनकर रह जाते हैं। उनसे जनता को उम्मीदें होती हैं जो पूरी नहीं हो पातीं। वे राजनीतिक दलों के लिए वोट बटोरने का ही काम कर पाते हैं। इन लोगों जनता के लिए काम करना चाहिए। – **अंजलि गौड़**, सनराइज कॉलोनी

किसी भी पार्टी को ऐसे ही नेता को टिकट देना चाहिए जो जनता के लिए काम करे। लेकिन टिकट मिलता उसे है जिसकी पहुंच होती है। सितारों का आसानी से जीतना लगभग तय होता है, लेकिन जनता के काम करने के बजाय वे राजनीतिक दलों की सीटें बढ़ाने का ही काम करते हैं। – **आदित्य कुमार**, कोहाड़ापीर

सितारों को वोट देना बेकार है। वे जहां से चुनाव जीतते हैं, वहां बाद में जाते तक नहीं। उनकी फैन फॉलोइंग के कारण राजनीतिक दल उन्हें टिकट देते हैं और वे जीत भी जाते हैं लेकिन आम लोगों के मुद्दे उनकी समझ नहीं आते। इसीलिए ज्यादातर सितारे राजनीति से जल्द संन्यास भी ले लेते हैं। – **शमशांत**, बड़ी बिहार

सेलिब्रिटी को टिकट देने के पीछे राजनीतिक दलों का मकसद वोटरों को आकर्षित करना होता है। जहां उनके पास अच्छा उम्मीदवार नहीं होता, वहां सितारों को टिकट दे देते हैं। ये लोग आम जनता के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर पाते, लेकिन इनका नाम नेताओं की तुलना में भ्रष्टाचार में कम ही आता है। हर दल में ये चुनाव अपने दम पर लड़ते हैं और राजनीतिक दल के लिए वोट बढ़ाने का काम करते हैं। राजनीतिक दलों को इनकी छवि का फायदा मिलता है। आज के समय की राजनीति पूरी तरह छवि पर आधारित है। जिसकी छवि एक बार लोगों में बन गई तो उसे बदलना मुश्किल है। भारत की राजनीति थोड़ी जटिल भी है, इसलिए ये जितनी जल्दी आते हैं, उतनी जल्दी चले भी जाते हैं। – **डॉ .नागेश्वर प्रसाद शुक्ला**, प्राचार्य अनुबिस पीजी कॉलेज मीरगंज

मानक के विपरीत बनाई जा रही सड़क का विरोध

संवाददाता, आंवला

- **निरीक्षण कर एक्सईएन ने ठेकेदार को दी चेतावनी**
- **घटिया निर्माण होता देख व्यापारियों ने जताया विरोध**

अमृत विचार : दशकों से बदहाल आंवला- वजीरगंज रोड का निर्माण आरम्भ हो गया है। काम शुरू होते ही ठेकेदार पर मानक के अनुरूप कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों में विरोध जताया। वहीं जानकारी होने पर अधिकारियों ने निरीक्षण करके गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने को कहा।

आंवला-वजरीगंज मार्ग बरेली और बदायूं को जोड़ता है। क्षेत्र के लोग इस मार्ग की मरम्मत की मांग वर्षों से करते आ रहे थे। कुछ माह पूर्व क्षेत्रीय लोगों ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से सड़क की हालत के बारे में बताया था। इस पर उन्होंने विभाग के एक उच्च अधिकारी को फोन करके नाराजगी जताई थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने सड़क का स्वयं अवलोकन करके शीघ्र मरम्मत कराने का वादा किया था। नगर के व्यापारी नेता वरुण अग्रवाल, पंकज खंडेलवाल, कल्लू हलवाई, विपिन अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, राम सहाय, अजय गुप्ता, मोहन लाल, हरद्वारी लाल ने बताया कि यह सड़क करीब दो दशक के बाद डाली जा रही है। परंतु निर्माण कार्य में मानकों का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। तारकोल नाम मात्र का प्रयोग हो रहा है। रोलर भी ठीक से नहीं चलाया जा रहा है।

गिट्टी पर नहीं चलाया गया रोड रोलर।

शिकातय पर सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया, कमियां मिली हैं। ठेकेदार को पत्र जारी करके चेतावनी दी गई है कि पहले किए गए कार्य को ठीक करे उसके बाद आगे कार्य आरंभ करें। गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना विभाग की पहली प्राथमिकता है।
–**राजीव अग्रवाल**, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन

80 लाख से संवरेगी चयनित 15 पीएम श्री स्कूलों की सूरत

बरेली, अमृत विचार : चयनित 15 पीएम श्री स्कूलों को संवारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन स्कूलों में दिव्यांग शौचालय, बाल वाटिका और कमरों का निर्माण करीब 80 लाख रुपये से कराया जाएगा। शुरुआती चरण में सभी स्कूलों में निर्माण के लिए 25 फीसदी धनराशि विद्यालय प्रबंधन समिति के खातों में भेज दी गई है। निर्माण कार्य 25 दिनों में पूरा कराना होगा।

गत वर्ष जिले में बेसिक शिक्षा विभाग में पीएमश्री योजना के तहत 15 स्कूलों का चयन हुआ था। इनमें रामगनर के तिगरा खानपुर स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल, भुता के दंडिया नवाजिश अली और फतेहगंज ब्लॉक के खानपुर कंपोजिट स्कूल में 1.16 लाख रुपये से दिव्यांग शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। जबकि मझगवां, भदपुरा, रामनगर, शेरगढ़, भुता, आलमपुर, फतेहगंज, फरीदपुर, भोजीपुरा, क्यारा, रिछा, बिथरी चैनपुर, बहेड़ी और नवाबगंज के चयनित पीएमश्री स्कूलों में करीब 46 लाख से बाल वाटिकाओं का निर्माण होगा। नवाबगंज ब्लाक के स्कूल को छोड़ कर सभी चयनित स्कूलों में 31 लाख की लागत से कमरों का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में चयनित 14 स्कूलों को संवारा जाएगा। इस संबंध में बीएसए की ओर से संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की सूचना मांगी गई है।

तीन करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी, 31 लाख जमा कराए

शिव शक्ति ट्रेडर्स के यहां जांच करती जीएसटी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : जीएसटी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के निर्देश पर कर चोरी की सूचना पर शुक्रवार दोपहर एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध ने रंजीत मौर्य के सिविल लाइंस स्थित शिव शक्ति ट्रेडर्स और निवास पर छापा मारा। जांच में पता चला कि व्यापारी ने अगस्त 2022 से अब तक फर्जी फर्मों से फर्जी खरीद दर्शाकर बिना कोई टैक्स जमा किए सवा करोड़ रुपये की आईटीसी व्यापारियों को बांटी। बरेली जोन के एडिश्नल कमिश्नर ग्रेड वन ओपी चौबे ने बताया कि जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर व्यापारी पर कर, ब्याज और जुर्माना सहित करीब तीन करोड़ रुपये की देयता बनती है। व्यापारी ने मौके पर 31 लाख रुपये जमा किए हैं। इधर, छापेमारी की जानकारी से आसपास के दुकानदारों में खलबली मच गई।

पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर पकड़ा

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : पुलिस ने बाहर से स्मैक लाकर फतेहगंज पश्चिमी कस्बे समेत गांवों में बेचने वाले आरोपी को पकड़ा। उसके पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर के थाना पटवाई के गांव ठिरिया निवासी विक्की राठौर को बाईपास चितौली अंडरपास से पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

जिला अस्पताल में ही मच्छरों से बचाव के इंतजाम नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में 1 अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया गया लेकिन चिराग तले ही अंधेरा है। जिला अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर और बच्चा वार्ड के बाहर गंदा पानी भरा होने से मच्छरों का लार्वा पनप रहा है। मच्छरों की वजह से वार्ड में भर्ती मरीज परेशान हो रहे हैं और उन्हें डेंगू-मलेरिया का खतरा मंडरा रहा है। मलेरिया में संवेदनशील जिला होने के बावजूद अनदेखी की जा रही है।

जिला अस्पताल के ओपीडी परिसर के बाहर भी नालियों में गंदा पानी भरा है। अस्पताल के रोड पार वाले भवन स्थित बर्न वार्ड के पीछे भी गंदा पानी भरा है। शुक्रवार को जिला अस्पताल के वार्डों के निरीक्षण के दौरान एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा से भी मरीजों ने शिकायत की कि रात में मच्छर काटते हैं। एडीएसआईसी ने कर्मचारी को मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करने का आदेश दिया।

जिला अस्पताल में ओपीडी परिसर के बाहर गंदे पानी में लार्वा। ● अमृत विचार

- **ऑपरेशन थियेटर और बच्चा वार्ड के बाहर गंदे पानी में पनप रहा मच्छरों का लार्वा**

अस्पताल के कई वार्डों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करने के आदेश दिए हैं। वहीं परिसर में फॉगिंग कराने की जिम्मेदारी नगर निगम की है, इसके लिए पत्र भेजा गया है।
–**डॉ . अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

सार-संक्षेप

सामूहिक रोजा इफ्तार कराया

बरेली, अमृत विचार : कमेटी मस्जिद महिगिरान बिहारीपुर की ओर से शुक्रवार को सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत कर सौहार्द का संदेश दिया। रोजा इफ्तार के बाद मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की गई। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी, मुहम्मद कासिम, राशिद मकसूद, फैसल, साजिद हुसैन, आसिफ, मकसूद, शादाब, आमिर, तौसीफ, सुलतान आदि मौजूद रहे।

मदरसों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुशी की लहर

बरेली, अमृत विचार : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगने के बाद मदरसा संचालकों में खुशी की लहर है। दरगाह आला हजरत की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया गया है। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक बताया था। अब हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने कहा कि प्रदेश में करीब 17 लाख छात्र मदरसा बोर्ड के तहत शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसमें हजारों शिक्षक और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। उनके भविष्य पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया था।

मस्जिद जंगा खां में हुआ कुरान मुकम्मल

बरेली, अमृत विचार : रमजान की पच्चीस तारीख को जकाती स्ट्रीट स्थित मस्जिद जंगा खां में नमाज-ए-तरावीह के दौरान हाफिज मोहम्मद मोनिस शम्सी और हाफिज हमजा नूर ने कुरान मुकम्मल किया। हर दिन पढ़ी गई 20 रकात तरावीह में कुरान का उर्दू अनुवाद भी सुनाया गया। कुरान मुकम्मल कार्यक्रम में मस्जिद के इमाम मौलाना शाहिद, अरशद तारिक शम्सी, मोहम्मद नसीम शम्सी आदि मौजूद रहे।

एलबीएस स्कूल के बच्चों ने मतदान के प्रति जागरूक किया

बरेली,अमृत विचार : संजय नगर स्थित एलबीएस स्कूल में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। बच्चों ने देश के मानचित्र की रंगोली तैयार कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। स्कूल में नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूल के डायरेक्टर रामकृष्ण शुक्ला ने बच्चों को मतदान का महत्व बताया।

इन्वर्टिस में रोजगार मेले में जुटी भीड़

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले में पहले दिन शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में युवा पहुंचे। अमजन, फ्लिपकार्ट, कोटक महेंद्रा टेक, हैवेल्स समेत कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। आयोजन समिति के अनुसार मेले में पांच हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा उत्तराखंड के भी युवाओं ने भाग लिया और रजिस्ट्रेशन कराया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम ने आयोजन समिति के इस प्रयास की सराहना की। कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम ने कहा कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले युवा बेहद उत्साहित हैं। प्रो. मनीष गुप्ता, प्रो.पीपी सिंह, प्रो. एसएस त्रिपाठी, रजिस्ट्रार संतोष कुमार, प्रो. केके दुबे आदि मौजूद रहे।

राधा-कृष्ण के स्वरूपों में खेली होली

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर की ओर से शुक्रवार को सिविल लाइंस में होली मिलन समारोह हुआ। इसमें सुबह विश्व शांति और जनकल्याण के लिए हवन किया गया। इसके बाद राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने नृत्य कर फूलों की होली खेली। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. भूपेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, महानगर मंत्री श्रेयांश बाजपेई, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय, विभाग संगठन मंत्री नितिन, महानगर संगठन मंत्री अवनी यादव, छत्रपाल गंगवार,आनंद कटेरिया, निखिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

माह-ए-मुबारक को कहा अलविदा, नेकी पर अमल की दुआ, अब ईद का इंतजार

किला जामा मस्जिद में सुरक्षा के बीच अदा की गई अलविदा की मुख्य नमाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रमजान के आखिरी जुमा यानी जुमा-तुल-विदा पर शहर भर की मस्जिदों में सिर सजदे में नजर आए। पूरे साल नेक अमल करने की दुआ के साथ माह-ए-मुबारक रमजान के अलविदा की नमाज अदा की गई। सभी मस्जिदों में खुतबा से पहले इमामों की तकरीर हुईं।

मुख्य नमाज किला की जामा मस्जिद में हुई। यहां हजारों नमाजियों ने नमाज अदा की। तकरीर में शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने रमजान की फजीलत और जकात और फित्रा अदा करने के बारे में बताया। आखिर में मुल्क और मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ की गई। जामा मस्जिद कमेटी के फरहान रजा खान ने बताया कि हाजी अजमेरी, असरार अहमद, अखलार अहमद, सैयद जाहिद अली, नईम खान, शुएब, हाजी नाजिश, नोमान रजा खान, इमरान खान आदि ने व्यवस्था संभाली।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर में सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत पर साढ़े तीन बजे जुमा की नमाज अदा की गई। यहां दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत आला हजरत परिवार के सभी लोगों ने नमाज अदा की। दरगाह ताजुशशरिया पर काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां ने नमाज अदा कराई। जमात के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने भी यहां नमाज अदा की। खानकाह-ए-नियाजिया में सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने नमाज अदा कराई। दरगाह शाहदाना वली,दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, दरगाह तहसीनिया, खानकाह-ए-वामिकिया, मस्जिद नोमहला, नूरानी मस्जिद में जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की गई।

किला की जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

फित्रा अदा करने के लिए रोजा रखना शर्त नहीं

रमजान का महीना खत्म होने को है, लिहाजा ज्यादातर लोग जकात और फित्रा निकाल रहे हैं। जिन लोगों ने अभी तक जकात और फित्रा अदा नहीं किया है ,उनके लिए पीराशाह मस्जिद के इमाम मौलाना तौहीद रजा ने अपने खिताब में कहा कि जो शख्स रोजा न रखे, उस पर भी सदका-ए-फित्र यानी फित्रा वाजिब (जरूरी) है। इसके लिए रोजा रखना शर्त नहीं, अगर ईद का दिन गुजर गया और सदका-ए-फितर अदा न किया, तब भी सदका-ए-फित्र माफ नहीं होगा। बल्कि जब भी अदा करें तो अदा हो जाएगा।

जामा मस्जिद के बाहर अलविदा की नमाज के दौरान तैनात फोर्स। ● अमृत विचार

फार्म भरवाए और परीक्षा भी ली मगर मार्कशीट नहीं दे रहा रुविवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के छात्रों के साथ हुआ धोखा
- नियम न होने के बावजूद बैक परीक्षा में छात्रों को बैठाया

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय की गलती की वजह से कई छात्रों को चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। विश्वविद्यालय ने परिसर के एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के छात्रों के बैक परीक्षा के फार्म भरवाने के बाद परीक्षा भी करा ली। छात्रों का परिणाम भी जारी कर दिया गया लेकिन अब आरडी लगा दी गई और आल रेडी पास कर मार्कशीट नहीं दी जा रही है। छात्रों ने विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक श्रीवास्तव से शिकायत की तो उन्हें परीक्षा नियंत्रक के पास भेज दिया गया। परीक्षा नियंत्रक की ओर से भी संतुष्ट जवाब नहीं मिला।

एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के बैच 2020-22 के करीब आठ छात्रों ने परीक्षा पास की तो उनके एक-दो अंक फर्स्ट डिवीजन से कम रहे। सुधार परीक्षा का ऑप्शन न होने पर छात्रों ने बैक परीक्षा का फार्म भरा। इसके लिए उन्होंने शुल्क भी दिया। फार्म भरने के बाद विभाग से फार्म सत्यापित भी हो गया। इसके बाद वह परीक्षा में बैठे और उन्होंने परीक्षा पास की, जिसमें उनके अंक भी बढ़ गए। उन्होंने इंटरनेट से मार्कशीट भी डाउनलोड कर ली लेकिन इस पर आरडी और आल रेडी पास लिखा आया। जब वह मार्कशीट लेने गए तो मना किया गया और बताया गया कि छात्रों ने गलत परीक्षा दी। छात्रों का कहना है कि उनकी गलती नहीं है। यदि बैक फार्म नहीं खुलता तो वे क्यों भरते। इस मामले में विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक श्रीवास्तव का कहना है कि पहले का मामला है। इस संबंध में छात्रों को परीक्षा नियंत्रक के पास भेजा गया। वहीं से कुछ समाधान निकाला जा रहा है।

चुनौती: बरेली कॉलेज में आज छह हजार छात्रों की परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में शनिवार को छात्रों के साथ शिक्षकों और कर्मचारियों की भी परीक्षा होगी, क्योंकि परीक्षा में दो पालियों में छह हजार से अधिक छात्र शामिल होंगे। इसकी वजह से कक्षाएं स्थगित की गई हैं। चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगने की वजह से कॉलेज को काफी दिक्कत हो रही है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सूचना जारी कि महाविद्यालय में शनिवार को सुबह की पाली में 2377 और दूसरी पाली में चार हजार से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से पठन-पाठन स्थगित रहेगा। बरेली कॉलेज में रोजाना किसी न किसी की परीक्षा होती है। इसकी वजह से पढ़ाई प्रभावित होती है।

मोजे में नकल छिपाकर लाया छात्र पकड़ा

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान बीए द्वितीय वर्ष के छात्र को नकल करते पकड़ा गया। छात्र मोजे में नकल की चार पर्चियां छिपाकर लाया था। सचल दल ने यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सचल दल ने चेकिंग के दौरान द्वितीय पाली में बीए अर्थशास्त्र के छात्र के पास से दो पर्चियां पकड़ीं। जब उसकी तलाशी ली तो दो और पर्चियां मोजे में मिलीं। वह चारों पर्चियां मोजे में छिपाकर कक्ष तक लाया था।

एमएससी कृषि पशुपालन परीक्षा फार्म आज से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि उत्तरार्द्ध पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के द्वितीय वर्ष के संस्थागत और बैक और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्र 6 से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। महाविद्यालयों को 12 अप्रैल तक भरे हुए फार्म सत्यापित करने होंगे।

नए सत्र में भी स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी शुरू नहीं हो सकी

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र में भी टैबलेट से ऑनलाइन हाजिरी शुरू होने पर संशय बना हुआ है। शिक्षक संगठन ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। यही वजह है कि अभी तक यह व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है। बच्चों के साथ शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के लिए सभी परिषदीय स्कूलों में टैबलेट का वितरण किया जा चुका है।

अफसरों ने स्कूलों में एक अप्रैल से ऑनलाइन हाजिरी शुरू करने का दावा किया था, लेकिन अभी तक टैबलेट से हाजिरी लगनी शुरू नहीं हो सकी है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार का कहना है कि अभी तक पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति आदि मांगों को पूरा नहीं किया गया है। जब तक मांगों को लेकर सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाते, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था को स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। यूटा के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह का कहना है कि शिक्षकों पर लगातार ऑनलाइन संबंधी कार्य थोपे जा रहे हैं।

इससे लगातार शिक्षकों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। इस वजह से शिक्षक परेशान हैं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था को लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

गुरुवाणी कीर्तन कर संगत को किया निहाल

बरेली, अमृत विचार : खालसा पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को इलाही कीर्तन कौंसिल के रागी जत्थों ने एक ही मंच से सामूहिक रूप से गुरुवाणी कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया।

मॉडल टाउन गुरुद्वारे में रागी भाई गुणतास सिंह ने शबद अमृत नाम तुम्हारा प्यारे साधसंगि रस पाइआ, रागी भाई हरप्रीत सिंघ ने शबद जागति जोत जपै निस बासुर एक बिना मन नैक न आने गायन कर सब का मन मोह लिया। संगत ने इलाही कीर्तन दरबार का आनंद लिया। सभी ने गुरु का लंगर छका। संचालन मालिक सिंह ने किया। गुरदीप सिंह बग्गा, राजेंद्र सिंह, राणा प्रताप सिंह, हरनाम सिंह, मंदीप सिंह, बलविंदर सिंह, अमनदीप सोढ़ी, गुरप्रीत बग्गा आदि मौजूद रहे। इससे पहले खालसा साजना दिवस के कार्यक्रम की शृंखला में खालसा क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ, जिसमें चार टीम के बीच मुकाबले हुए। फाइनल मुकाबला सूरमा इलेवन और खालसा इलेवन के बीच हुआ। इसमें सूरमा इलेवन विजेता रहा।

मॉडल टाउन गुरुद्वारे में कीर्तन करते रागी जत्थे। ● अमृत विचार

दूध के दांत समझकर अनदेखी न करें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ओरल हेल्थ माह के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से किया जा रहा जागरूक

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि बदलते परिवेश में लोग अपने दिल, आंख, नाक, कान, त्वचा आदि के बारे में काफी ध्यान रखते हैं पर कहीं न कहीं जागरूकता की कमी की वजह से अपने मुंह के स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं। जीभ और दांतों की सफाई का सही से ध्यान नहीं रखते हैं। लोग शौक से चॉकलेट, फास्टफूड, डिब्बा बंद खाना, मीठा, गुटखा, पान मसाला खाते हैं और कोल्ड ड्रिंक पीते हैं लेकिन दांतों की देखभाल नहीं कर पाते हैं। इसकी वजह से बीमारियां होती हैं। हम बच्चों के दांतों की यह सोचकर अनदेखी करते हैं कि अभी दूध के दांत हैं और टूट कर पक्के दांत आएंगे या खुद ठीक हो जाएंगे, जबकि वह आगे चलकर अन्य समस्याओं को जन्म देते हैं।

इसके अलावा समय की कमी, काम में व्यस्तता की वजह से लोगों को ओरल हाइजीन का सही पता नहीं होता है। कुछ लोग तो गंदे दांतों को शर्म कर की वजह से डॉक्टर को नहीं दिखाते हैं।

पांच अंशकालीन प्रशिक्षकों का अनुबंध बढ़ाया

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय के निर्देश पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंशकालीन पांच प्रशिक्षकों के अनुबंध का नवीनीकरण किया गया है। स्टेडियम में बॉक्सिंग और लॉन टेनिस के कोच की तैनाती हो गई है। अधिकारियों के अनुसार नए सत्र में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। 60 से अधिक खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। स्टेडियम में फुटबॉल के स्थाई कोच एवं उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, वेटलिफ्टिंग में हरिशंकर चंद्रा, जिम्नास्टिक में राजेश यादव, लॉन टेनिस में मीनू पांडेय, वालीबॉल में अभिलाषा यादव, क्रिकेट में अमित यादव, बॉक्सिंग में मुकेश यादव और बास्केटबॉल में सोनेंद्र श्रोतिया खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देश पर अनुबंध बढ़ाया गया है।

बिना पेन के स्कूल में छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा मान्य

बरेली, अमृत विचार : कक्षा एक से 12 वीं तक के छात्रों के लिए पेन (पर्सनल एजुकेशन नंबर) जरूरी कर दिया गया है। यू-डायस प्लस पोर्टल पर संबंधित स्कूल के कोड के तहत बच्चे का सामान्य, नामांकन और फैसिलिटी प्रोफाइल दर्ज करने पर पोर्टल से पेन नंबर जारी होगा। इस नंबर के बिना स्कूल में छात्रों का रजिस्ट्रेशन मान्य नहीं होगा। नए शैक्षिक सत्र में पोर्टल के ट्रांसफर सर्टिफिकेट मॉड्यूल से जारी टीसी मान्य होगी। अगर किसी स्कूल का छात्र यू-डायस से जारी पेन से वंचित रह जाता है तो उसकी गणना किसी भी सरकारी रिकार्ड में नहीं हो सकेगी। ऐसे छात्र को किसी भी प्रकार का सरकारी अनुदान और छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही किसी शासकीय प्रतियोगी परीक्षा या मान्य विद्यालय में पंजीकरण भी नहीं होगा। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर इस संबंध में सभी राजकीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभी तक भवन नहीं हो सका हैंडओवर, स्मार्ट सिटी ने कराया था निर्माण

करोड़ों खर्च करके बनाए गए मल्टी परपज हॉल में ताला

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में करोड़ों रुपये खर्च कर मल्टीपर्पज हॉल बनवा दिया गया है, लेकिन भवन के हैंडओवर की प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इस वजह से हॉल में ताला पड़ा है। इससे खिलाड़ियों में मायूसी छाई है।

2021 में स्मार्ट सिटी के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम में मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण शुरू हुआ था। निर्माण पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 2023 में निर्माण पूरा हो गया। मुख्यमंत्री ने इसका उद्घाटन किया था। उम्मीद थी कि नए सत्र में हाल खिलाड़ियों के लिए खोल दिए जाएगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। वर्तमान में हॉल में ताला लटका है।

बंद पड़ा मल्टीपरपज हॉल।

यह सुविधाएं हैं उपलब्ध

मल्टीपर्पज हॉल में करीब 350 लोगों के बैठने की सुविधा है। इसमें रेसलिंग, ग्रेपलिंग, बॉक्सिंग, जूडो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हैंडबॉल, वालीबॉल, बास्केटबॉल आदि खेलों के लिए विशेष कोर्ट तैयार किया गया है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि स्मार्ट सिटी की ओर से अभी तक मल्टीपर्पज हाल को लेकर कोई पत्राचार नहीं किया गया है। न ही अभी हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू की गई है।

कोच ही नहीं जरूरी संसाधनों की भी कमी

बरेली, अमृत विचार : गांवों के खेल मैदान से लेकर स्टेडियम में कोच के साथ जरूरी संसाधनों की कमी है। प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार को खेल सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत है। स्कूल स्तर भी खेलों को बढ़ावा दिया जाए। अंतर राष्ट्रीय खेल दिवस पर कई खिलाड़ियों ने अमृत विचार से बातचीत में ये बातें कहीं।

लंबे समय से नहीं मिला कोई पदक : पिछले साल सेपक टाकरा में बरेली निवासी खुशबू ने अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता था। इससे पहले थाईलैंड में हुए किंग्स कप में बरेली के लकी कुमार ने पदक हासिल किया था।

फिलहाल, काफी समय से जिले के खिलाड़ियों को अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पदक का इंतजार है।

खेलों पर ध्यान देने की जरूरत है। पदक तभी मिलेगा, जब प्रतिभाओं को तराशा जाएगा, लेकिन यहां संसाधनों की कमी है। **ज्योति गिरी,** हॉकी खिलाड़ी

सरकार की ओर से खिलाड़ियों को सुविधाओं के नाम पर सिर्फ भवन बनाकर दे दिया जाता है। एक खिलाड़ी को किन संसाधनों की जरूरत होती है, इसपर ध्यान नहीं दिया जाता है। **नुमान,** क्रिकेटर

खिलाड़ियों की सबसे बड़ी समस्या जिला स्तर पर संसाधन और कोच की कमी है। स्थाई कोच की व्यवस्था होनी चाहिए। **-पुनीत,** फुटबॉल खिलाड़ी

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306

120 साल पुराने डैम के लिंटर में दरार, 50 गांवों का रास्ता बंद

एक तरफ की बीम भी लटकी, हादसे की आशंका से लोग परेशान

संवाददाता, दुनका

अमृत विचार : शीशगढ़ धनेटा रोड पार्वती ढकिया गांव के बीच कुली नदी पर अंग्रेजों के समय में बने डैम के लिंटर में दरार आ गई है, इससे ग्रामीणों को हादसे का डर सताने लगा हैं।

वहीं जानकारी होने पर पुलिस ने सड़क पर पत्थर रखकर बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी हैं। अब केवल दोपहिया वाहन चालक ही यहां से निकल पाएंगे। इसी डैम से लगभग पचास गांवों के लोग निकलते है। डैम की एक तरफ की बीम भी लटक गई हैं। किसानों की गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली भी इसी रास्ते से निकलती है। 8 साल पहले डैम की रेलिंग टूटने से अरविंद गंगवार की ट्रैक्टर ट्रॉली पानी में गिर गई थी। गोकलपुर निवासी हरीश कुमार गंगवार ने बताया अगर डैम टूट गई तो क्षेत्र वासियों के साथ-साथ ब्लॉक मुख्यालय जाने वाले हजारों लोगों को असुविधा होगी। धर्मपुरा निवासी वाहिद खान ने बताया यह डैम 1906 में बना था। यह रास्ता बंद होने से क्षेत्र वासियों को से 15 किमी का सफर ज्यादा करके जाना पड़ेगा।

डैम में दरार आने से लटकने लगी हैं बीम। ● अमृत विचार

सड़क पर आई दरार।

लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी तांत्रिक को सात साल की कैद

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी बदायूं दातागंज निवासी तांत्रिक लटूरी (80) को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट राम दयाल ने सात वर्ष कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि 4 जुलाई 2015 को लटूरी आया और बेटी के पेट दर्द को झाड़ा लगाकर ठीक करने की बात कहकर ईख के खेत में ले गया। उसने कहा कि जब तक न लौटूं तब तक वह खेत किनारे धूपबत्ती को बुझने न दें। उसने खेत में बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की बाहर निकली तब सारी बात बतायी। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। शासकीय अधिवक्ता ने नौ गवाह पेश किये थे।

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म पर 10 साल कैद

विधि संवाददाता, बरेली

- दिसंबर 2020 में गन्ने के खेत में खींचकर ले गया था आरोपी जान से मारने की दी थी धमकी

अमृत विचार : नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी थाना शेरगढ़ थाना क्षेत्र निवासी प्रवेश को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हरिप्रसाद ने 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 11 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई। जुर्माने से 10 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 2 दिसम्बर 2020 को 10 बजे बेटी घर से खाना लेकर मजदूर को देने खेत पर गयी थी। लौटते समय पुत्री को आरोपी खींचकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर मारपीट की और बोला कि अगर घटना के बारे में किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, मारपीट, धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए।

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सार-संक्षेप

आला हजरत एक्सप्रेस में फौजी को पड़ा दौरा

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर गुरुवार देर रात आला हजरत एक्सप्रेस के अंदर एक फौजी बेहोश मिला। उसे सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फौजी को दिल का दौरा पड़ा था। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि 14322 आला हजरत के कोच संख्या बी-4 की बर्थ नंबर- 24 पर कोई यात्री बेहोशी की हालत में है। उप निरीक्षक चांदनी, हेड कांस्टेबल रामेश्वर और जीआरपी एस्कॉर्ट स्टाफ मौके पर पहुंचा और यात्री को ट्रेन से नीचे उतारा गया। मौके पर रेलवे के डॉक्टर पहुंचे और जिला अस्पताल भेजने की बात कही। जंक्शन पर एमसीओ ने फौजी को सेना अस्पताल भेजा। यात्री की पहचान पूर्ण सिंह के रूप में हुई। वह जाट रेजीमेंट में तैनात हैं। वह जयपुर से बरेली ड्यूटी ज्वाइन करने आए थे। परिजनों के मुताबिक पूर्ण सिंह को दौरे पड़ने की बीमारी है।

घटिया सामग्री से मकान बनाने पर एफआईआर

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में ठेकेदार ने महिला से लाखों रुपये लेकर उसके मकान में घटिया सामग्री लगा दी। महिला ने ठेकेदार और आर्किटेक्ट के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उत्सव, महानगर निवासी मीनू गंगवार ने बताया कि उन्होंने गंगा एन्क्लेव स्थित प्लॉट पर मकान बनवाने के लिए नवजोत सिंह निझावन और आर्किटेक्ट जसकीरत को 30 लाख 27 हजार रुपये में ठेका दिया था। ठेकेदार और आर्किटेक्ट ने मैटेरियल समेत मकान बनाने का ठेका लिया था। उनके पिता की तबीयत खराब थी, इसलिए वह मकान देखने नहीं जा पाई। ठेकेदार ने लिंटर डालने और मकान बनाने में घटिया सामग्री लगा दी। शिकायत करने पर ठेकेदार ने जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी।

आलू दिलाने का झांसा देकर व्यापारी से डेढ़ लाख ठगे

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित डेलापीर सब्जी मंडी के कारोबारी से बदायूं के युवक ने आलू दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के आजमनगर निवासी इरफान ने बताया कि सब्जी मंडी में जमाल एंड कम्पनी के नाम से उनकी फल और सब्जी की दुकान है। बदायूं के चंदन नगर निवासी शिशुपाल से उनकी जान-पहचान थी। आरोप है कि शिशुपाल ने अपने रिश्तेदारों से आलू दिलवाने का झांसा देकर उनसे डेढ़ लाख रुपये एडवांस ले लिए। जब आलू नहीं मिले तो उन्होंने पैसे मांगे। इस पर इरफान ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

ट्रेन से टकराकर पांच गोवंशीय पशुओं की मौत

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में मानपुर फाटक के पास शुक्रवार सुबह बाघ एक्सप्रेस से गोवंशीय पशुओं का एक झुंड टकरा गया, जिसमें पांच गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। गोरखपुर से काठगोदाम जाने वाली बाघ एक्सप्रेस लखनऊ की ओर से आ रही थी। ट्रेन सुबह 5:15 बजे बिथरी के मानपुर फाटक के पास पहुंची तो अचानक से गोवंशीय पशुओं का झुंड रेलवे लाइन पर आ गया। लोको पायलट ने हॉर्न भी बजाया तो गोवंशीय पशुओं ने ट्रैक पर ही दौड़ना शुरू कर दिया। इस बीच करीब आठ से दस पशु ट्रेन से टकरा गए, जिनमें पांच की मौत हो गई। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन रोकी तो तीन यात्री झटका लगने से सीट से गिर गए। करीब 500 मीटर तक पशुओं के अवशेष रेल पटरी पर बिखर गए। रेलवे कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक क्लियर किया। इस दौरान आधा घंटा ट्रेन खड़ी रही।

जमानत पर बाहर आए युवक ने युवती से की छेड़छाड़

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में जमानत पर बाहर आए युवक ने मुकदमा वापस न लेने पर युवती से छेड़छाड़ की। उसने विरोध पर युवती को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। सीबीगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि उसने हाफिजगंज के तसलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने तस्लीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह जमानत पर जेल से बाहर आया। आरोप है कि वह गुरुवार शाम को तहसील परिसर में तसलीम ने मुकदमा वापस लेने की धमकी दी और विरोध करने पर छेड़छाड़ की और हाथ भी मोड़ दिया। तस्लीम के साथ उसका साथी फईम भी था।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, फाड़े कपड़े

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में एक युवती के घर में घुसकर युवक ने छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर भाई को तमंचे की बट से घायल कर दिया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के मुताबिक पुराने रोडवेज के पास रहने वाला गुड्डू कश्यप उर्फ अभिषेक रास्ते में आते-जाते उसके साथ छेड़छाड़ करता है। जिसका उसने कई बार विरोध किया और थाने में भी शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि एक अप्रैल की शाम चार बजे आरोपी उसके घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए। भाई के आने पर तमंचे की बट से उसपर वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उनकी मां अभिषेक की शिकायत करने उसके घर गईं। वहां अभिषेक ने मारपीट की।

कन्सिलिएशन की सुनवाई में तीन प्रतिवादी नहीं आए

बरेली, अमृत विचार : कमिश्नरी सभागार में शुक्रवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में फेसिलिटेशन काउंसिल की बैठक हुई। काउंसिल के सामने आर्बिट्रेशन के 11 मामलों में 2,44,63,765 और कन्सिलिएशन के लंबित 10 मामलों में 2,15,90,315 भुगतान के लिए सुनवाई हुई। बैठक में वादी और प्रतिवादी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी प्रतिभाग कराया गया। आर्बिट्रेशन के तहत तीन मामलों में 1,72,33,869 की धनराशि भुगतान के लिए तय की गई। वहीं कन्सिलिएशन की सुनवाई के दौरान 10 मामलों में से तीन में प्रतिवादी गैर हाजिर रहे। ऐसे में आगामी बैठक के लिए एसएसपी के माध्यम से नोटिस तामील कराने और मामले को रखे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में फेसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य दिनेश गोयल, एसके सिंह और संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला मौजूद रहे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

धूमधाम से निकली राजगद्दी शोभायात्रा जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल

बैंडबाजे की धुन पर झूमते रहे श्रद्धालू, रास्ते भर गूंजे श्रीराम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बड़ी बमनपुरी में चल रही रामलीला में रावण वध मंचन के बाद शुक्रवार को धूमधाम से राजगद्दी शोभायात्रा निकाली गई। मेयर उमेश गौतम ने देव स्वरूपों की आरती उतार कर शोभायात्रा को रवाना किया। नृसिंह मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। इस दौरान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे।

शोभायात्रा में बैंड बाजे की धुन और भजनों पर लोग झूम रहे थे। सबसे आगे श्रद्धालु चल रहे थे, उसके पीछे गंगा मां की झांकी चल रही थी। कलाकार हनुमान, राधाकृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। देव स्वरूपों की झांकियां लोगों का ध्यान खींच रही थीं। बड़ी बमनपुरी से निकली शोभायात्रा को बिहारीपुर ढाल पर पहुंचने में काफी समय लग गया।

जगह-जगह श्रद्धालुओं ने राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूपों की आरती उतारी। शोभायात्रा घंटाघर, जिला अस्पताल रोड, कालीबाड़ी, शहामतगंज, आलमगिरीगंज, बड़ा बाजार आदि स्थानों से निकली। इस दौरान व्यापारियों ने पुष्पवर्षा की। साहूकारा फाटक पर श्रीराम भरत मिलाप का मंचन हुआ। देर शाम शोभायात्रा किला होते हुए बमनपुरी में नृसिंह मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।

बमनपुरी में लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कमेटी के अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी, राजू मिश्रा, विशाल मेहरोत्रा, विवेक शर्मा, अंशु सक्सेना, नवीन शर्मा, अंकुर रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, बंटी रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, पं. सुरेश कटिहार, दिनेश, दीपेन्द्र वर्मा, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

राजगद्दी शोभायात्रा में बैंडबाजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी।

जब तक शरीर है भजन गाऊंगा मनोरंजन नहीं करूंगा : नंदू भैया

बरेली, अमृत विचार : प्रख्यात भजन गायक नंदकिशोर शर्मा नंदू भैया ने कहा कि रैंप पर गाए जा रहे भजन परमात्मा के लिए नहीं मनोरंजन के लिए गाए जा रहे हैं। जब तक मेरा शरीर चलेगा, मैं भजन गाऊंगा, लेकिन मनोरंजन नहीं करूंगा।

शहर में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने धर्म के नाम पर हो रहे दिखावे पर कहा कि लोग राम को मानते हैं, लेकिन राम की नहीं मानते हैं।

वह शनिवार को त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में श्याम परिवार की ओर से आयोजित श्याम गुणगान महोत्सव में भजनों की रसधार से भक्तों को सराबोर करेंगे। उन्होंने समाज में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस माता पिता ने बेटे को अपना पूरा जीवन दे दिया, उसी के लिए बेटे के पास समय नहीं है। बताया कि लोग मंच पर कीर्तन कर रहे हैं लेकिन अपना अहम भी दिखा रहे हैं। बोले आध्यात्मिक जगत अहम दिखाने का नहीं, नीचे जाने का है। लोग बड़ा बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें छोटा बनना नहीं आता। जिसे छोटा बनना आता है वही बड़ा है। इस दौरान नरेंद्र मित्तल, नीरज अग्रवाल, प्रशांत जौहरी, विक्रम अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, बीएम सोनी, श्याम बिहारी गोयल आदि मौजूद रहे।

● त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में श्याम गुणगान महोत्सव आज

केवट संवाद-भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : बड़े बाग हनुमान मंदिर में चल रही राम कथा में शुक्रवार को आचार्य अमरदेव तिवारी ने केवट संवाद और भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया। शनिवार को कथा के आखिरी दिन राम की अयोध्या वापसी की कथा सुनाई जाएगी।

दिनचर्या में जरूर दें खेलों को स्थान

● एसआरएमएस सीईटीआर में वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुरू

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च स्थित स्पोर्ट्स ग्राउंड में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन हुआ, जिसकी शुरुआत आदित्य मूर्ति ने करते हुए कहा कि दिनचर्या में खेल को जरूर स्थान दें। विद्यार्थियों के ग्रुप वर्व और कैरिंग हैंड्स क्लब के अध्यक्ष पूजा आर्य और कुमारी रिया ने अतिथियों का स्वागत किया। सीईटीआर, ला और नर्सिंग के करीब ढाई सौ खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट निकाला। विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस और ड्रिल के जरिये खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। बास्केटबाल, वालीबाल, चेस, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, क्रिकेट और खोखो के इवेंट हुए। इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ.एलएस मौर्य, डॉ.सुशील कुमार शर्मा, डॉ.मुत्थु महेश्वरी, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डा.आरती सिंह आदि मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

कश्यप परिवार ने निकाली भव्य शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: महर्षि कश्यप जयंती और निषाद राज गुहा जयंती पर शुक्रवार को कश्यप परिवार के लोगों ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा की शुरुआत संरक्षक सांसद धर्मेंद्र कश्यप और विधायक संजीव अग्रवाल ने की।

अतिथियों ने महर्षि कश्यप के विचारों को जीवन में उतारकर शैक्षिक और सामाजिक स्तर पर मजबूत बनने की सलाह दी। एकजुटता पर जोर दिया। शोभायात्रा बिहारीपुर चमन मठिया से शुरू हुई। झांकियों का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक शशि भूषण कश्यप, अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, पंकज कश्यप आदि मौजूद रहे। वहीं, भगवान महर्षि कश्यप की शोभायात्रा और कलश यात्रा भी निकाली गई। कलश यात्रा मठिया बिहारीपुर, पुलिस चौकी बिहारीपुर, मलूकपुर पुलिस चौकी आदि स्थानों से होकर गुजरी। कार्यक्रम में अध्यक्ष राकेश कश्यप ,अर्जुन कश्यप, अजय चिंटू गौरव , अरुण कुमार, गंगादीन कश्यप, दीपू कश्यप, राजीव काय, राम कश्यप , राम कश्यप, सचिन सुनील कश्यप, रामआसरे कश्यप आदि मौजूद रहे।

झांकी की आरती उतारते सांसद धर्मेंद्र कश्यप, विधायक संजीव अग्रवाल।

● लोगों ने जगह जगह झांकियों का किया स्वागत

शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ओपीडी परिसर में स्तनपान कक्ष की स्थापना

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल ओपीडी परिसर में स्तनपान कक्ष की स्थापना की गई है। इससे अब महिलाओं को बच्चों को स्तनपान कराने में दिक्कत नहीं आएगी। ओपीडी में आने वाली महिलाएं बच्चे को भूख से तड़पने के बाद भी स्तनपान कराने से कतराती थीं। चूंकि ओपीडी में मरीजों की भीड़ होती थी। इस कारण महिलाओं को बच्चों को स्तनपान कराने में दिक्कत होती थी। वे खुद को असहज महसूस करती थीं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत स्तनपान कक्ष की स्थापना की गई है। महिलाएं इस कक्ष में जाकर बच्चे को स्तनपान करा सकती हैं।

प्रसार शिक्षा को बढ़ावा देगा आईवीआरआई

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में शुक्रवार को प्रसार परिषद की 25 वीं बैठक हुई, जिसमें प्रसार शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने प्रसार गतिविधियों की समीक्षा भी की। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक कृषि शिक्षा डा. यूके गौतम ने कहा कि हमें विकसित तकनीकों तथा नैदानिकों को ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों तक पहुंचाना होगा। संस्थान निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि अब आने वाले समय में हमें प्रसार शिक्षा को और मजबूत बनाना होगा। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि संस्थान की ओर से सूकर पालकों के लिए सूकर फार्मिंग पर एक चैट वाट का निमार्ण किया जाएगा। कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान अटारी कानपुर के निदेशक डा. शान्तनु कुमार दुबे, डॉ. केपी सिंह आदि मौजूद रहे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मतदान की शपथ ली

बरेली, अमृत विचार : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यालय पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक एवं सदस्य डॉ. डीएन शर्मा ने सभी कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कुमार जैन और संचालन जिला मंत्री इंजीनियर देवदत्त पचौरी ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष तापस कुमार मिश्रा, चेयरमैन संघर्ष समिति डॉ. अंचल अहेरी, विकास भवन कल्याण संघ से विवेक दुबे, विमल वशिष्ठ, जगपाल भाटी, सुभाष कुमार, ललित मोहन, संजय शर्मा, अशोक गंगवार, किशन स्वरूप, राजीव शर्मा, दीनदयाल रस्तोगी, पुष्कर मिश्रा, सर्वेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

स्वाइन फ्लू से बचाव को ड्रग वेयर हाउस भेजी गईं 200 डोज

बरेली, अमृत विचार : स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए ड्रग वेयर हाउस में वैक्सीन की 200 डोज भेजी गई हैं। शासन की गाइडलाइन के अनुसार सबसे पहले फ्रंट लाइन वर्कर यानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि 100 डोज के लिए ड्रग वेयर हाउस को मांग पत्र भेजा गया है। स्वाइन फ्लू क्या है, इससे बचाव क्यों जरूरी है आदि बिंदुओं पर शनिवार से अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कर्मियों को वैक्सीन लगाई जाएगी।

FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
• Tele Callers (F)
• Business Executives(M)
• Social Media Exe.(F)
For Bareilly, Budaun, Pilibhit, Shahjahanpur, Lakhimpur
MBA, Fluent in English (Exp. in Academic)
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
07 April, 2024
11:00am to 2:00pm
City Office: D-46, IInd Floor, Butlar Plaza, Bareilly
Ph.:9917480040

फ्री डेन्टल इलाज
स्थान:- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत वाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराह के पास विचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :– 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ
06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाऐं
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दातों की सफाई
★ मुफ्त दातों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट – बच्चों के दाँतो के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वार्ड सं. 50 जनकपुरी में सफाई नायक के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन की किताब फार्म नं. B-2 किताब संख्या 6884 कहीं गिर गई है। सफाईनायक ब्रिजेश कुमार पुत्र रामऔतार, वार्ड नं. 50, जनक पुरी, नगर निगम, बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तेजपाल के आर्मी दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 10.08.1963 दर्ज हो गई है जबकि मेरी वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1967 है। राजेश्वरी देवी पत्नी स्व. समुद्रपाल निवासी ग्राम परधोली पोस्ट बोहित जिला बरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र मोहित कुमार को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। करन सिंह पुत्र भोलानाथ निवासी ग्राम सैदूपुर कुर्मियान केसरपुर, बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र संचित शर्मा को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। सन्तोष कुमार पुत्र रामरक्षपाल निवासी ग्राम व पोस्ट गढ़िया रंगीन तहसील तिलहर जिला शाहजहाँपुर।

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

बाइक के आगे आया कुत्ता, चार लोग घायल

आंवला, अमृत विचार : बाइक के आगे अचानक कुत्ते के आ जाने से चालक नियंत्रण खो बैठा और बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिससे बाइक सवार दो बच्चों समेत 4 लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। बिसौली के गांव सिचौली निवासी शिवनारायण बाइक से बहन कलावती और उसके बच्चे भावना और कौशल को ग्राम बहरौली पहुंचाने जा रहा था। आंवला-बिसौली रोड के मनौना गांव के समीप बाइक के आगे एक कुत्ता आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे चारों लोग घायल हो गए।

कटीले तारों की चपेट में आने से बच्चा घायल

मीरगंज, अमृत विचार : जानवरों से फसल को बचाने के लिए लगाए गए कटीले तार की चपेट में आने से एक बच्चा घायल हो गया। शुक्रवार को मिस्कत रजा (7) खेत पर गया था। खेत पर लगे कटीले तारों की चपेट में आने से वह घायल हो गया। जिसे सीएचसी ले जाया गया, हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शिशु की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट सौंपी

बहेड़ी, अमृत विचार : 29 मार्च को कस्बे एक अस्पताल में प्रसव के दौरान लापरवाही की वजह से नवजात की मौत की शिकायत पर सीएचसी प्रभारी डा. अजमेर सिंह ने जांच की। महिला को अस्पताल लाने से पूर्व किसी दाई से इलाज कराया गया था। उन्होंने कहा कि, नवजात की मौत भी अस्पताल से प्रसूता को ले जाने के बाद हुई। सीएचसी प्रभारी ने रिपोर्ट सीएमओ को भेज दिए गए हैं।

धौराटांडा में आज तीन घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

भोजीपुरा, अमृत विचार : धौराटांडा विद्युत उपखंड कार्यालय के उप विद्युत अभियंता राजू सागर ने बताया कि शनिवार को बिजली घर पर अनुरक्षण का कार्य किया जाएगा जिसके कारण 11 बजे से दो बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

धोखे से जमीन का कराया इकरारनामा

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी के गांव राजू नगला निवासी मीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि, उसके पति ने अपने हिस्से की जमीन सिमरा के एक व्यक्ति को 19 लाख रुपये में बेची थी। सौदा किए जाने के दौरान दोनों पक्षों के गवाहों की मौजूदगी में स्टांप पेपर पर सौदा लिखा गया था। आरोप है कि 29 जनवरी को खरीदार ने पति के अनपढ़ होने का फायदा उठाकर 7.18 लाख में जमीन का सौदा दर्शाकर इकरारनामा करा लिया। विरोध करने पर गाली गलौज की और उसके पति पिटाई कर दी। महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

शांतिपूर्ण माहौल में हुई अलविदा की नमाज

बहेड़ी, अमृत विचार : माहे रमजान के पाक मौके पर ईद से पहले शुक्रवार को नगर की सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज बड़े ही अकीदत और अमन चैन के साथ हुई। आला हजरत मस्जिद, रेलवे स्टेशन वाली मस्जिद, बशीरी मस्जिद, बाई पास रोड टांडा मस्जिद समेत सभी प्रमुख मस्जिदों में अकीदतमंदों ने अलविदा की नमाज पढ़ी। इस अवसर पर प्रशासन व पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहीं।

धूल उड़ाते जा रहे वाहनों को ग्रामीणों ने रोका, लगा जाम

भट्ठा मालिक के पानी छिड़काव के आश्वासन पर माने ग्रामीण

संवाददाता, दुनका

अमृत विचार : धूल उड़ाकर निकलते कच्ची ईंट लदे वाहनों को ग्रामीणों ने सड़क पर बल्ली लगाकर रोका लिया, इससे जाम के हालात बन गए। करीब दो घंटे तक राहगीर और वाहन चालक परेशान होते।

औरंगाबाद के लोगों ने शुक्रवार सुबह 9 बजे रोड पर बल्ली लगाकर रास्ता बंद कर दिया, इससे जाम लग गया। ग्रामीणों और ईंट भट्ठा मालिक में समझौते के बाद जाम खुल पाया। भट्ठा स्वामी की गांव के पीछे जमीन में ईंट बनती है वाहनों से कच्ची ईंट को भट्टे पर पहुंचाया जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है भट्टे के वाहन तेजी से चलते है, इससे बहुत धूल उड़ती है जो घरों में पहुंचती है ।

परेशान लोगों ने कई बार भट्ठा मालिक को वाहनों से धूल उड़ने की जानकारी दी गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह बल्ली लगाकर रास्ता जाम कर दिया था। भट्ठा मालिक मनोहर लाल शर्मा ने बताया ग्रामीणों ने धूल उड़ने की शिकायत पर रास्ता बंद कर दिया था मैं कल से सड़क पर पानी का छिड़काव करा दूंगा। प्रधान रमेश चंद्र दिवाकर ने बताया वाहन चालक तेज गति धूल उड़ाते निकलते है। प्राइमरी स्कूल में पढ़ते बच्चों तक धूल पहुंचती है। मैंने स्कूल की धुलाई कराई है। भट्ठा स्वामी को कई बार अवगत कराया गया है। परेशान ग्रामीणों ने आज रास्ता जाम कर दिया था अब पानी का छिड़काव कर वाहन निकलेंगे जिससे आम जन को परेशानी न हो।

ईंट लदे वाहनों को रोककर खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

सांस लेने में होती है परेशानी : ग्रामीणों का कहना है कि पूरे दिन धूल उड़ने से घरों में धूल भर जाती है, इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी होती हैं। वहीं लोगों में खांसी और एलर्जी की बीमारी फैल रही हैं।

ठेकेदार ने खोदकर छोड़ी सड़क, लोग हो रहे घायल

खराब पड़ी सड़क जिससे राहगीरों को रही परेशानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शीशगढ़

अमृत विचार : शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर पीडब्लूडी ने सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार ने सड़क के दोनों तरफ खोदाई कर उसमें पत्थर डालकर सड़क को समतल किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने नगर पंचायत शीशगढ़ के स्वागत द्वार से लेकर नगर पंचायत कार्यालय तक सड़क को दोनों तरफ से खोदकर छोड़ दिया है। 20 दिन बाद भी ठेकेदार ने अभी तक उसे समतल नहीं कराया। कस्बे का यह मुख्य मार्ग है, यहां से दो पहिया वालों को निकलने में काफी परेशानी हो रही हैं। ऊबड़- खाबड़ सड़क होने से लोग गिरकर घायल हो रहे हैं, वहीं ई रिक्शा के साथ ही चार पहिया वाहनों के पलटने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों की शिकायत पर इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने भी एसडीएम मीरगंज से शिकायत कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। एसडीएम मीरगंज ने अधिशासी अभियंता से बात कर समाधान कराने की बात कहीं है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है, ठेकेदार से कहकर जल्द कार्य कराया जाएगा। एसडीएम मीरगंज देश दीपक सिंह ने बताया कि मुझे इंस्पेक्टर शीशगढ़ ने भी बताया है। मैं अधिशासी अभियंता से कहकर कार्य को जल्द कराने को कहूंगा।

किसानों की सात बीघा फसल जलकर राख

संवाददाता, सेंथल

अमृत विचार : ग्राम डंडिया फैजुल्ला में खेत में आग लगने से चार किसानों की 7 बीघा फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने खेतों को जोतकर आग पर काबू पाया। किसानों ने मुआवजे की मांग की है।

नवाबगंज के टांडा सादात गांव निवासी शकील अहमद, कलाम, कमर और बरेली निवासी रहीस अहमद के ग्राम डंडिया फैजुल्ला में बराबर-बराबर में खेत हैं। गुरुवार शाम किसी तरह खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

तेज हवा में आग की लपटें बढ़ती देख किसानों ने ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग को आगे बढ़ने से रोका। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक किसान नबी अहमद, कलाम, शकील अहमद और कमर की 7 बीघा फसल जलकर खाक हो गई। आग कैसे लगी इसका कारण पता नहीं लग सका है। हल्का लेखपाल ने मौके पर जाकर जांच की।

बच्चों के सामने अध्यापकों में मारपीट

संवाददाता, देवरनियां

- मारपीट के दौरान स्कूल में सहमे रहे बच्चे,दोनों में समझौता
- सूचना पर पहुंची पुलिस, बीईओ ने प्रधानाध्यापिका से मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार: ब्लॉक मुख्यालय से सटे दमखोदा प्राइमरी स्कूल में बच्चों के सामने शिक्षकों ने मर्यादा भूलकर मारपीट करने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। यह सब देखकर बच्चे सहमे रहे। पूरे मामले की बीईओ ने रिपोर्ट तलब की है।

दमखोदा का प्राइमरी स्कूल ब्लॉक मुख्यालय से सटा हुआ है। यहां पर प्रधानाध्यापिका समेत तीन अध्यापक और तीन शिक्षामित्र तैनात हैं। गुरुवार को यहां तैनात सहायक अध्यापक आजाद सिंह और शिक्षामित्र गनपतराम की रिजल्ट पर हस्ताक्षर करने को लेकर पहले प्रधानाध्यापिका माया गंगवार से नोकझोंक हो गई,इसके बाद आजाद सिंह और गनपतराम आपस मे भीड़ गए, नौबत गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गई। स्कूल में आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा।

इस दौरान बच्चे सहमे रहे। शोर-शराबे को सुनकर गांव के कुछ लोग भी पहुंच गए। इस बीच गनपतराम ने डायल 112 पर फोन कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। इसके बाद प्रधानाध्यापिका के शिक्षा नेता पति प्रमोद गंगवार और अन्य लोग स्कूल पहुंचे,और मामले को रफा-दफा करा दिया। मामले में प्रधानाध्यापिका माया गंगवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो मामला था वह अब निपटा दिया गया है।अब कोई बात नहीं है। वहीं ब्लाक के खंड शिक्षाधिकारी प्रेमसुख गंगवार ने मामला संज्ञान में आने के बाद इस पूरे मामले की प्रधानाध्यापिका से रिपोर्ट तलब की है।

रुपये वापस मांगने पर भाई और भतीजों ने पीटा

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : उधार दिए रुपये वापस मांगने पर भाई और उसके बेटों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया।पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा। कस्बे के मोहल्ला सराय निवासी अकलीम ने भाई रहीश को करीब तीन लाख रुपये उधार दिए थे। जिनमें से कुछ पैसे वापस देने के बाद 70 हजार रह गए थे। शुक्रवार शाम करीब 5 :15 बजे अकलीम ने बचे 70 हजार रुपये वापस मांगे तो उसने मना कर दिया। आरोप है रहीस और उसके बेटों ने पीटकर अकलीम को लहूलुहान कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की महिला ने थाने पहुंचकर मारपीट के आरोप को गलत बताते हुए कहा चोट धक्का मुक्की में गिरकर सिर दीवार में लगने से लगी है। पुलिस ने उसकी बात को सत्य नहीं माना तो उसने काफी हंगामा किया।

वालीबॉल खेलने के दौरान मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज, अमृत विचार : वालीबॉल खेलने के दौरान एक युवक से चार लोगों ने मारपीट की उसे बचाने उसका चचेरा भाई आया तो आरोपी भाग गए। ग्राम मोहम्मदगंज निवासी अजीत ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह वालीबॉल खेल रहा था, इसी दौरान गांव के ही चार लोग गाली देते हुए उससे मारपीट करने लगे। उसे बचाने को उसका चचेरा भाई आया तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेश,रोहित, नरेंद्र और सचिन निवासी ग्राम मोहम्मदगंज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

पुलिस ने 160 ग्राम अफीम के साथ तस्कर को दबोचा

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा पुलिस ने गुरुवार रात चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा तलाशी में उसके पास से 160 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम सत्यवीर निवासी डैडूली फरीदपुर बताया, उसे अफीम बरेली पहुंचना था, इससे पहले पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सड़क हादसे में युवक की मौत परिजन बोले-मारकर फेंका

बहेड़ी, अमृत विचार : सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं परिजनों ने हत्याकर शव को सड़क पर फेंकने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

● पिता का आरोप घर से बुलाकर चार लोगों ने की बेटे कमल की हत्या

बंजरिया रोड स्थित गांव गुरसौली निवासी तोताराम दिवाकर का बेटा कमल (26) गुरुवार रात बाइक से बहेड़ी की ओर जाने को निकला था। रास्ते में गांव नरायन नगला के निकट उसकी स्कूटी असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई और सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर चौकी इंचार्ज नरायन नगला प्रदीप कुमार ने घायल को सरकारी अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। आधी रात को परिजनों को हादसे की सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। शुक्रवार को मृतक के पिता ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि चार लोग घर से बुलाकर ले गए और हत्या को सड़क हादसे का रूप देकर सड़क पर शव फेंक दिया। वहीं इस मामले में प्रवीण कुमार सिंह, कोतवाल बहेड़ी का कहना है कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तस्वीर साफ हो जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

भैंस चोरी के मामले में युवक पर रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : घर में बंधी भैंस चोरी होने पर महिला ने युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम आमडंडा गौटिया निवासी मीना देवी का कहना है कि 13 मार्च को उसके यहां एक युवक भैंस खरीदने आया था। उसने उस भैंस के 50 हजार रुपये मांगे, लेकिन युवक 25 हजार दे रहा था। जिस पर उसनेइंकार कर दिया। महिला का आरोप है कि युवक ने उससे कहा कि तुम्हें जो मिल रहा है रख लो वरना इन पैसों से भी हाथ धो बैठोगी। उसी रात जब वह बाड़े में गई तो उसकी भैंस गायब थी जिस पर महिला ने उक्त युवक पर भैंस चोरी करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी। पुलिस ने साजिद खान पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

बिल्डर के घर पड़े छापे से समर्थकों में आक्रोश

नवाबगंज, अमृत विचार : बिल्डर रमेश गंगवार के घर और कार्यालयों पर पड़े आयकर विभाग के छापे से उनके समर्थकों का गुस्सा सोशल मीडिया पर छाया रहा। वाट्स ग्रुपों पर उनके समर्थन में स्टेटस लगा रहे हैं। उनके समर्थकों ने आक्रोश जताते हुए लिखा कि रमेश गंगवार का बढ़ता कद कुछ नेताओं को रास नहीं आ रहा। वह गरीबों की हर तरह से मदद करते है तो किसी ने लिखा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं किया जा सकता। किसी ने लिखा कि रमेश का बढ़ता कद रसूख कद्दावर लोगों को रास नही आ रहा।

चोरी की बाइक के साथ एक की गिरफ्तार

भुता, अमृत विचार : भुता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर एक चोर को पकड़ा, उसकी निशानदेही पर चोरी की एक बाइक बरामद हुई है। थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम सनौरा मुरारपुर से छापा मारकर पुष्पालाल को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी निशानदेही पर एक बाइक बरामद हुई है । आरोपी ने यह बाइक अक्टूबर में बीसलपुर मेला मैदान से चोरी की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

बहेड़ी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर पहले रास्ता रोकने और फि घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा है। महिला का आरोप है कि 31 मार्च की सुबह मंदिर से लौटते समय गांव के ही तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका। किसी तरह वह घर आई तो कुछ देर बाद तीनों घर में घुस आए और उससे अश्लीलता लगे। शोर सुनकर उसके जेठ ने अन्य लोगों के साथ ललकारा तो बाद में बेइज्जत करने की धमकी देकर चले गए।

सड़क हादसे की 24 दिन बाद लिखी रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : आंवला बदायूं रोड पर दो बाइकों की भिडंत में एक बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए थे। इस मामले में 24 दिन बाद एक घायल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिलौरी गांव निवासी गोकरन ने बताया कि वह वर्तमान में नगर के मधुवन कालौनी में रहता है। बीती 12 मार्च की शाम को वह कुंवरगांव बदायूं के गांव नंदगांव बरात में गया था। वहां बजीरगंज बदायूं निवासी अजीत पाल से कहा सुनी हो गयी थी। जिसको लेकर विपक्षियों ने उसे व उसके साथी मोर सिंह निवासी गिरधरपुर के साथ मारपीट की। वह अपनी जान बचाकर बाइक से मोर सिंह और अमरसिंह के साथ घर आ रहा था। रास्ते में आंवला-बदायूं मार्ग के देवी गांव की मोड़ के समीप विपक्षियों ने बाइक से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह तीनों घायल हो गये। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अजीत पाल निवासी फतेहनगला हाल निवासी बजीरगंज बदायूं और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जेठ ने घर में घुसकर की छेड़खानी, रिपोर्ट

शीशगढ़, अमृत विचार : शीशगढ़ थाना क्षेत्र में अलग -अलग गांवों में दो महिलाओं से आरोपियों ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपियों ने मारपीट की। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच कर रही हैं। पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम के सिलसिले से अक्सर बाहर रहते हैं।गांव में ही उसका बहनोई रहता है, जो उस पर बुरी नियत रखता है। मोबाइल पर अक्सर गंदे मेसेज भेजकर परेशान करता है । पीड़िता का आरोप है कि 28 फरवरी को सुबह 5 बजे आरोपी ने घर में घुसकर उससे दुष्कर्म की कोशिश की, शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसकी शिकायत करने उसके ससुर जब आरोपी के घर पहुंचे तो उसने उनके साथ मारपीट की।शिकायत पुलिस से की गईं मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने शिकायत एसएसपी से की तो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दूसरी पीड़िता ने बताया उसके जेठ ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध पर उसे और उसके बेटे के साथ मारपीट कर आरोपी भाग गया।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी

संवाददाता, सेंथल

अमृत विचार : रमजान के आखरी जुमे को मस्जिदों में अलविदा की नमाज हजारों की संख्या में लोगों ने अकीदत के साथ अदा की। नमाज के बाद मुल्क में अमन- चैन के लिए दुआ मांगी गई।

कस्बे की शाही जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज पढ़ने आए अकीदतमंदों को मौलाना तंजीम हुसैन जैदी ने माहे रमजान की फजीलतो के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अल्लाह रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है। शाही जामा मस्जिद में मौलाना तंजीम हुसैन जैदी और जामा मस्जिद में मुफ़्ती खुर्शीद आलम मिस्बाही ने अलविदा की नमाज अदा कराई। इसके अलावा कस्बे की अन्य मस्जिदों में भी अलविदा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई।

सेंथल में नमाज अदा करने को जुटे लोग। ● अमृत विचार

जुमे की नमाज: इमामों ने की मजलूमों के लिए दुआ

भोजीपुरा, अमृत विचार : धौराटांडा कस्बे समेत आसपास के गांवों में रमजान के आखिरी जुमा यानी जुमा तुल विदा की नमाज अदा की गई। इमामों ने नमाज से पहले लोगों से भलाई के रास्ते पर चलने की अपील की। बताया गया कि रोजा रखना फर्ज है और इस्लाम का हम रुकन है नमाज के बाद फिलिस्तीन के मजलूम मुसलमानों के हक में दुआ की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष नदीम उल हसन ने सफाई की बेहतर व्यवस्था कराई तथा मुख्य मार्गों पर चूना डलवाया शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा इंस्पेक्टर जगत सिंह चौकी प्रभारी संजीव यादव मय स्टाफ क्षेत्र में सक्रिय रहे।

अलीगंज और पिपरिया उपकेंद्र से सप्लाई रात में देने की मांग

आंवला, अमृत विचार : राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा समाजोत्थान समिति भारत की ओर से गेहूं की फसल कटने तक खेतों से गुजरने वाली बिजली लाइन की सप्लाई दिन के स्थान पर रात में देने की मांग कर अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजा गया है।संगठन मीडिया प्रभारी ठाकुर कौशल कुमार सिंह ने भेजे पत्र में बताया कि आंवला तहसील के अलीगंज और पिपरिया फीडर की 11 हजार एवं अन्य विद्युत लाइनें अत्यंत जर्जर है। अधिकांशत : तार टूटकर गिर जाते हैं। वर्तमान में खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार है, दिन में तेज हवा भी चल रही है। यदि हवा अथवा अन्य कारणों से तार टूटकर खेत में गिरते है तो किसानों को नुकसान हो सकता है। किसान 15 से 20 दिनों में फसल काट लेंगें। तब तक किसानों के हितों को ध्यान में रखकर दिन के स्थान पर सप्लाई रात में दिलवाने की मांग की है।

सार-संक्षेप

सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

शीशगढ़, अमृत विचार : सड़क के किनारे लघु शंका कर रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल ने इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी। दी हुई तहरीर में ग्राम बिलसा निवासी वेदप्रकाश ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को उनका भाई ज्ञान सिंह (25) बहन को बुलाने उसकी ससुराल थाना शाही के गांव आनन्दपुर गए थे। रात 9 बजे वह बंगाली कालोनी सहोड़ा रोड के किनारे के लघु शंका करने को उतरे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

परीक्षाफल वितरण कर ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

मीरगंज, अमृत विचार : जेपीएस इंटर कॉलेज सिंधौली में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित किए । इसके साथ ही मेधावी छात्रों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक कृतज्ञ सिंह ने छात्रों को नए सत्र में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य इरशाद अहमद, कपिल कुमार, प्रीति शर्मा, हर्षित, हर्षित पाराशरी, शुभम कुमार, अनुपम चौधरी सरस्वती, राजवती एवं अभिभावक आदि मौजूद रहे।

पांच लाख के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला चाणक्यपुरी की पूजा कश्यप ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता की मौत बचपन में ही हो गई थी और उसकी मां ने घरों में काम करके उसका पालन पोषण किया। 21 फरवरी 22 को उसका विवाह पीलीभीत की सुनगढ़ी में हुआ था। शादी में उसकी मां ने सामर्थ्य के अनुसार सात लाख का खर्च किया था। उसका पति डी. फार्मा की पढ़ाई कर रहा था और वह स्नातक थी। विवाह के कुछ समय बाद ससुराल वालों ने मेडिकल खोलने के लिए पांच लाख नकद मायके से लाने की मांग की। जब मां ने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। उसे पीटकर घर से निकाल दिया।

क्रिकेट टूर्नामेंट में सूरमा -11 ने जीता खिताब

रिठौरा, अमृत विचार : गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा माडल टाउन सेवा समिति की ओर से खालसा साजना दिवस, वैशाखी के उपलक्ष्य में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में शुक्रवार को हुआ। जिसमें टीम सिंह 11, सूरमा -11 ,खालसा -11 ,वीर खालसा 11 ने मैच में भाग लिया। फाइनल मैच टीम खालसा 11 और सूरमा 11 के बीच हुआ। जिसमें सूरमा टीम ने बड़ी ही आसानी से पांच ओवर में ही पूरी टीम को आउट कर कप्तान हरमीत सिंह मेहता ने मैच अपने नाम कर लिया। अमर पाल सिंह रैम्पी ने हैट्रिक के साथ जसप्रीत ने चार विकेट लेकर विपक्षी टीम को आलआउट कर दिया। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिए गुरुद्वारा कमेटी के मुख्य सेवादार मलिक सिंह कालरा,कालेज के चेयरमैन पारूष अरोड़ा,अमर पाल सिंह रैम्पी, सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। विजेता एवं उप-विजेता टीमों को सात अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा।

सतीश यादव युवजन सभा के प्रदेश सचिव बने

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : फरीदपुर के ग्राम धीरपुर निवासी सतीश यादव को समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने प्रदेश सचिव नियुक्त किया है । उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने पर सूरज यादव , शब्बीर अहमद, रामसेवक शर्मा, बुधपाल सिंह, बली अहमद, नासिर खान आदि ने बधाई दी।

शत- प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : नगर के कृषक समाज इंटर कॉलेज का एसडीएम निधि डोडवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरुकता के लिए रंगोली बनाई गई, जिसकी उन्होंने सराहना कीं। एसडीएम ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्य में आप सभी बढ़ चढ़कर जिम्मेदारी निभाते आए हैं, उसी प्रकार मतदान के दिन देश हित में अधिक से अधिक मात्रा में मतदान अवश्य करें। इसके बाद एसडीएम ने लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई । इस दौरान विद्यालय की स्टाफ के अलावा क्षेत्र के समस्त बीएलओ पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, रामसेवक शर्मा, कामराज मिश्रा, अरुण मिश्रा, बिलपुर के प्रधान विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व प्रधान सुधीर मिश्रा समेत तमाम लोग वहां मौजूद थे ।

मानसिक तनाव से बचाव की दी जानकारी

रिठौरा, अमृत विचार : रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की ओर से संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने नगर के मोहल्ला मोहनपुर में शुक्रवार को मानसिक तनाव से आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़- नाटक पेशकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का आरंभ सभासद राधा रानी, समाजसेवी चम्पत लाल उर्फ़ देवीदास कार्यक्रम इंचार्ज डॉक्टर अजय कुमार अग्रवाल ने किया। नुक्कड़ -नाटक में मुख्य रूप से माता-पिता की ओर से बच्चों को कभी परीक्षा में कम -ज्यादा अंकों के लिए प्रताड़ित न करने और बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने और संयुक्त परिवारों में रहने की सलाह के साथ मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए डॉक्टरों की सलाह लेने तथा झाड़-फूंक करने वालों से दूर रहने को लेकर जागरूक किया गया।डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. दीपक शर्मा ने भी जागरुक किया। इस मौके पर डॉ. अनन्या चतुर्वेदी, डॉ. अदिति त्रिपाठी, डॉ. अभिनव मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

कोटेदार ने दर्ज कराई कार्डधारक पर रिपोर्ट

बिशारतगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बलेई भगवंतपुर गांव में एक युवक ने कोटेदार से राशन न देने कारण पूछा तो नाराज कोटेदर और उसकी पत्नी ने युवक और उसकी ताई मारपीट पर उतारू हो गए थे, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। अब डेढ़ सप्ताह बाद गुरुवार शाम शिकायतकर्ता और उसकी वृद्ध ताई के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं में कोटेदार ने रिपोर्ट दर्ज करा दी। 21 मार्च को बलेई भगवंतपुर गांव निवासी उर्वेश सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि वह 21 मार्च की सुबह ताई रज्जो देवी को गांव की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन दिलाने गया था आरोप है कि राशन विक्रेता ने उसकी ताई को राशन देने से मना कर दिया था। जब उसने कारण पूछा तो कोटेदार और उसकी मारपीट पर उतारू हो गई थी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था।

10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगने से दूर होगी समस्या

मीरगंज, अमृत विचार : ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पर 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लग गया। ट्रांसफार्मर लगाए जाने के दौरान गुरुवार को बिजली आपूर्ति बाधित रही। 33 केवीए के ग्रामीण विद्युत केंद्र पर एक 10 एमवीए और दूसरा 5 एमवीए का ट्रांसफर लगा था। इस केंद्र से एक करीब 27990 घरेलू, कमर्शियल एवं नलकूपों के कनेक्शन है। सभी फीडरों को एक साथ विद्युत आपूर्ति करने में ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते हैं। उपकेंद्र को ओवरलोडिंग से छुटकारा दिलाने को एसडीओ जसीम अख्तर ने 5 एमवीए के स्थान पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाए जाने का प्रस्ताव विभाग को भेजा था। जिसे शासन ने स्वीकारते हुए नए ट्रांसफार्मर की मंजूरी दे दी।एसडीओ जसीम अख्तर ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर चालू होने से ओवरलोडिंग से निजात मिलेगीऔर ट्रिपलिंग आदि भी नहीं होगी।

तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

आंवला, अमृत विचार : पुलिस ने तमंचा और दो कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मनौना-दरावनगर रोड के गुलेली मढ़ी के पास से एक युवक को 315 बोर के तमंचा और 2 कारतूस के साथ पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम अनुरुद्ध निवासी रामनगर थाना आंवला बताया है।

एयरपोर्ट से फरार आरोपियों की तलाश में दूसरे दिन भी दबिश दी

कस्टम विभाग एवं लखनऊ पुलिस की लगातार छापामारी जारी

संवाददाता, रामपुर/टांडा

अमृत विचार : लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत से फरार हुए नगर के 30 आरोपियों की तलाश में कस्टम विभाग एवं पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। लेकिन आरोपी हाथ नहीं आ सके हैं। आरोपियों के परिजन भी फरार हैं। युवकों को तस्करी के धंधे में शामिल करने वाले लोग भी एहतियात बरत रहे हैं। पासपोर्ट से आरोपियों का पता चलने के बाद लगातार दो दिन से कस्टम विभाग की टीम टांडा में छापामारी कर रही है।

शुक्रवार को कस्टम विभाग एवं पुलिस की कई टीमों ने नगर में आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी है। टीम के एक अधिकारी ने बताया कि जब तक आरोपी हाजिर नहीं होंगे, उन्हें पकड़ने के लिए दबिश दी जाएगी। मंगलवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर कस्टम विभाग ने सोना और सिगरेट की तस्करी के मामले में नगर के 36 युवकों को हिरासत में लिया था। जिनमें 30 लोग अधिकारियों को चकमा देकर एयरपोर्ट से फरार हो गए थे। इस संबंध में सहायक आयुक्त ने रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद विभाग एवं पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं। टीमें गुरुवार से आरोपियों की धरपकड़ के लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमों के नगर में पहुंचने की सूचना से उनके परिजन भी फरार हो गए हैं। इनके अलावा युवकों को लालच देकर इस धंधे में शामिल करने वाले भी लापता हैं।

आरोपी युवकों के वायरल हुए फोटो। ● अमृत विचार

दुनिया आज और कल देखेगी भारतीय वायुसेना की ताकत

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गगन शक्ति अभ्यास के तहत लड़ाकू विमानों के हवाई पट्टी पर टच डाउन के लिए शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शनिवार व रविवार को फाइटर जेट जगुआर, मिग, मिराज व सुखोई गर्जना के साथ टच डाउन कर आसमान में उड़ जाएंगे। इसके लिए यहां की एयर स्ट्रिप पर देरशाम तक पानी की बौछार कर उसकी धुलाई की गई। हवाई पट्टी पर सफेद रंग की लाइन पेंट कर रनवे भी बनाया जा चुका है। शुक्रवार को एक्सप्रेस-वे स्थित कार्यक्रम स्थल पर बाबा की कुटिया के सामने विशिष्ट व अति विशिष्ट मेहमानों के लिए पंडाल लगाया गया। इसके अलावा एयर स्ट्रिप के लखनऊ छोर पर एयरफोर्स व आर्मी के तकनीकी अधिकारियों द्वारा एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम व रेडियो सिग्नल सिस्टम भी स्थापित किया गया। वहीं, हवाई पट्टी की सुरक्षा को देखते हुए शुक्रवार को एयर स्पेस सेफ्टी टीम के करीब दो दर्जन जवान भी पहुंचे।

शिवपाल के वायरल वीडियो मामले ने पकड़ा सियासी तूल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● दुर्विजय बोले- गुंडों को संरक्षण देते हैं शिवपाल

अमृत विचार : गुरुवार को सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव का नुक्कड़ सभा को संबोधित करने के दौरान का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें उन्होंने कहा कि वोट दो नहीं तो हिसाब किताब होगा। कहा कि हम तो सबसे वोट मांगेंगे। जो देगा तो देगा नहीं तो अपने लोग तो हैं ही। वीडियो में मंच पर सहसवान से सपा विधायक ब्रजेश यादव और शिवपाल के बेटे भी नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो पर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि शिवपाल यादव का स्वभाव गुंडई का है। वह गुंडा तत्व को संरक्षण देते हैं। वह सही मायने में गुंडों के सरदार हैं। लेकिन भाजपा सरकार में जीरो टोलरेंस है। गुंडई व माफियागिरी नहीं होने दी जाएगी। पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव का टिकट बदलकर चाचा शिवपाल सिंह यादव को देने और अब उनके बेटे आदित्य यादव का नाम सामने आने पर भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वैसे तो यह सपा का अंदरूनी मामला है। असल में भतीजे ने चाचा को फंसा दिया है। चाचा पंजे से बाहर निकलना चाहते हैं लेकिन भतीजा पंजा और टाइट कर रहा है। कह रहा है कि चाचा छोड़ूंगा नहीं। यहीं से लड़ना है। यहां से उनकी हार हो रही है। सर्वे के बाद उन्हें हार दिखने लगी है।

सपा विधायक ब्रजेश यादव ने शुक्रवार को कहा, वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। यह वीडियो 15 मार्च का है।उन्होंने यह बयान बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में दिया। वहीं शिवपाल ने इसे आधा-अधूरा बताया है।

> सपा प्रत्याशी और भाजपा प्रत्याशी के बीच टीका टिप्पणी पर एआरओ द्वारा जांच कराई गई है। जांच रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी गई है। जो भी कार्रवाई होगी आयोग की ओर से की जाएगी।
> – रेनू सिंह, एडीएम प्रशासन।

सार-संक्षेप

देसी शराब की दुकान के चौकीदार की पीटकर हत्या

हीमपुर दीपा (बिजनौर), अमृत विचार : गांव फतेहपुर कला में गुरुवार देर रात देसी शराब की दुकान के चौकीदार की पीटकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार शाम सात बजे पुलिस ने तीन लोगों को बिजनौर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि चौकीदार से शराब के रुपये को लेकर विवाद हुआ था। एसपी नीरज जादौन ने बताया कि गांव कुतुबपुर गढ़ी में श्यामलाल उर्फ श्यामी का छोटा पुत्र सोनू गंज रोड स्थित देसी शराब की दुकान पर रात को चौकीदारी करता था। इसके साथ सेल्समैन वीरेंद्र रहता था। गुरुवार रात 10 बजे बाइक से आए सुनील, राजन, प्रीतम, मोनू व देव ने शटर खुलवाया। शराब के मूल्य को लेकर हो रही कहासुनी में सोनू के हस्ताक्षेप पर आरोपियों ने उसे घायल कर दिया। सेल्समैन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को दस वर्ष के कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 13 नवंबर 2022 को थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के यहां विचाराधीन था। थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 नवंबर 2022 की रात करीब 12 बजे से चार बजे के बीच उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई। सुबह जब वह सोकर उठा तो बेटी को घर में न पाकर खोजबीन शुरू कर दी। तलाश के दौरान पता चला कि रजनेश पुत्र ओमकार, हरवीर पुत्र पप्पू, वीरेश पुत्र ओमकार उसके घर से उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गए हैं।

कहासुनी के बाद पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या

लखीमपुर खीरी,अमृत विचार : थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र के गांव सरैया बरतेर में गुरुवार की रात किसी बात को लेकर विवाद से नाराज पति ने सोते समय पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और भाग गया। थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र के गांव सरैया बरतेर निवासी सुमन ने बताया कि उसकी छोटी बहन मनीषा (28) की शादी सीतापुर जिले के थाना इमलिया सुल्तानपुर की चौकी कमलापुर के गांव सहरुइया निवासी मुकेश से हुई थी। मनीषा होली पर मायके आई थी। दो दिन पूर्व मुकेश उसे विदा कराने आया था और साथ चलने के लिए कहा, लेकिन मनीषा एक दिन बाद जाने की जिद करने लगी। इसी बात को लेकर गुरुवार की शाम को दोनों में कहासुनी हो गई।

प्रधानमंत्री के लिए बने हेलीपेड से डेढ़ किमी दूर दिखा तेंदुआ

पीलीभीत, अमृत विचार : पुलिस-प्रशासन और भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने को लेकर तैयारी में जुटे हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह शहर से सटे पुरानी पीलीभीत में तेंदुआ की चहलकदमी से हड़कंप मच गया है। खास बात यह है कि तेंदुआ प्रधानमंत्री के यहां उतरने के लिए बनाए जा रहे हैलीपेड से मात्र डेढ़ किमी दूर पहुंच चुका हे। सामाजिक वानिकी टीम के पग मार्क ट्रेस करने के बाद तेंदुआ आने की पुष्टि हुई है, जिससे लोग दहशत में हैं। इसके बाद वन विभाग की टीम ने निगरानी शुरू कर दी है।

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

बदायूं, अमृत विचार : विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपक यादव ने दो वर्ष पुराने मामले में किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी माना है। उसे आजीवन कारावास समेत एक लाख 10 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। कोतवाली दातागंज पुलिस को 18 नवंबर 2021 को ग्रामीण ने तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया वह थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी भतीजे के घर नामकरण संस्कार में गए थे। घर पर उनकी 15 साल की बेटी और पत्नी थी। रात लगभग तीन बजे प्रेम शंकर पुत्र ओमपाल बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। उसने अपने बयान में आरोपी पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

अब्बास ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की मांगी इजाजत

कासगंज,अमृत विचार : साहब पिता मुख्तार अंसारी की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी जाएकासगंज जिला जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटा अब्बास अंसारी की ओर से यह गुहार सुप्रीम कोर्ट से लगाई गई है। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 9 अप्रैल को सुनवाई करेगा। उसके बाद ही कोई अग्रिम निर्णय मिलने मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। विधायक अब्बास अंसारी को चित्रकूट जेल प्रकरण के बाद बीते साल कासगंज की जिला जेल लाया गया था। तभी से वह इसी जेल में बंद हैं। बीते दिनों मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पैरोल के लिए दी गई याचिका पर अब्बास को पैरोल नहीं मिली। वह तड़पता रहा। जेल में बेचैन रहा, लेकिन अब एक बार फिर से 10 अप्रैल को पिता के फातिहा में शामिल होने के लिए अपने अधिवक्ता के माध्यम से अब्बास की ओर से याचिका दाखिल की गई है।

दादा-दादी ने डांटा तो छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

अमृत विचार : परिजनों को बिना बताए मिट्टी ढोने वाले डंपर पर गया कक्षा दो का छात्र वापस लौटा तो दादा दादी ने डांट दिया। इससे क्षुब्ध होकर छात्र ने छत के कुंडे में दुपट्टे के फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को बताए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव चाचू नागल की मढ़ैया के महीपाल के बेटे योगेश (12) की देखभाल दादा रामवीर और दादी प्रेमवती करते थे। योगेश अमरोहा के ढबारसी में सीएमएस कॉलेज में कक्षा दो का छात्र था। गुरुवार को योगेश मिट्टी ढोहने वाले डंपर पर चला गया। लौटा तो दादा-दादी ने डांट दिया। बालक रात आठ बजे कमरे में गया। 10 बजे तक बाहर नहीं आया तो दादा-दादी देखने गए तो वह फंदे से लटका हुआ था।

रामनवमी पर 100 स्थानों पर लगाई जाएंगी एलईडी स्क्रीन

अयोध्या, अमृत विचार: रामनवमी पर रामलला के दरबार से जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण शहर में 100 स्थानों पर देखा जा सकेगा। इसके लिए एलईडी स्क्रीन लगवाई जाएंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के बाद ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार शाम कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर भगवान राम का दरबार स्थापित किया जाएगा। राम दरबार के लिए भी प्रमुख चित्रकारों के द्वारा भगवान के स्वरूप को तय कर मूर्तिकारों के द्वारा मूर्तियों को तैयार कराया जाएगा।

पहले पेपर पढ़वाया फिर परीक्षा केंद्र पहुंचाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रति अभ्यर्थी 15-15 लाख में तय हुआ था पर्चा, दो-दो लाख लिए गए एडवांस

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा – 2023 का प्रश्नपत्र लीक करने के बाद गिरोह द्वारा चिन्हित अभ्यर्थियों को चिन्हित स्थानों पर पेपर पढ़ाया गया। लखनऊ में जब स्थाई व्यवस्था नहीं बन पाई तो अस्थाई रूप से व्यवस्था कर शहीद पथ स्थित पलासियो मॉल के पास कई वाहनों को खड़ाकर उनमें अभ्यर्थियों को बैठाकर प्रश्नपत्र पढ़ा दिया गया। इसके बाद उन्हीं कारों से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र भी पहुंचा दिया गया।

उधर, प्रयागराज नैनी स्थित आरोग्यम हास्पिटल में अभ्यर्थियों को बुलाकर प्रश्नपत्र पढ़ा दिया गया। इसके बदले गिरोह द्वारा तयशुदा मोटी रकम वसूली गई।

मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह कर रहे थे। डीएसपी द्वारा दो दिनों में राजीव नयन से पूछताछ के क्रम में बता चला कि आरओ-एआरओ परीक्षा के पेपर के बदले डा शरद सिंह से 15 लाख रूपये प्रति अभ्यर्थी देना तय हुआ था। प्रारंभिक परीक्षा जो दिनांक 11 फरवरी 2024 को होनी थी, उसके पहले प्रति अभ्यर्थी दो लाख रूपये देना तय हुआ था। शेष पैसा काम होने के बाद देना था। सभी लड़कों को राजीव नयन मिश्र के नैनी प्रयागराज स्थित आरोग्यम हास्पिटल में ले जाकर पेपर पढ़वाया गया था। आरोग्यम हास्पिटल का मालिक स्वयं राजीव नयन ही है। बाकी लड़कों के लिए कहा कि वह लखनऊ में डॉ शरद सिंह से सम्पर्क करें। डॉ शरद अपनी वरना कार में तथा अन्य वाहनों का इंतजाम कर सभी गाड़ियों को पलासियो मॉल के पास खड़ा करवा दिया।

सुरक्षित प्रदेश का सपना बना हकीकत:योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सुरक्षा को खतरा बनने वाले का करवा देते हैं राम नाम सत्य

अमृत विचार: मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बागपत और अलीगढ़ की चुनावी रैली में अपराधियों पर सख्त तेवर दिखाए। कहा कि प्रदेश में कभी कोई सोचता था कि यहां बेटी और व्यापारी रात को निडर होकर घर से निकल सकते हैं, लेकिन आज यह संभव है। हम सिर्फ राम को ही नहीं लाएं हैं, बल्कि बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का राम नाम सत्य भी करवा देते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए राजनीतिक विरोधियों पर भी जमकर जुबानी हमला किया। बागपत में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भारत माता के महान सपूत और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की पावन धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि पहले 5 से 10 साल में में गन्ना मूल्य मिलता था, अब एक हफ्ते में भुगतान हो रहा है। अलीगढ़ के बरौली में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में उत्तर, पूरब, पश्विम और दक्षिण में तीसरी बार मोदी सरकार यही आवाज गूंज रही है।

वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 10.53 लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

बदायूं,अमृत विचार : घर बैठकर पार्ट टाइम काम का झांसा देकर एक युवक ने 10 लाख 53 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की रामनाथ कॉलोनी निवासी अंकुर शर्मा ने साइबर थाने में तहरीर देकर बताया कि सोशल साइट पर चैट के दौरान उन्हें घर बैठे पार्ट टाइम काम करने का ऑफर दिया गया था। सामने वाले व्यक्ति ने खुद को फरफैच कंपनी का एचआर बताया। कहा कि ज्यादा जानकारी उनकी रिप्रेजेंटेटिव देगी। वह झांसे में आ गया।

उत्तराखंड

नेपाल में अमरजीत, ढाका में छिपा सर्वजीत

संवाददाता,रुद्रपुर

अमृत विचार: नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के चार मददगारों की गिरफ्तारी के बाद अब सभी टीमें दोनों हत्या आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं। सूत्र बताते हैं कि दोनों हत्या आरोपियों की लोकेशन ट्रेस हो गई है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। इधर, पुलिस कप्तान ने हत्या आरोपियों पर इनाम राशि बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये घोषित करने की सिफारिश की है।

नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की 28 मार्च को हत्या करने के बाद हत्यारे अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह बिलासपुर, रामपुर, बरेली और शाहजहांपुर में छिपे थे। बीते दिवस पकड़े गए चारों मददगारों ने उनकी आर्थिक और साधन मुहैया कराकर मदद की थी। इन मददगारों से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। जिनके आधार पर पुलिस टीमें दबिशें दे रही हैं। हत्या आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पंजाब में भी कई स्थानों पर पनाह ली। सूत्र बताते हैं कि पुलिस का दबाव बढ़ने पर पंजाब से दोनों हत्या आरोपी अलग हो गए। सर्वजीत सिंह के बांग्ला देश की राजधानी ढाका में छिपे होने की बात कही जा रही है। वहीं अमरजीत सिंह नेपाल पहुंच गया है।



● एसटीएफ को मिली दोनों की सही लोकेशन, बार-बार बदल रहे बाबा तरसेम के हत्यारे अपना ठिकाना

पुलिस की टीमें नेपाल प्रहरी की मदद से दे रही हैं दबिश

जानकारियों को पुष्ट करने के लिए पुलिस व एसटीएफ ने नेपाल में डेरा डाल दिया है। ये टीमें नेपाल प्रहरी की मदद से वहां दबिशें दे रही हैं। लेकिन लगातार ठिकाना बदलने की वजह से वह पकड़ में नहीं आ पा रहा है। उधर, सर्वजीत की तलाश में भी टीमें जुटी हैं। स्थानीय पुलिस ढाका पुलिस के संपर्क में है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी का कहना है कि टीमों को महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। कोशिश है कि हत्यारोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। दोनों हत्या आरोपियों पर इनाम राशि बढ़ाने को भी पुलिस मुख्यालय को लिखा गया है।

महिला दरोगा से छेड़छाड़ करने के आरोप में रेंजर निलंबित

रामनगर। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) अजय कुमार ध्यानी को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) अनूप मलिक ने निलंबित कर दिया है। रेंजर ध्यानी पर महिला वन दरोगा के साथ लैंगिक उत्पीड़न करने का आरोप लगा था। शिकायतकर्ता ने ध्यानी पर कई गंभीर प्रवृत्ति के आरोप लगाए। जिस पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक ने शिकायत को उच्चाधिकारियों को भेजा। मामले में प्रमुख वन संरक्षक ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए रेंजर अजय कुमार ध्यानी को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उत्तराखंड राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन की अवधि में अजय कुमार ध्यानी वन क्षेत्राधिकारी प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडाउन के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी

ई-निविदा सूचना

मिल समिति में वर्ष 2024-25 में विभिन्न जॉब कार्यों से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 04.04.2024 से दिनांक 17.04.2024 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगे आठ लाख रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः कनाडा में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कबूतरबाजों ने एक युवक को अपना शिकार बना लिया और आठ लाख रुपये ऐंठने के बाद झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

खेड़ा-19 बस्ती निवासी किशन गंगवार ने बताया कि वह पनवडिया खजुरिया रामपुर के रहने वाले दो व्यक्तियों को भली भांति जानता है। बताया कि दोनों व्यक्ति उसे लालपुर स्थित एक कॉलोनी ले गए और वहां रहने वाले दो लोगों से मुलाकात कराई। दोनों लोगों ने बताया कि वह युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने का कार्य करते हैं और कनाडा में उसकी नौकरी भी लगवा सकते हैं। उसकी दो लाख रुपये प्रतिमाह तनख्वाह होगी। इसके लिए 15 लाख रुपये खर्च आएगा और पहले आठ लाख रुपये देने पड़ेंगे। आरोप था कि बातों का झांसा देकर उसने 28 जुलाई 2021 को पांच लाख रुपये खेड़ा बस्ती स्थित मेडिकल स्टोर पर बुला कर दिए और तीन लाख रुपये का भी भुगतान कर दिया। आरोप था कि सारे दस्तावेज देने के बाद भी जब नौकरी और वीजा के लिए कोई कॉल नहीं आई तो आरोपियों को फोन मिलाया। सभी के मोबाइल बंद आने लगे।

क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स 193 ए. सिविल लाइन्स बरेली

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था प्राचीन शिव मन्दिर सेवा प्रबन्ध समिति, पता:- ग्राम व पो. मुड़िया अहमद नगर तह. व जिला बरेली के पंजीकरण हेतु दुर्विजय पुत्र श्री नत्थू लाल ने अध्यक्ष की हैसियत से ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क, स्मृति पत्र, नियमावली, फोटो युक्त शपथ पत्र इत्यादि सो. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है।

उक्त संस्था के स्मृति पत्र के क्रमांक 5 में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

क्र.सं.	नाम/पिता का नाम	पद
01.	दुर्विजय पुत्र श्री नत्थू लाल	अध्यक्ष
02.	सत्यपाल पुत्र श्री ईश्वरी प्रसाद यादव	उपाध्यक्ष
03.	पूनम सिंह पत्नी श्री संजय सिंह	सचिव
04.	बुधपाल पुत्र श्री कस्तूरी सिंह	कोषाध्याक्ष
05.	मुकेश पुत्र श्री चिरौंजी लाल	सदस्य
06.	पंकज यादव पुत्र श्री ओमप्रकाश	सदस्य
07.	विनीत यादव पुत्र श्री गिही लाल	सदस्य
08.	कैलाश चन्द्र पुत्र श्री राजाराम	सदस्य

उपरोक्त समिति के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति स्वयं के फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र या दस्तावेज साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार
बरेली

पहाड़ों में बर्फबारी के आसार, मैदान में गर्मी

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में तेजी के साथ मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय जिलों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार हैं। इधर मैदानी इलाकों में तेज धूप निकल रही है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर कहा है कि देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिलों में गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं।

साथ ही 4000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार हैं। इधर हल्द्वानी समेत अन्य इलाकों में दिन के समय तेज धूप निकल रही है और गर्मी पड़ रही है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया है। हल्द्वानी में दिन के समय धूल भरी हवाएं भी चली हैं।

नबी रजा खां की मौत के राज खोलेगी साफिया मलिक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● कंपनी बाग की जमीन के मामले में जेल में बंद है साफिया मलिक

अमृत विचार : कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) से जुड़े मामले में नामजद साफिया मलिक जेल में है। पुलिस साफिया को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। सवालों की सूची तैयार कर ली है और कई सवालों में से एक सवाल नबी रजा खां की मौत से भी जुड़ा है।

बता दें कि अंग्रेजों ने कंपनी बाग को नबी रजा खां को लीज पर दिया था। नगर निगम की ओर से दर्ज मुकदमे में लिखा है कि वर्ष 1988 में नबी रजा खां की मौत गई थी। मौत के बाद नबी के नाम से नगर निगम और जिलाधिकारी से लेकर कोर्ट तक अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक पैरवी करते रहे। नबी रजा खां के मरने के बाद उसके नाम से कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया। आरोपियों ने कंपनी बाग में लगे पेड़ उजाड़ दिए और जमीन को 10 रुपये से लेकर 100 रुपये के स्टांप में बेच दिया। साफिया मलिक के साथ सईदा बेगम पत्नी नबी रजा खां, सलीम रजा खां पुत्र नबी रजा खां, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां ने वर्ष 1991 में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हल्द्वानी में एक शपथ पत्र दिया था। उसमें लिखा था कि नबी रजा खां की मृत्यु तीन अक्तूबर 1988 को हो गई थी। हालांकि न तो नबी की मृत्यु का प्रमाण पत्र है और न ही ये पता है कि उन्हें कहां दफनाया गया। मामले में अब्दुल मलिक और साफिया मलिक समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अब्दुल मलिक और साफिया जेल में हैं। पुलिस साफिया को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।

कॉर्बेट के कालागढ़ रेंज में हाथी के बीमार बच्चे की मौत

रामनगर, अमृत विचार : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज स्थित हाथीशाला में उपचार के दौरान हाथी के बच्चे ने दम तोड़ दिया। उसकी उम्र 23 माह 5 दिन बताई जा रही है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार हाथी का बच्चा लंबे समय से बीमार था। उसका वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा की देखरेख में उपचार चल रहा था। शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में हाथी के बच्चे का शव विच्छेदन कराया गया। बिसरा व आंतरिक अंगों के सैंपल को परीक्षण के लिए आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेजा गया है।

ढाई लाख की नेपाली करेंसी के साथ पकड़ा

जसपुर, अमृत विचार : नेपाली लकड़ी की व्यापारिक फर्म के प्रोडक्ट का प्रचार करने एवं तीर्थ यात्रा करने आए 13 सदस्यों की टीम को धर्मपुर बॉर्डर पर पुलिस ने ढाई लाख नेपाली करेंसी के साथ पकड़ लिया। तीन घंटे चली जांच के बाद चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होने पर उन्हें छोड़ दिया। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि धर्मपुर बॉर्डर पर पुलिस टीम के साथ एसआई हरीश आर्य जांच कर रहे थे। हरिद्वार से दो स्कॉर्पियो में सवार होकर नेपाल निवासी 13 सदस्यों की टीम आ रही थी। जिन्हें रोक कर जांच की गई। जांच में पुलिस टीम को ढाई लाख रुपये नेपाली करेंसी के मिली।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
सिविल लाइन्स, बदायूँ।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय /व्यवसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या, सेक्टर/ खण्ड व योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से मृतक का संबंध
1.	स्व. श्री सुनील कुमार पुत्र स्व. श्री दयाराम	दु.आ. वर्ग भवन सं.-बी-618 सिविल लाइन्स, यो.सं. 2 बदायूँ	26.04.2021	श्रीमती मंगलेश पत्नी स्व. सुनील कुमार	कु. रूबी सागर, कु. रूचि सागर, कु. पूजा रानी, श्री शिवम सागर, श्री ऋषभ साहब पुत्री/पुत्रगण स्व. सुनील कुमार	पत्नी

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पत्ति प्रबन्धक

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण (ज्ञानी पुरुष) होते हैं।

संपादकीय

मदरसा शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले को मदरसा बोर्ड के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा सकता है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद काफी विवाद हुआ था और इस मामले में उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। यूपी मदरसा बोर्ड की तरफ से अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज कई गुरुकुल भी प्रसिद्ध हैं, वे अच्छा काम कर रहे हैं तो क्या हमें उन्हें बंद कर देना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्देश प्रथम दृष्टया उचित नहीं था। उच्च न्यायालय ने 2004 अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है और कानून का उद्देश्य और चरित्र नियामक प्रकृति का है। हाईकोर्ट के फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मदरसों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि शिक्षा की पश्चिमी शैली के वैकल्पिक मार्ग के रूप में धार्मिक मदरसों ने इस्लामी समाज की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्लाम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि मदरसे की यह व्यवस्था 120 साल से चली आ रही है, ऐसे में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यह निर्णय छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा,क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि धर्म का उलझाव अपने आप में संदिग्ध मुद्दा है, जिस पर विचार-विमर्श की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा कि यदि इस निर्णय का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाना था तो कानून को असंवैधानिक न घोषित करके कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए जा सकते थे। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के 25 हजार मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत मिली है।

कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी हैं एक साथ चुनाव कराने में

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है।

आम चुनाव-2024 की अधिसूचना जारी होने से ठीक दो दिन पहले 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। समिति की अनुशंसाओं में देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनाव (संभवतः 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव) के साथ ही कराने की बात सर्वोपरि है। स्थानीय निकायों,ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव पहली बार इस साझा चुनाव के 100 दिन के अंदर करा लेने और बाद में तीनों स्तरों के चुनाव एक साथ ही कराते रहने की अनुशंसा भी इसमें की गई है।

जाहिर है इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना होगा और कुछ का बढ़ाना होगा जिसके लिए बड़े पापड़ बेलने होंगे। उच्च स्तरीय समिति ने इसके लिए संविधान बदलने का सुझाव दिया है। उसकी सभी अनुशंसाओं को अमल में उतारने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे और इतने बड़े पैमाने की चुनावी कसरत से जुड़ी तकनीकी जरूरतें पूरी करने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये भी खर्च करने होंगे,लेकिन समिति का कहना है कि देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकारों में दूरदृष्टि पैदा करने के लिए और लगातार कहीं न कहीं होते रहने वाले चुनावों के भारी खर्चे से देश को बचाने के लिए यह सब जरूरी है।

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा,इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है। उसका कहना है कि अगले चुनाव में जाना पड़ ही गया तो जाएंगे, लेकिन वह सदन अपने पूरे कार्यकाल के लिए नहीं,बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुना जाएगा। यानी चौथे साल में लोकसभा भंग हो गई तो चुनाव की कसरत सिर्फ लोकसभा के लिए ही संपन्न की जाएगी,लेकिन नए सिरे से चुनी गई लोकसभा एक साल ही काम करके भंग हो जाएगी और उसे 'एक देश, एक चुनाव' के तहत जल्द ही दोबारा चुनकर आना होगा। सरकार की कोशिश इस उच्च स्तरीय समिति को पार्टी एजेंडा से ऊपर उठाकर प्रस्तुत

करने की रही है। इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में कुल आठ सदस्यों की समिति गठित की गई तो लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी इसमें शामिल किया गया था,लेकिन चौधरी ने कुछ ही समय बाद यह कहते हुए इससे अपना नाम वापस ले लिया था कि समिति के लिए जो कार्यभार निर्धारित किया गया है,उसके सारे निष्कर्ष पहले से ही तय हैं,विचार-विमर्श की उसमें कोई गुंजाइश ही नहीं है। नतीजा यह रहा कि व्यवहार में उच्च स्तरीय समिति का स्वरूप पूरी तरह सरकारी हो गया और इसे बीजेपी की ही एक और पहल की तरह देखा जा रहा है।

अध्यक्ष रामनाथ कोविंद के अलावा समिति में शामिल बाकी नाम थे-गृहमंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हाल तक वित्त आयोग के प्रमुख रहे एन. के. सिंह, फिलहाल अलग पार्टी चला रहे बीजेपी के करीबी और लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सूचना आयुक्त संजय कोठारी, पूर्व संसदीय सचिव सुभाष सी. कश्यप और सत्तापक्ष से जुड़े हाई प्रोफाइल मुकदमे लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे। थोड़ा पहले जाकर देखें तो 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा बीजेपी की जन्मकुंडली में पड़े तीनों मुद्दों- संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण के ठीक बाद आता रहा है। इसकी गिनती एक देश,एक निशान,एक विधान,एक प्रधान, एक इम्तहान,एक संस्कृति,एक बाजार,एक टैक्स, एक वगैरह की श्रेणी में होती रही है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की बात कही थी और 2016 में इस पर गठित विधि आयोग ने 2018 में अपनी अनुशंसाएं भी जमा कर दी थीं, लेकिन व्यापकता के ख्याल से इसे यहां तक लाया गया।

व्यापकता का हाल अभी कुल मिलाकर यह है कि उच्च स्तरीय समिति ने 47 पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है जिसमें 32 ने 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में और 15 ने इसके विरोध में अपनी राय दी है,लेकिन पार्टियों के नाम पर गौर करें तो ऐसा एक भी दल नहीं दिखता,जो राजनीतिक रूप से बीजेपी का विरोधी हो मगर उसकी राय इस मुद्दे पर सरकारी प्रस्ताव के साथ हो,जो पार्टियां अपनी किसी न किसी मजबूरी में बीजेपी के साथ हैं,वे इस मुद्दे पर भी उसके साथ हैं। बाकी का मानना है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय चुनाव पूरे देश में एक साथ कराना न सिर्फ क्षेत्रीय दलों और आकांक्षाओं के लिए हानिकर होगा,उन्हें अप्रासंगिक बना देगा,बल्कि भारत के विराट सांस्कृतिक वैविध्य पर भी यह एक दिन पाटा फेर देगा। इसके जवाब में सरकारी पक्ष का कहना है कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर बेकार का वितंडा खड़ा कर रहे हैं,क्योंकि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था तो 1967 तक भारत में चल ही रही थी। सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव उस समय तक लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे और पंचायती राज वाली मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी ही नहीं थी। वह तो 1967 में कई राज्यों में मिली-जुली कांग्रेस विरोधी सरकारें बनीं,जो जल्द ही कांग्रेस की कोशिशों के चलते ही गिर गईं और हर राज्य में अलग-अलग समयों पर विधानसभा चुनाव कराए जाने की परंपरा चल पड़ी।

जो भी हो, हकीकत फिलहाल यही है कि बीजेपी के अलावा देश में कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जिसके पास एक साथ होने वाला देशव्यापी त्रि-स्तरीय चुनाव लड़ने लायक संसाधन और कार्यकर्ता मौजूद हों और बीजेपी ने भी यह ढांचा अपने दम पर नहीं खड़ा किया है। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सौ साल की लगातार कोशिशों से गांव-गांव, गली-गली में कार्यकर्ताओं का ढांचा तैयार किया है। बाकी पार्टियों का जमीनी ढांचा चुनाव के समय ही नजर आता है,वह भी तब जब वे सरकार में हों या सरकार बनाने की नजदीकी होड़ में शामिल हों। इस व्यावहारिक समस्या को और इससे जुड़े एकदलीय-एक सांस्कृतिक शिकंजे के खतरे को एक तरफ रख दें तो सारे चुनाव एक साथ कराने की बात में कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी जुड़ी हैं। आकार के मामले में दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की कुछ बराबरी अमेरिका के साथ ही खोजी जा सकती है,जहां हर दो साल पर बड़ी चुनावी हलचलें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रपति चुनाव चार साल पर होते हैं,लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल आधे पर पहुंचता है,बहुत बड़े पैमाने पर गवर्नरों और सीनेटरों के चुनाव होते हैं। इन चुनावों में ऐसा अक्सर होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी संसद के दो में से एक सदन में या कभी-कभी दोनों में ही अल्पमत में आ जाती है। चलताऊ जुबान में लोग इसे राष्ट्रपति का कुड़क मुर्गी वाली स्थिति में पहुंच जाना कहते हैं,लेकिन इसे अपने सिस्टम की शक्ति मानते हैं।

अमेरिका से तुलना करके देखें तो भारत में राजनीतिक व्यवस्था की समस्या कुछ और है, जिस पर हमारे यहां कोई बात ही नहीं होती। यह समस्या है पार्टियों में स्थानीय जनतंत्र की संपूर्ण अनुपस्थिति। अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियों की टोला-मोहल्ला स्तर की समितियां हैं और पूरे धूमधाम से उनके चुनाव होते हैं। जितनी चर्चा वहां राष्ट्रपति चुनाव की होती है,उतनी ही दोनों पार्टियों की, खासकर चुनौती देने वाली पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव की भी होती है।

कैसी विडंबना है कि दुनिया की और ब्रह्मांड की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भारतीय दलों में ऐसे भीतरी चुनावों की कोई परंपरा ही नहीं है। पार्टी का पूरा ढांचा ऊपर से या कहीं बाहर से मनोनीत किया गया होता है। ऐसे में लोकतंत्र के सारे हल्ले के बावजूद भारत की राजनीतिक व्यवस्था किसी न किसी की मनमानी पर ही टिकी है। जड़ में घुन जैसी इस बीमारी का इलाज क्या 'एक देश, एक चुनाव' जैसे किसी ऊपरी नुस्खे से हो जाएगा?

प्रसंगवश

फुरसत एक हसरतें अनेक

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं।

बड़े फुरसत से आए हो,फुरसत मिली तो सोचा मिलता चलूं,फुरसत ही कहां मिली,मरने की भी फुरसत नहीं,फुरसत ही नहीं मिलती,बड़े दिनों के बाद फुरसत के ये पल नसीब हुए हैं,कितनी मुश्किल से आज फुरसत का यह पल निकाला है। जैसे जुमलों के बीच फुरसत शब्द अपने आप में बड़ा ही सुकूनदायक है,रोमांचकारी है। भागती- दौड़ती जिंदगी की पटकथा में लगने वाला अल्पविराम है यह। एक फुरसत है और इसको खर्च करने के अनेक विकल्प। फुरसत की जल्द ढल जाने वाली शाम कई रास्तों की ओर फिसल, फिसल जाना चाहती है।

रीता रानी
जमशेदपुर, झारखंड

फुरसत मिली तो यह कर डाला,फुरसत मिली तो आज लॉन्ग ड्राइव पर निकल गए,फुरसत मिली तो आज यह चित्र पूर्ण उकेरन को पा गया,फुरसत मिली तो आज यह सिनेमा देख ली,फुरसत मिली तो आज इस पुस्तक को पढ़ डाला,फुरसत निकाल कर हम उनसे मिलने गए। मतलब एक फुरसत और अनेक हसरतें। यह फुरसत आपको जाड़े की गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद देता है तो मदमाती चांदनी में नहाने का भी। उत्तम स्वास्थ्य हेतु श्रम और विश्राम का सधा हुआ संतुलन फुरसत लेकर आता है। आप इन पलों में वे करते हैं,जो आप सच में करना चाहते हैं,जिसे कर आपको जीवन जीने का सबसे सुखद अनुभव होता है।

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद,जिस सकारात्मकता का समावेश करता है,उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं। एक फुरसत आपको संगीत ,कैनवास, बागवानी,सैर -सपाटा, चलचित्र की ओर खींचे लिए बढ़ जाता है। एक फुरसत और अनेक रचनात्मकता के द्वार। लगातार काम के बाद ये केवल आराम के पल नहीं होते,बल्कि वे पल होते हैं जिनमें आप अपने सपनों के साथ जीते हैं। क्षमता फिर से उर्जान्वित होती है और जिंदगी उदास,नीरस व बोझिल होने से बच जाती है।

ताकि लोकतंत्र रहे बेदाग

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है-जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से पांच प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। नौ सांसद ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं। जबकि 28 ऐसे हैं जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, वहीं तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं,जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है, किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है।

यहां पर विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि अपराध में संलिप्त लोगों को लोकतंत्र की कमान कैसे मिल जाती है? कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एजेंडे के पहले बिंदु के रूप में इस संकल्प को क्यों नहीं शामिल करती कि वह जुर्म की दुनिया से जुड़े किसी भी शख्स को पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं प्रदान करेगी। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है? जनप्रतिनिधि के चयन की कसौटियां शायद आज बदल चुकी हैं। यही वजह है कि आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्ति भी लोकतंत्र के मसीहा बनने का सौभाग्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर ले रहे हैं।

जनता जनार्दन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय उन लक्ष्यों एवं एजेंडों को ध्यान में नहीं रखती जोकि समग्र विकास एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं,लिहाजा जुर्म से जुड़े हुए लोग बड़ी आसानी से लोकतंत्र के महल की राह खोज लेते हैं। जहां लोकसभा एवं विधानसभा में एक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा क्रमशः 95 लाख एवं 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है,वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता तो कुछ और ही रहती है। प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा पैसा खर्च किया जाता है। जनता का कुछ प्रतिशत ऐसा भी है जिसको धन के माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जाता है और यह वर्ग भी लालच अथवा अपनी मजबूरी के वशीभूत होकर अपना मत बेचने पर सहमत हो जाता है।

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता। जब तक अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इन चुनौतियों से निपटने का उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

सोशल फोरम

सबसे बड़ा रोड़ा

दुआ और प्रार्थना में भले ही आपसी झगड़े हों,लेकिन गति दोनों की एक सी ही है। लाखों फलस्तीनियों का जो हाल है वो बद से बदतरीन होता जा रहा है। किस इस्लामिक मुल्क के मुस्लिम इनके लिए दुआ नहीं मांगते होंगे। इस ईद पर सारे इस्लामी मुल्क उनके लिए फिर एक बार दुआ करेंगे, लेकिन कोई दुआ असर करती नजर नहीं आती। अब या तो दुआ मांगने वालों में ही कोई खोट है या ये एक गलतफहमी है कि दुआ से कुछ होता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यही हाल प्रार्थनाओं का हैं। करोड़ों लोग रोज प्रार्थना करते हैं। खैर किसी की प्रार्थना/दुआ के बारे में बहुत दावा नहीं कर सकता,लेकिन मेरी एक प्रार्थना आज तक पूरी नहीं हुई और अगर कहीं ये पूरी हो जाए तो देश की आधी समस्याएं छू मंतर हो जाएंगी। अपनी इस प्रार्थना के पीछे की कहानी कहना भी थोड़ा जरूरी है। वरना आप समझ नहीं पाएंगे। हुआ यूं कि एक नए शहर में मेरी बदली हुई। शहर में मुझे कुछ पाइप खरीदने थे तो दुकानदार ने कहा कि चलिए अपने गोदाम से दे देता हूं। उसका गोदाम भी सरकारी जगह घेर कर बनाए धर्म स्थल के अंदर ही था। धार्मिक स्थलों के नाम पर जगह घेर उनका व्यवसायिक उपयोग बहुत सामान्य बात है। किसी भक्त को इससे कोई कष्ट नहीं होता। हमारे शहर में टाटा कंपनी ने लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुत सी खाली जगह छोड़ रखी थी, लेकिन धंधेबाजों ने हर जगह धर्म स्थल खड़े कर दिए। एक ही लाइन से पास-पास तीन चार धर्म स्थल देख अफसोस होता है।

कायदे से हम उतने धार्मिक नहीं जितना होने का दिखावा करते हैं और जितने धर्म स्थल बना डालते हैं। इस सार्वजनिक पैसे से इन खुली जगहों पर जनता के हित में अनेक काम किए जा सकते हैं,लेकिन धंधेबाजों को इससे क्या मतलब और शायद भक्तों को भी इससे कोई तकलीफ नहीं। चलते रास्तों को अवरुद्ध कर जिस तरह धर्म स्थल इस देश में बनाए गए हैं। ऐसे धर्म स्थलों के सामने से मैं जब भी गुजरता हूं तो एक बार वहां के ऊपर वाले से अपने भक्तों को ज्ञान देने की प्रार्थना/दुआ जरूर करता हूं। अब ब्राह्मण तो मैं हूं नहीं वरना श्राप (बदुआ) जरूर दे देता। वैसे इस कलियुग में दुआ, प्रार्थना और श्राप की एक ही गति है। ये सब मानसिक स्खलन से ज्यादा कुछ भी नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

लोकप्रिय संस्कृति और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया है।

लोक साहित्य अथवा लोक संस्कृति सामान्यजन की रचना होती है,समष्टिजन की रचना होती है,उसकी एक निरंतर परंपरा होती है तथा उसकी चेतना सर्वमंगल से परिपूर्ण होती है,सब के भले में भला। लोक गीत,लोक कहानी, गाथा और पुराण पूरे समाज की थाती होती है तथा समाज उनके द्वारा मनुष्य के प्रति तथा मनुष्य की प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार को नियमित निर्धारित करता है।

लोक कथा प्रक्रिया या समष्टि प्रक्रिया में संपूर्ण समाज या संपूर्ण लोक जीवन की भागीदारी होती है। लोक साहित्य की चेतना सर्वजन चेतना है। इसके विपरीत लोकप्रिय संस्कृति की रचना व्यावसायिक कलाकारों द्वारा होती है। हालांकि वे अपनी वस्तु,विचार और अभिव्यक्ति शिल्प लोक संस्कृति से ही प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा लोगों को आकर्षित भी करते हैं। अधिक श्रोता और दर्शकों को पाने की होड़ में वे सेक्स, अपराध और दुस्साहसिक प्रवृत्तियों और प्रकृत जीवन को भी लोकप्रिय संस्कृति में समाविष्ट कर लेते हैं। अभिजात वर्ग विकसित देशों के जीवन की होड़ करता है तथा लोकप्रिय संस्कृति इस वर्ग की नकल करती है। लोक संस्कृति की प्राचीन परंपरा का विवेक, दर्शन और सहज ज्ञान तो लोकप्रिय संस्कृति में नहीं होता है,क्योंकि लोकप्रिय संस्कृति भोगवादी है। वह आध्यात्मिक प्रेरणा देने में असमर्थ है,उसमें आंतरिक प्रेरणा का स्रोत नहीं है। वह व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित है। आह और कराह के भी पैसे लिए जाते हैं। लोक संस्कृति में सभी दर्शक सभी पात्र स्वतः प्रेरित हैं। जबकि लोकप्रिय संस्कृति में कुछ किराए पर लाए गए पात्र स्टेज पर हैं,बाकी उस दृश्य के उपभोक्ता हैं।

लोकप्रिय साहित्य के अंग-उपांग लोकजीवन की नकल से बनते हैं, लोकजीवन से राग या लय ले ली, शैली ग्रहण कर ली,कहानी ले ली,लेकिन उसकी चेतना लोक चेतना नहीं होती,वह वर्ग या व्यक्तिचेतना होती है, उसमें लोकहित के आवरण में व्यक्ति या वर्ग स्वार्थ की चेतना होती है। उससे कमाई करना,दोहन और शोषण करना। उदाहरण के लिए लोकनृत्य गरबा को देखें, गरबा मूलतः एक आनुष्ठानिक लोकनृत्य है। गो ब्रजरमण लालजी की ब्रजयात्रा का अवसर था। गुजराती महिलाएं यात्रा कर रही थीं,मधुवन का पड़ाव था, यात्रा लौट करके जल्दी आ गई। संध्या के समय महिलाओं ने गरबा का आयोजन किया, कितना भक्तिभाव-विभोर नृत्य था, जैसे जसोदा का लाला उनके साथ मौजूद है। वे बार-बार भावों में उसकी बलैया लेती नाच रही थीं।

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया और अब वह एक युगल 'क्लब डांस' बन चुका है। लोकप्रिय गरबा ने मध्यम वर्ग व महिलाओं को इससे दूर कर दिया,इनकी जगह किशोर या युवा वर्ग आ गया है। डांडिया खेलने वालों में अधिकतर 18-25 वर्ष के लोग नजर आते हैं। सुना है कि अब उसमें शामिल होने की टिकट भी बेची जाती है। यही बात हम फिल्म के क्षेत्र में देख रहे हैं। लोक साहित्य और लोकप्रिय साहित्य में वही अंतर है,जो एक जमाने के राष्ट्रीय नेताओं की स्वतः स्फूर्त जनसभा और आज की रैली (जिसमें किराए की भीड़ जुटाई जाती है) में है।

कौन संभालेगा बिजनेस

करोल बाग के अजमल खान पार्क में सुबह तीन दोस्त घूमने के बाद एक बैंच पर बैठे हैं। कायदे से लंबी सैर के बाद इन सबको खुश होना चाहिए,पर सबके चेहरे पर तनाव की लकीरों को पढ़ा जा सकता है। इन सबकी चिंता एक जैसी है। इनके बच्चे अपने फैमिली बिजनेस का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वे कुछ हटकर करना चाहते हैं या करने ही लगे हैं। इस कारण से जमे-जमाए हुए बिजनेस पर संकट आ गया है। कुछ के बच्चे भारत से बाहर कनाडा, अमेरिका, दुबई या आस्ट्रेलिया में सेटेल हो गए हैं,जो बाहर चले गए हैं,वे वापस आने को तैयार नहीं हैं।

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

ये स्थिति सिर्फ करोल बाग में ही नहीं है। ये सारी दिल्ली में हो रहा है। दर्जनों बिजनेस करने वाले परिवारों के बच्चे अपने तरीके से जिंदगी जीना चाहते हैं। वे उसी लाइन पर चलने को राजी नहीं हैं,जो उनके बड़े-बुजुर्गों ने खींची है। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और विकास मार्ग में अपने स्थापित कपड़ों और ज्यूलरी के शो-रूम चला रहे कई परिवार अब अन्य विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। एक विकल्प यह है कि वे अपने स्पेस को रेंट पर दे दें। कुछ समय पहले करोल बाग में एक पुराने स्थापित साउथ इंडियन रेस्तरां और ड्राई फ्रूट की दुकान को रेंट पर दे दिया गया है। इसकी वजह वही है। नई पीढ़ी अपने परिवार के बिजनेस को करने में दिलचस्पी नहीं ले रही।

दरअसल जिन्हें अपने परिवार के बिजनेस को संभालना चाहिए था,वे सुबह 10 बजे से रात के 9-10 बजे तक शो-रूम में बैठने को तैयार नहीं हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रसिद्ध शूज शोरूम के मालिक जॉर्ज च्यू भी अपने शोरूम पर ताला लगाने के बारे में सोचने लगे थे जब उनका बड़ा बेटा कुछ साल पहले कनाडा सेटेल हो गया था। छोटे बेटे के पास आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक की डिग्री लेने के बाद देश-दुनिया से नौकरियों के बहुत सारे शानदार प्रस्ताव थे। वह टॉपर टाइप था आईआईटी में। उसने पिता की चिंता को समझा और वह अपने शोरूम को देखने लगा जिसे उसके दादा ने 1937 में शुरू किया था। बिजनेसमैन नरेन भीखूराम जैन का परिवार दिल्ली में एक सदी से भी अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। उन्हें हर दूसरे-तीसरे दिन उनका कोई जान-पहचान का व्यक्ति वही बात बताता है जिसकी वजह से न जाने कितने व्यापारियों की पेशानी से पसीना निकल रहा है। नरेन के पिता भीखूराम जैन दिल्ली से सांसद भी रहे थे। स्थिति यह हो चुकी है कि दशकों से जमा हुआ बिजनेस करने वाले कई परिवार भी अपने कारोबार के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उनके कामकाज को आगे लेकर जाना वाला कोई नहीं है। हालांकि काम सही चल रहा है और मुनाफा कमाकर दे रहा है।

आज से करीब बीसेक साल पहले कनॉट प्लेस का मशहूर नरूलाज रेस्तरां बंद हो गया था। वह तब अपनी लोकप्रियता के पीक पर था। नरूलाज के पिज्जा, आइसक्रीम, चाइनीज फूड, पेस्ट्रीज, केक वगैरह के जायके लाजवाब होते थे। कनॉट प्लेस का 1933 में श्रीगणेश हुआ और उसके अगले ही साल 1934 में एल ब्लाक में लक्ष्मी चंद नरूला तथा मदन नरूला ने नरूलाज होटल शुरू कर दिया। नरूलाज में 1950 में 'चाइनीज रूम' नाम से चाइनीज रेस्तरां शुरू हुआ। इसे राजधानी का पहला चाइनीज रेस्तरां माना जाता है। इसके बंद होने की वजह थी कि नरूलाज के मालिकों के बच्चे भारत से बाहर सेटेल हो गए थे वे उम्र दराज होने लगे थे। आखिर में उन्होंने अपना सारा बिजनेस समेट लिया,पर अब तो नरूलाज जैसे हालात बहुत व्यापक स्तर पर पैदा हो रहे हैं। इसका क्या हल है,यह चिंता न जाने कितने कारोबारी परिवारों को खाए जा रही है।

भाजपा के गढ़ में बसपा के बागी पर कांग्रेस का दांव

अनंत कृष्णन, मऊ

पूर्वांचल के वीआईपी जिलों की श्रेणी में आने वाले गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर चाय-पान की दुकानों में इस बार भी मुकाबला कांटे का ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। यहां भाजपा ने तीन बार से लगातार जीत रहे कमलेश पासवान पर जहां पुनः भरोसा जताया है तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने बसपा के बागी सदल प्रसाद पर दांव लगाया है। सदल प्रसाद 2004, 2014 और 2019 के चुनाव इस सीट पर हार चुके हैं। लेकिन 2014 व 19 में उनकी हार का अंतर कम रहा था। बसपा ने अभी इसी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

बांसगांव संसदीय सीट

बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान को अपने विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के साथ राम मंदिर से बने माहौल में आश्वस्त हैं कि वह जीत का चौका लगाने में कामयाब होंगे। कमलेश पासवान भाजपा के उन सांसदों में हैं, जिनकी संसद में उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में संसद में लिखित व मौखिक रूप से 150 से अधिक सवाल पूछे थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। सदल प्रसाद को उम्मीद है कि इस बार उन्हें संसद में पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। हालांकि हर किसी की निगाह बसपा के हाथी की चाल पर लगी हुई है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से वह किस करवट बैठेगा।

- जीत का चौका लगाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान कर रहे जी तोड़ मेहनत
- लगातार दो बार से बसपा के टिकट पर लड़ रहे सदल प्रसाद इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन से दे रहे चुनौती

75% रही है संसद में कमलेश पासवान की उपस्थिति



प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर (प्रतिशत)



कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद यहां से चार बार चुने जा चुके सांसद, 1980, 84 और 89 के बाद 2004 में जीते

किस विस में कितने मतदाता

- बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,55,437 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,91,459 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,63,938 है। बांसगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,79,709 है। इनमें पुरुष 2,07,012 और महिला 1,72,680 हैं। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,36,617 हैं। इनमें पुरुष 2,34,961 और महिला मतदाता 2,01,650 हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,16,397 हैं। इनमें पुरुष 1,63,109 और महिलाएं 1,53,274 हैं। बरहज में कुल मतदाता 3,18,481 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 1,64,338 और महिला मतदाता 1,54,132 हैं।

सदल प्रसाद का अपना आधार

- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद का क्षेत्र में अपना मजबूत आधार है। उनकी बसपा के काडर वोट पर मजबूत पकड़ है। वे बसपा के परंपरागत मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सदल प्रसाद 2004 में महावीर प्रसाद से 16 हजार से अधिक वोटों से हारे थे। 2009 में प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण सदल प्रसाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे। हालांकि उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बसपा यहां दूसरे और कांग्रेस के महावीर प्रसाद चौथे नंबर पर चले गए थे।

बसपा का नहीं खुला खाता

- इस सीट पर बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है। पार्टी सदल प्रसाद के दम पर ही इस सीट को जीतने की लगातार कोशिश करती रही पर उसे सफलता नहीं मिली। अब देखना यह है कि पार्टी यहां किस चेहरे पर दांव लगाती है।

पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में गोरखपुर की चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और देवरिया जिले की रुद्रपुर और बरहज विधानसभा सीटें आती हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरदस्त प्रभाव है। उनकी कड़ी मेहनत और क्षेत्र के विकास की वजह से ही पार्टी के पास यहां पांचों विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं।

मोलहू प्रसाद का अनोखा प्रचार

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 के लोकसभा चुनाव में मोलहू प्रसाद ने दिखाया था। वह साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, लोक गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे। मोलहू प्रसाद सांसद चुन लिए गए थे।

बांसगांव सीट : जीत-हार का इतिहास

- बांसगांव सीट पर 1952 और 1962 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। इसके बाद यहां से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने जीत दर्ज की। 1971 में यह सीट पुन: कांग्रेस के खाते में आई लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस को यह सीट गंवानी पड़ी थी।
- 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के महावीर प्रसाद ने यहां जीत दर्ज की और वे लगातार तीन चुनाव जीतने में कामयाब हुए। इस सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाने लगा था। लेकिन 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में कांग्रेस को यहां करारी हार झेलनी पड़ी।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया का नारा फेल होने के बाद कांग्रेस के महावीर प्रसाद पुन: जीते। पर 2009 में यह सीट भाजपा के पास चली गई। कमलेश पासवान यहां से सांसद बने और लगातार जीत रहे हैं।

13495 वोट पड़े थे नोटा में वर्ष 2014 के चुनाव में

14093 नोटा को वोट 2019 के लोकसभा चुनाव में

03 नंबर पर थे 2019 चुनाव में नोटा के मिले वोट

17 प्रदेश की आरक्षित सीटों में यहीं भाजपा प्रत्याशी चौथी बार

राम लहर में खुला भाजपा का खाता

- 1991 की राम लहर में यह सीट भाजपा के खाते में आई। 1996 में जब चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान को यहां से मैदान में उतारा और वह जीत गईं। तब सुभावती को सहानुभूति का लाभ मिला था क्योंकि उनके पति पूर्व विधायक ओमप्रकाश की हत्या हो गई थी। हालांकि 1998 और 1999 में यह सीट पुन: भाजपा के कब्जे में आई। सुभावती पासवान यहां से लगातार हारीं तो उन्होंने राजनीतिक विरासत पुत्र कमलेश पासवान को सौंप दी। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले कमलेश ने गोरक्षपीठ का रुख किया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ा और ऐसा जीते कि तीन बार से जीत रहे हैं।

राष्ट्रीय दलों का पंजाब के साथ हमेशा उपेक्षा भरा बर्ताव

लुधियाना। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रीय दलों पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत जैसा मानते हैं और इसे 'हड़पना' चाहते हैं। उन्होंने राज्य में फ्लाईओवर, पुल, सीवरेज सिस्टम और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों पर बात करते हुए दावा किया कि ऐसे सभी काम शिअद कार्यकाल के दौरान हुए थे। बादल पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश सिंह गरचा के स्वागत समारोह में बोल रहे थे, जो चार साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में लौट आए। बादल ने कहा कि राष्ट्रीय दल पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत के रूप में मानते हैं और राज्य के लोगों का दिल जीतने की कोशिश करने के बजाय इसे अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा का शिअद के लिए पंजाब और पंजाबियों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। हम राष्ट्रीय पार्टियों की तरह पंजाब के मूल मुद्दों पर कभी समझौता नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर आप सरकार पर निशाना साधते हुए बादल ने कहा, एक बार शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में लौटने पर कोई भी गैंगस्टर या उनके संरक्षक राज्य में नहीं रहेंगे। मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के सात वर्षों के शासन के दौरान, विकास कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ा, नागरिक बुनियादी ढांचा तक बदहाल है। बादल ने यह भी कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब में 'छद्म युद्ध' में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां केंद्र में गठबंधन में हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ मंच भी साझा किया था। लेकिन दोनों पार्टियां पंजाब में लोगों को गुमराह कर रही हैं।

सुखबीर सिंह बादल

सबका ख्याल नागपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक दुकान पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित प्रचार सामग्री को तैयार करने में जुटा कारोबारी।

संजय निरुपम नवरात्र में करेंगे खुलासा

मुंबई। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को अनुशासनहीनता में निष्कासित कर दिया है, हालांकि निरुपम का दावा है कि वह पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। अब संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि वह इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के लिए रूप में नहीं, बल्कि किसी पार्टी के टिकट पर उतरेंगे। इसके लिए सभी को नवरात्र तक इंतजार करना चाहिए। अभी तक के संकेतों में वह भाजपा या उसके किसी सहयोगी दल में जा सकते हैं। संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा था कि महाराष्ट्र में मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से खिचड़ी चोर अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। महा विकास अघाड़ी के इस प्रत्याशी को वह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस!

महेश शर्मा

गाजियाबाद। दिल्ली की करवट में बसे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू दिया है। यहां से वर्तमान सांसद जनरल (रि) वीके सिंह की जगह भाजपा ने हापुड़ के अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। उनके प्रचार अभियान को धार देने के लिए गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कानपुर के एमएलसी मानवेंद्र सिंह प्रवास कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को रोड शो करके यहां मतदाताओं को रिझाएंगे। दूसरी तरफ सपा समर्थित कांग्रेस की डॉली शर्मा मैदान में हैं। हालांकि यहां बसपा का भी प्रत्याशी है, लेकिन शुरुआती तस्वीर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

परिसीमन के बाद बनी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 2009 में हुआ था। भाजपा अध्यक्ष रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां से विजयी हुए थे। हालांकि वह 2014 में लखनऊ से लड़ने चले गए थे। इस पर पार्टी ने यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रि) को उतारा। वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। गाजियाबाद 23 लाख मतदाताओं के कारण देश के बड़े लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है। इसमें लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र अब भाजपा की परंपरागत सीट बन चुका है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 9,44,503 वोट पाकर करीब पांच लाख मतों से सीट जीती थी। सपा-बसपा के प्रत्याशी सुरेश बंसल को 4.43 लाख मत ही मिले थे। 2014 में भी जनरल वीके सिंह जीते थे, तब कांग्रेस के राज बब्बर को 1.91 लाख ही वोट मिले थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग हापुड़ के हैं। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले जनरल वीके सिंह (रि) दो बार तो परिसीमन से पहले आगरा निवासी डा.रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। गाजियाबाद को पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने नेहरू जयंती पर 14 नवंबर 1976 को जिला घोषित किया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा इसे उपलब्धि बताती हैं। 2019 के चुनाव में वह 1.12 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं।

इस लोकसभा क्षेत्र में सात बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 1952 में यह हापुड़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा था। कृष्णचंद शर्मा, प्रकाशवीर शास्त्री, बीपी मौर्य, कुंअर महसूद अली, केसी त्यागी जैसे दिग्गजों ने यहां से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 72 फीसदी हिंदू आबादी के कारण यहां हिंदुत्व की लहर का खासा असर रहता है। गाजियाबाद मे छह लाख ब्राह्मण, तीन-तीन लाख वैश्य और जाटव हैं। ढाई लाख राजपूत व ठाकुर और दो लाख जाट मतदाता हैं। बसपा जाटव व मुसलमान वोटरों पर असर डालती है तो यह लड़ाई त्रिकोणात्मक भी हो सकती है।

- मतदाताओं को रिझाने के लिए पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो
- पिछले चुनाव में भाजपा यहां करीब पांच लाख वोटों से जीती थी

गाजियाबाद में मोदी के रोड शो के लिए उत्साह

गाजियाबाद। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने इस वीआईपी सीट पर विजय का समीकरण बनाने को डेरा डाले हैं। संगठन ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी पर चर्चा की और रोड शो की सफलता के लिए दायित्व सौंपें। मानवेंद्र का कहना है कि मोदी के रोड शो के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह है। पार्टी पिछली बार से बड़ी जीत हासिल करेगी।

वोट की पहचान कर्नाटक सरकार का उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड ही यह स्याही बनाता, कंपनी ने उत्तर प्रदेश को मांग के मुताबिक अमिट स्याही की कर दी आपूर्ति

प्रदेश में मतदान के लिए लगेंगी अमिट स्याही की 3 .58 लाख शीशियां

मनोज त्रिपाठी

कानपुर। देश में किसी मतदाता ने चुनाव में वोट दिया है, इसकी एक ही निशानी होती है, अंगुली पर लगी नीली-बैंगनी रंग की अमिट स्याही। लोग स्याही लगी अपनी अंगुली की तस्वीर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को अमिट स्याही की सबसे बड़ी खेप की आपूर्ति की गयी है। कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) के पास सबसे बड़ा ऑर्डर उत्तर प्रदेश से ही था। उसने राज्य को स्याही की 3.58 लाख शीशियां भेजी हैं, जबकि सबसे कम लक्षद्वीप को अमिट स्याही की 110 शीशियों की आपूर्ति की गई है।

चुनाव में अमिट स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता दो बार वोट न करने पाए। धोखाधड़ी और कई बार की वोटिंग से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता और प्रचार अभियान में अमिट स्याही लगी अंगुली को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने अमिट स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये खर्च आया था।

इस बार आयोग ने करीब 55 करोड़ रुपये से 26.55 लाख स्याही की शीशियां खरीदी हैं। यह स्याही देश में सिर्फ एक ही कंपनी कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) द्वारा बनाई जाती है। कंपनी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अमिट स्याही की शीशियों की आपूर्ति कर दी है। कंपनी वर्ष 1962 से केवल निर्वाचन आयोग के लिए अमिट स्याही का निर्माण कर रहा है। मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड की वर्ष 1937 में स्थापना हुई थी। मैसूर के महाराजा कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। लेकिन कंपनी तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति पर कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1962 के चुनाव में इस स्याही को चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। तब से लगातार इस स्याही का प्रयोग हो रहा है, और चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है।

1962 से किया जा रहा इस्तेमाल चुनाव आयोग दूसरा विकल्प नहीं तलाश पाया

26.55 लाख स्याही की शीशियां आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए खरीदी हैं

- 26 लाख अमिट स्याही की शीशियां 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने खरीदी थीं
- 33 करोड़ रुपये अमिट स्याही पर 2019 में खर्च आया था
- 55 करोड़ रुपये 2024 के चुनाव में अमिट स्याही पर आया खर्च

सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का होता इस्तेमाल

- अमिट स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर स्याही लगने के बाद उसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट पानी के संपर्क में आने पर काला हो जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब खत्म होता है जब त्वचा की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और निकलने लगती हैं।

अमेठी-रायबरेली में अपनों में फंसी कांग्रेस

नेतृत्व की चुप्पी से कार्यकर्ताओं में बेचैनी, राहुल-प्रियंका और राबर्ट वाड्रा में आखिर कौन

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

अमृत विचार : अमेठी-रायबरेली के राजनीतिक हलके में रोज नित नए खुलासे किए जा रहे हैं। दोनों जिले के लोकसभा प्रत्याशी को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं के होठों पर मुस्कान है तो वहीं शब्दों में तलवारें। उनको मालूम है कि अगर जुबान फिसल गई तो विरोधियों की तलवारें चलने लगेगी, जो वोट बैंक की फसल काट देगी। दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे हैं, वो बस मांग रहे हैं जनता से अपने हिस्से के वोट गांधी परिवार के समर्थन में।

राबर्ट वाड्रा के बयान के बाद अमेठी में उनके नाम की भी चर्चा होने लगी कि दामादजी ही कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे। वहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद से रायबरेली में चुप्पी छाई थी। ऐसी चुप्पी जैसे मन करता हो किसी ने कांग्रेसियों पर पत्थर गिरा दिया हो। पर राबर्ट के एक चैनल को दिए इंटरव्यू के बाद हर कोई बोलने लगा है दामाद अगर अमेठी और रायबरेली से प्रियंका या राहुल गांधी में से एक कोई चुनाव मैदान में आए तो दोनों जगह गांव-गांव बाहें फैलाकर कांग्रेसी उनको जिताएंगे।

रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी को लेकर एक इंटरव्यू में कहा है कि मेरे लिए यह मांग आ रही है कि मैं अमेठी को या देश के किसी भी कोने को प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा बोले अगर मैं सांसद बनने का फैसला करता हूं तो अमेठी के लोग मुझसे अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करते हैं।

वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर में कड़ी मेहनत की है। प्रियंका गांधी का भी अमेठी-रायबरेली की जनता से खासा लगाव है।

अजब रणक्षेत्र

दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे- बस मांग रहे जनता से कांग्रेस और गांधी परिवार के समर्थन में वोट

हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा

कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि रायबरेली-अमेठी दोनों सीट पार्टी जीतेगी। इसके लिए 2019 में स्मृति ईरानी से मिली हार के बाद से ही हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति पर काम चल रहा है, जो 2024 के चुनाव में दिखेगा। प्रदेश में हमारा वोट शेयर यहां सबसे ज्यादा होगा।

1967 में इंदिरा गांधी तो 2004 में आईं सोनिया गांधी

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था। वहीं 2004 में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आई। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

स्मृति ईरानी से अमेठी के लोग परेशान : वाड्रा

अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी से परेशान हैं। लोगों को लगता है कि उन्होंने उन्हें चुनकर गलती की है। अमेठी के लोग चाहते हैं कि अब यहां से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़े। वे मेरी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। प्रियंका की क्या सोच है या बाकी लोगों की क्या सोच है उस बारे में अमेठी के लोग इंतजार करें।

रायबरेली सीट

वर्ष	पार्टी	प्रत्याशी	कुल वोट	वोट दर	जीता कौन
2019	कांग्रेस	सोनिया गांधी	534918	56%	167178 वोटों से सोनिया गांधी
	भाजपा	दिनेश प्रताप सिंह	367740	38%	
2014	कांग्रेस	सोनिया गांधी	526434	64%	352713 वोटों से सोनिया गांधी
	भाजपा	अजय अग्रवाल	173721	21%	
2009	कांग्रेस	सोनिया गांधी	481490	72%	372165 वोटों से सोनिया गांधी
	बसपा	आरएस कुशवाहा	109325	16%	

अमेठी सीट

वर्ष	पार्टी	प्रत्याशी	कुल वोट	वोट दर	जीता कौन
2019	भाजपा	स्मृति ईरानी	468514	50%	55120 वोटों से स्मृति ईरानी
	कांग्रेस	राहुल गांधी	413394	44%	
2014	कांग्रेस	राहुल गांधी	408651	47%	107903 वोटों से राहुल गांधी
	भाजपा	स्मृति ईरानी	300748	34%	
2009	कांग्रेस	राहुल गांधी	464195	72%	370198 वोटों से राहुल गांधी
	बसपा	आशीष शुक्ला	93997	15%	

मतदाता जागरुकता अभियान में जुटे विद्यार्थी

बाराबंकी में मतदाताओं को जागरुक करती शिक्षिका। अमृत विचार

लखनऊ अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है। इसके लिए छात्र- छात्राएं न केवल निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बल्कि रंगोली, स्लोगन व दीवार लेखन के जरिए लोगों को प्रेरित करने केलिए जुट गए हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया है। शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील करते हुए कहा गया है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें।

मतदाताओं को लुभा रहा रामनगरी का विकास

चुनाव की अंतर्धारा में गूंज रही अयोध्या

अयोध्या पहुंच रहे प्रदेश के हजारों मतदाता

पड़ोस के गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर से बाराबंकी तक के हजारों श्रद्धालु मतदाता दर्शन-पूजन के लिए रोज अयोध्या पहुंच रहे हैं। साफ कहते हैं कि अयोध्या का विकास अदभुत है। इसका प्रभाव पड़ोस के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर पड़ रहा है। बस्ती के परशुरामपुर के दिलीप कुमार पांडेय कहते हैं कि अयोध्या के साथ राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ स्थल से चलने वाली परिक्रमा से क्षेत्रका विकास होगा। यह चुनाव में प्रभाव डाल रहा है। गोंडा के परसपुर से आए रज्जन तिवारी कहते हैं अयोध्या का प्रभाव बाबा तुलसी की जन्म स्थली पसका और राजा पुरवा तक दिख रहा है। अयोध्या से विकास का मुद्दा यहां भी है।

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : जिले के साथ प्रदेश के अन्य जिलों के चुनाव की अंतर्धारा में अयोध्या गूंज रही है। इन जिलों के मतदाताओं को रामनगरी का विकास लुभा रहा है। कई हजार करोड़ की परियोजनाएं, लाखों श्रद्धालुओं की आमद से बदली तस्वीर उन्हें रास आ रही है। अयोध्या से उनको बड़ी उम्मीद है। ऐसे विकास की अपेक्षा करते हैं। अयोध्या का विजन पड़ोस में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है।

अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गई तो कुछ पूरी होने वाली है। एयरपोर्ट से आधुनिक रेलवे स्टेशन, चौड़ी सड़कें, हाईवे से जुड़ाव ऐसे काम है साफ दिखते हैं। पड़ोसी जिले के लोगों को लुभाते हैं। चुनाव का दौर है। तुलना स्वाभाविक है। गोंडा तरबगंज के शेष नरायन पांडेय दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए। कहते हैं अयोध्या बहुत बदल गई। इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी थी। हमारे जिले में भी ऐसा होता तो कितना अच्छा रहता। बात छेड़ते हैं 84 कोसी परिक्रमा की।

अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 232 किमी. लंबा यह मार्ग अयोध्या सहित पड़ोस के पांच जिलों बस्ती, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा से होकर निकलता है। फोरलेन पथ बनेगा, श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी। गोंडा में लगभग 60 से 70 किमी. की दूरी है। बस्ती में 30 से 40 किमी.। बाराबंकी और अंबेडकरनगर में भी कुछ दूरी है। पथ और पथ के इर्द-गिर्द बड़े धर्मस्थल, ऋषियों की तपस्थलियां है। 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण से विकास की उम्मीद है। इसके बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उनके क्षेत्र का भी विकास होगा। अयोध्या का यह विजन चुनाव में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है। इन जिलों के प्रत्याशी भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष अयोध्या से होने वाले विकास को भुना रहे हैं।

मुद्दे की बात

विकास का नया द्वार खोलेगा एडीए का विस्तार

चुनाव की अंतर्धारा में अयोध्या विकास प्राधिकरण का विस्तार भी है। गोंडा और बस्ती के लिए अयोध्या वरदान बन रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण का क्षेत्र बढ़ा। अयोध्या जिले के 154 गांवों के साथ गोंडा के 63 और बस्ती के 126 गांव शामिल कर दिए गए। यह विस्तार गोंडा के नवाबगंज तक पहुंच गया। यह सरयू पार के गांव है। ज्यादातर कछारी थे। जमीनों के दाम बढ़े। बड़े होटल और धर्मशालाओं के साथ दुकान और प्रतिष्ठान बन रहे हैं। रिवर फ्रंट जैसी स्थिति बन रही है। नई अयोध्या उधर बढ़ रही है। रौनक बढ़ गई। गोंडा, बस्ती में यह विकास का द्वार खोल रहा है।

योजनाओं के आगे फीकी वादों की गठरी

मोदी की मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं बन रहीं गेमचेंजर

बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थ के दाम और महंगाई के मुद्दे क्यों हैं बेअसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: सखी सईंया तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाये जात है.. जब 13 अगस्त 2010 को रिलीज़ हुई पीपली लाइव फिल्म तो इस गीत ने कमाल का असर दिखाया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर इस कदर हमले किए कि देखते ही देखते चार साल के भीतर कांग्रेस सरकार और महंगाई एक-दूसरे के पूरक बन गए। नतीजा रहा कि भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता ही नहीं छीनी, कांग्रेस मुक्त अभियान को भी असरदार बनाया। लेकिन अब पेट्रोलियम पदार्थों से लेकर आम जरूरत के हर सामान का दाम दिन दूना रात चौगुना रफ्तार से बढ़ने के बावजूद महंगाई का मुद्दा असरदार नहीं दिख रहा है।

महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता में लामबंदी बहुत कम देखी जाती है, लोग सड़कों पर



नहीं उतरते तो मान लीजिए कि यह सरकारों का सौभाग्य है। लेकिन असल में यही देश का दुर्भाग्य भी है। नेता एक-दूसरे को कोसते रह जाते हैं। कोई कहता है पुराने दिन ही भले थे, कोई अच्छे दिन की ढांढस बंधाता रह जाता है। लेकिन समस्या जस की तस मुंह बाये खड़ी है। ऐसे में मोदी सरकार की गांव से लेकर शहर तक मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं वोट की गांरटी बन गई हैं।

इंडिया गठबंधन का महंगाई घटाने व रोजगार पर फोकस

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के जारी हुए 48 पेज के न्याय घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गांरटी के जरिए महंगाई पर करारा हमला करते हुए रोजगार पर फोकस ज्यादा है। रसोई गैस समेत कई प्रमुख जरुरतों के दाम अपनी पिछली सरकार के स्तर पर लाने का वादा भी है। युवा, महिला, मजदूर और किसान के लिए खास वादे हैं। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की योजनाओं का वादा किया गया है। लेकिन मोदी की गारंटी के आगे घोषणा पत्र कितना असर दिखाएगा, यह परिणाम तय करेंगे।

मतदाताओं को लुभाती मोदी की यह 10 योजनाएं

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में इसका खूब असर दिखा था, इस चुनाव में भी बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है। योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।
- **महिला सम्मान बचत पत्र :** पिछले साल आम बजट 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7 .5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है, कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक खाता खुलवा सकती है।
- **पीएम विश्वकर्मा योजना :** इस योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले लागू किया, बाद में केंद्र सरकार ने अपनाया। हाल यह है कि चुनाव में खासा असर दिखा रही है। नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर।
- **पीएम स्वनिधि योजना :** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 1 जून 2020 को हुई थी। इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है।
- **पीएम किसान सम्मान निधि :** पीएम किसान सम्मान निधि का एलान प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है।
- **आयुष्मान भारत योजना :** आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है।
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को दो लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपए सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्यत से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है।
- **अटल पेंशन योजना :** यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है।
- **उज्ज्वला योजना :** मोदी ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

कहीं नहीं दिख रहा चुनाव का जोर

हरदोई

अमृत विचार: एक समय था जब चुनाव की घोषणा होते ही सड़कों पर शोर शराबा, रैलियां शुरू हो जाती थीं, बड़े-बड़े वाहनों पर गाते बजाते लोग प्रत्याशी के लिए वोट मांगने लगते थे, लेकिन अब समय बिल्कुल बदल गया है। 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर किसी भी प्रत्याशी या उनके समर्थकों में कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। केवल जिला प्रशासन स्वीप रैलियां व बैठकें कर रहा है।

प्रशासन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं, लेकिन प्रत्याशी व जनता बिल्कुल शांत है। गांव से लेकर शहर तक किसी भी प्रत्याशी की हार-जीत को लेकर कोई चर्चा अब तक नहीं हो रही है। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अब चुनावों से पहले होने वाला शोर शराबा, पोस्टर बाजी, बिल्ला स्टीकर

▸▸ शांत बैठे हैं प्रत्याशी व राजनीतिक दल, गायब हो गए माइक व भोंपू

कहीं नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। पहले चुनाव शुरू होते रिक्शों पर बाइक बांध कर सुबह से रात तक चुनावी प्रचार होता रहता था। गलियों से लेकर मुख्य चौराहे तक बड़े-बड़े पोस्टर, होर्डिंग्स से पट जाते थे। गांव में बच्चे तक चुनावी बिल्ला, झंडा लिए दिखाई पड़ते थे। शहर से लेकर गांव तक चुनाव की धूम मची रहती थी, लेकिन अब चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अधिसूचना जारी होते ही प्रचार सामग्री हटाई जाने लगती है। चुनाव को लेकर सिर्फ प्रशासन की तैयारियां दिखाई पड़ रही हैं। मतदान बढ़ाने को लेकर गांव से शहर तक हर वर्ग की रैलियां निकाली जा रही हैं। जिले का चुनाव इतना शांत है कि जनता में किसी प्रत्याशी के लिए कोई उत्साह नहीं है। वर्षों से जिन दो चेहरों को वह सांसद के रूप में देख रहे हैं, वहीं चेहरे फिर मैदान में हैं। चुनाव जीतने के बाद दोनों चेहरे जनता से रूबरू नहीं होते हैं।

शैली प्रचार की राजधानी लखनऊ में चुनावी अंकगणित मजबूत करने की कवायद में जुटी भाजपा

बूथ मजबूत कर भाजपा प्रचार अभियान में बाजी मारने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: एक ओर मोदी की चुनावी पाठशाला और नमो ऐप के जरिए जन-जन से सीधे संवाद तो दूसरी ओर पन्ना प्रमुख बना बूथ मजबूत कर आगे बढ़ता भाजपा का चुनावी कार्यक्रम अब धीरे-धीरे रफ्तार लेने लगा है।

जहां विपक्षी दल अभी उम्मीदवार तय करने में फंसे नजर आ रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई एलईडी वाहनों की परमीशन ले अपने चुनावी अभियान में अन्य दलों से ''लीड'' लेती दिख रही है। कोई भी ऐसा अवसर भाजपाई हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं जहां उनकी चुनावी ''अंकगणित'' मजबूत न हो रही हो। चाहे वह भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे होली मिलन समारोह के कवि सम्मेलन हों या फिर आने वाले दिनों में होने वाले महानगर के स्थापना दिवस समारोह।

कम भीड़भाड़ वाले स्थलों पर वीडियो वैन बताएंगी उपलब्धियां

कम भीड़भाड़ और ज्यादा से ज्यादा लोगों के गुजरने वाले स्थानों पर ये वीडियो वैन सरकार की उपलब्धियां बताती नजर आएंगी। इनमें एलईडी लगी होगी जो मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे

शहर के अलग-अलग इलाकों में होते होली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन के जरिए व्यापारियों के बीच सीधे प्रवेश कर मंचों से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते नजर आ रहे हैं। सरकार के मंत्री हों या फिर विधायक अथवा कोई अन्य जनप्रतिनिधि, ज्यादातर सभी मंच पर भाजपा का प्रतिनिधित्व नजर आ रहा है। लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी बताते हैं कि हम प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। आगामी दिनों महानगर अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके जरिए भी बूथ कार्यकर्ताओं तक पहुंच उन्हें चुनावी रणनीति से अवगत कराया जाएगा। बुधवार की शाम पांडेयगंज व्यापार मंडल के कवि सम्मेलन में कई बड़े कवि भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। वीर रस के वरिष्ठ कवि वेदव्रत वाजपेयी ने सुनाया 'भारत मां तेरे बेटों का हर संकट टल जाएगा, चक्र सुदर्शन पहली गाली देने पर चल जाएगा, हमने जो भी कस्में खाईं सब पूरी कर डाली है, इस मिट्टी को कंचन करने की सौगंध उठा ली है, खंडित भारतमाता की पूरी तस्वीर बनाएंगे, अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे।

▸▸ नमो ऐप के जरिये जन-जन से संवाद की मुहिम

मतदाताओं को जगाने में जुटे एलईडी वाहन

- भले ही राजधानी लखनऊ में चुनाव 20 मई को हों लेकिन भाजपाई प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। एलईडी वाहन बाकायदा मतदाताओं को जगाने में लग चुके हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक प्रचार के लिए एलईडी वाहनों (वीडियो वैन) की परमीशन दे दी गई है। आठ अप्रैल से सभी एलईडी वाहन प्रचार अभियान में जुट जाएंगे।

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को ठहराया झूठ का पुलिंदा

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा ठहराया है। प्रदेश चुनाव संचालन समिति के संयोजक व प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और जेपीएस राठौर ने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासनकाल में देश की जनता को गरीबी और बदहाली ही मिली है। जबकि जनता को विश्वास है कि भाजपा के संकल्प पत्र में जो लिखा हुआ है, वह पूरा होने की गारंटी है क्योंकि इसके पीछे मोदी की गारंटी है। राज्य मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता में दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र झूठ का पुलिंदा हैं। वे लोग भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने की बात कर रहे हैं, जबकि आजादी के 70 वर्षों तक देश की तस्वीर और तकदीर के साथ धोखा किया। वास्तव में कांग्रेस को भारत से नफरत है, वह हमेशा देश को बदनाम करने के बारे में सोचती रहती है। वे वोट देने वाली जनता को राक्षस कहते हैं, महिलाओं को बाजारू कहते हैं।

14 नए मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई शुरू करने की तैयारियां हुईं तेज

संसाधन जुटाने को राज्य सरकार ने भेजा भारी भरकम बजट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : आने वाले सत्र में प्रदेश के 14 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने की कवायद तेज हो गईं हैं। राज्य सरकार ने शुक्रवार को सभी कॉलेजों को भारी भरकम बजट जारी कर दिया है और समय पूर्व संसाधन जुटाने के निर्देश दिये गये हैं ताकि नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) द्वारा मंजूरी मिलने पर, नीट 2024-25 की प्रवेश संबन्धी काउंसिलिंग में इनकी 1400 सीटों को शामिल किया जा सके।

राज्य सरकार के उप सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी द्वारा नए मेडिकल कॉलेजों में संसाधन जुटाने के लिए गैर वेतन मद में प्रस्तावित 250 करोड़ के बजट में 41 करोड़ 67 लाख रुपये की पहली किस्त महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा को जारी किये गये हैं। हर कॉलेज को लगभग एक करोड़ 76 लाख रुपये प्रस्तावित है। इस बजट से नए सत्र में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए संसाधन जुटाने होंगे।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा इन कॉलेजों में 100-100 सीटों पर एमबीबीएस शुरू होना है, जिसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन नई दिल्ली को आवेदन भेजा गया है, एनएमसी की टीम इन कॉलेजों का दौरा करेगी और एमबीबीएस की पढ़ाई के तय मानकों का परीक्षण करेगी, जिनके पूरे होने पर ही प्रवेश लेने की अनुमति दी जायेगी। जिसके बाद प्रवेश प्रारंभ हो सकेंगे।

शुरू होने वाले कॉलेज

हर जिला, मेडिकल कॉलेज योजना के तहत राज्य में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहे हैं। पहले चरण में पांच, दूसरे चरण में 13 और जल्द शुरू होने वाले तीसरे चरण में 14 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस प्रवेश लिया जायेगा। खुलने वाले ये मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, अमेठी, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी में स्थापित हैं। सभी कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटें होंगी। जिसके बाद प्रदेश में सरकारी संस्थानों में एमबीबीएस की 3828 सीटें बढ़कर 5228 हो जायेंगी।

सपा के अतुल प्रधान समेत 81 के नामांकन खारिज

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर 94 प्रत्याशी मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच में मेरठ से सपा के अतुल प्रधान समेत 81 प्रत्याशियों की नामांकन खारिज हो गए हैं। इन सीटों पर 94 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। 8 अप्रैल को वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। इस चरण में मतदान 26 अप्रैल को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मेरठ सीट पर 22 नामांकन हुए, जिसमें नो पर्चे वैध पाये गये। समाजवादी पार्टी के अतुल प्रधान समेत 13 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गए हैं। भारतीय जनता दल पार्टी के राजेश गिरी, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्या के भूपेन्द्र सिंह, जय समता पार्टी के धर्मवीर, राष्ट्रीय जनसंचार दल के सोनू कुमार और निर्दलीय अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, राकेश उप्पल, मयंक कुमार, जयपाल सिंह उर्फ जेपी सिंह आदि के नामांकन भी निरस्त हुए हैं।

कारण बताओ नोटिस में असहमति के कारणों को स्पष्ट करना आवश्यक

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के मामले में कहा कि अनुशासनात्मक प्राधिकारी को दोषमुक्ति से असहमत होने के कारणों को दर्ज करना चाहिए, जिससे दोषी कर्मचारियों को प्रभावी ढंग से अपना बचाव करने का अवसर मिल सके। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि जांच अधिकारी की राय से असहमत होने के लिए कारण बताओ नोटिस में कारण दर्ज करने का एक निश्चित उद्देश्य है।

यह दोषी कर्मचारी को उन मुद्दों पर अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर प्रदान करता है, जिन पर अनुशासनात्मक प्राधिकारी उलझ जाते हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। वर्तमान मामले में कर्मचारी श्याम केवल राम (विपक्षी) के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच शुरू हुई, जिसमें वह अस्थाई रूप से गबन के आरोप में दोषी पाया गया था। कर्मचारी को आरोपों से मुक्त करने पर असहमति जताते हुए प्राधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उक्त आदेश को कर्मचारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कर्मचारी की ओर से तर्क दिया गया कि जांच अधिकारी के निष्कर्ष की अवहेलना करने के कारणों को न बताकर कर्मचारी को अपने बचाव का अवसर नहीं दिया गया। उपरोक्त आदेश को राज्य सरकार ने चुनौती देते हुए वर्तमान अपील दाखिल की। कोर्ट ने पाया कि प्राधिकारी की कार्यवाही गलत थी। अंत में कोर्ट ने एकलपीठ के आदेश में हस्तक्षेप ना करते हुए वर्तमान अपील खारिज कर दी।

भाजपा ने घोषित सार्वजनिक अवकाश खत्म किए : अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने निषादराज गुह्य व महर्षि कश्यप की जयंती पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को खत्म कर दिया। उन्होंने यह बात शुक्रवार को महर्षि कश्यप और निषादराज गुह्य की जयंती पर बधाई देते हुए कही। इस अवसर पर सभी सपा के जिला कार्यालयों पर महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती संपन्न हुई।

राजधानी के बालागंज स्थित निषादराज गुह्य की प्रतिमा पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने माल्यार्पण करने के बाद कहा कि भाजपा ने निषाद समाज को अपमानित किया है। सपा सरकार में निषाद समाज को सिंघाडा तालाब, मत्स्य तालाब के पट्टे दिये गये थे अब यह सुविधा छीन ली गई है। पूर्वमंत्री पप्पू निषाद ने कहा कि जब तक भाजपा सरकार नहीं हटेगी तब तक पिछड़ों, दलितों, शोषित-वंचितों को सम्मान नहीं मिलेगा।

सहमति से तलाक के बाद भरण-पोषण का दावा पति के उत्पीड़न समान

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के मामले में पति द्वारा दाखिल पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर कोई महिला आपसी सहमति से तलाक के समय अपने पति से गुजारा भत्ता का दावा करने का अधिकार छोड़ देती है तब वह बाद में इसकी मांग नहीं कर सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की एकल पीठ ने गौरव मेहता की याचिका को स्वीकार करते हुए की।

याचिका में अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, गौतमबुद्ध नगर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें अंतरिम भरण-पोषण के रूप में पति को प्रतिमाह 25 हजार रुपए देने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि एक बार जब एक पत्नी ने समझौते की शर्तों के आधार पर तलाक प्राप्त कर लिया तो पत्नी के लिए अपने पति के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करना संभव नहीं है। यह पति के उत्पीड़न के समान होगा। कोर्ट ने आगे कहा कि इसमें प्रावधान है कि अगर कोई पत्नी सहमति से अलग रह रही है तो उसे पति से भरण- पोषण भत्ता प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा।

दरअसल वर्ष 2006 में हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पुनरीक्षणकर्ता (पति) से उसकी पत्नी ने आपसी सहमति से तलाक की डिक्री इस शर्त पर प्राप्त की कि वह पति से भरण-पोषण का कोई दावा नहीं करेगी और नाबालिग बेटे की कस्टडी मां को दे दी जाएगी। इसके बाद वर्ष 2013 में उसने अपने नाबालिग बेटे द्वारा सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की मांग करते हुए एक आवेदन दाखिल किया। इस आवेदन को स्वीकार करते हुए बेटे को प्रतिमाह 15 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया और वर्ष 2020 में पत्नी ने भी उक्त धारा के तहत पति से उसकी आय का 25% भरण-पोषण के रूप में मांगा, जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है।

मलिहाबादी के साथ उन्नाव के दशहरी का स्वाद चखेंगे विदेशी

लखनऊ, अमृत विचार : विदेश के लोग मलिहाबादी के साथ उन्नाव का दशहरी आम भी चखेंगे। लखनऊ के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस इस बार उन्नाव के हसनगंज और सफीपुर आम पट्टी से दशहरी का निर्यात उद्यान विभाग के सहयोग से करेगा। दोनों जगह से 400 टन दशहरी निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है। 40 से 45 बागवानों को ऑर्डर भी दिया है। आम की गुणवत्ता सुधारने पर काम चल रहा है। इसके लिए बागवानों को पिछले माह प्रशिक्षित किया गया था।

पेड़ों पर बौर भी खूब है। इससे अधिक पैदावार की उम्मीद है। फिर भी फलों को बचाने के लिए बागवानों को बैग दिए जाएंगे। इससे फल में कीटरोग नहीं लगेगा और गुणवत्ता के साथ सेहत अच्छी रहेगी। मैंगो पैक हाउस दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत ओमान और दुबई से करेगा। लखनऊ के साथ उन्नाव के आम भेजे जाएंगे।

महाकुंभः नए पावर स्टेशन के साथ तैयार हो रहीं नई लाइनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली के स्थाई कार्यों के लिए सरकार ने 140 करोड़ जारी किए
- दो पावर स्टेशन तैयार, 94 वितरण परिवर्तक स्थापित

अमृत विचार : प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए नए पावर स्टेशन स्थापित करने के साथ नई लाइनें बिछायी जा रही हैं।

महाकुंभ-2025 के मद्देनजर प्रशासन अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लेना चाहता है ताकि कोई कमी हो तो उसे समय रहते पूरा किया जा सके। इसी के तहत शहर में बिजली के स्थायी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके तहत शहर में 132 केवी की क्षमता के दो बिजली घर बनाए जा रहे हैं। इसमें एक हेतापट्टी और दूसरा बेली का इलाका शामिल है। हेतापट्टी का बिजली घर चालू हो चुका है। वहीं बेली के स्टेशन को लेकर कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा 94 वितरण परिवर्तक भी स्थापित हो चुके हैं। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटाए जा रहे हैं।

इसके लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। अब कुंभ क्षेत्र के परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में अंडर ग्राउंड केबिल बिछाने का कार्य रफ्तार पकड़ चुका है। इसी तरह ट्रिपल आईटी चौराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड केबिल बिछायी जा रही है।

यूपी में हर हाल में बढ़ाया जाएगा मतदान प्रतिशत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिया आश्वासन

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार हर हाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप निर्माण ने यह आश्वासन दिया।

बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरंतर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेण्डर व बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। बीएलओ की ओर से बांटी जा रही मतदाता पर्ची व वोटर गाइड की नियमित रुप से समीक्षा की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची व वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। बैठक में लखनऊ नगर निगम के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह व कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बताई।

लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1703 मामलों में हुई कार्रवाई : प्रदेश में बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1703 मामलों में कार्रवाई की गई है। आचार संहिता के तहत अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 68,06,659 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 41,18,793 व निजी स्थानों से 26,87,866 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई।

पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी से मारपीट एक गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : मंदिर-मस्जिद मामले में पूर्व पक्षकार रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र निवासी इक़बाल अंसारी पर शुक्रवार को हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर पर एक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात अलविदा की नमाज के बाद मस्जिद की खिड़की खोलने के दौरान हुई। इकबाल अंसारी का कहना है कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए वह मोहल्ला स्थित बिजली शहीद मस्जिद गए थे। वह मस्जिद की खिड़की खोल रहे थे इसी दौरान मौके पर मौजूद मोहल्ले के कोटिया निवासी अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी गाली-गलौच कर हाथापाई करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। उसके साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद थे, जिनका नाम-पता मुझे मालूम नहीं है।

जाम में फंसी पांच एंबुलेंस, एक में प्रसव, दूसरे में शिशु की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से भीषण जाम लगा रहा
- करीब 9 घंटे तक फंसे रहे हजारों वाहन, डायवर्जन करना पड़ा

अमृत विचार: नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से भीषण जाम लग गया और वाहनों की कतार करीब 15 किलोमीटर तक पहुंच गई। जाम में दो प्रसूताओं को लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस गईं। एक प्रसूता के गर्भस्थ शिशु की एंबुलेंस में ही मौत हो गई, वहीं दूसरी प्रसूता का एंबुलेंस में प्रसव कराना पड़ा। करीब नौ घंटे तक हाईवे पर लगे जाम के बाद घाटमपुर व रमईपुर की ओर वाहनों का डायवर्जन किया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

घाटमपुर से नौबस्ता की ओर मेट्रो के कार्य के चलते भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध होने के बावजूद रात होते ही भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। गल्लामंडी तक हो रहे मेट्रो निर्माण के चलते हाईवे संकरा हो गया है। शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे से नौबस्ता के धोबिन पुलिया के पास से शुरू हुआ जाम धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते वाहनों की कतार शंभुआ पुल तक पहुंच गई।

बिधनू हाईवे से आकर मिलने वाली किसान नगर रोड भी ब्लॉक हो गई। जिसमें पांच एंबुलेंस घंटों तक फंसी रहीं। सचेंडी के पलरा गांव निवासी कमलेश ने बताया कि पत्नी सोनी को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर करीब पांच बजे एंबुलेंस से बिधनू सीएचसी के लिए निकले। किसान नगर रोड पर जाम लगा होने से एंबुलेंस रेंगते हुए किसी तरह से बिधनू हाईवे तक पहुंची। एंबुलेंस करीब तीन घंटे बिधनू हाईवे में जाम में फंसी रही। सुबह आठ बजे वह बिधनू सीएचसी पहुंचे पर तब तक गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी थी। वहीं बिधनू ब्लॉक के छौकी गांव निवासी गर्भवती किरन भी घंटों जाम में फंसी रही, इस दौरान वह एंबुलेंस में दर्द से तड़पती रही। जैसे-तैसे एंबुलेंस सीएचसी गेट पर पहुंची, तब तक आशा बहू को एंबुलेंस में ही प्रसव कराना पड़ा। हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस व ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह नाकाम रहीं। हर तरफ के रास्ते बंद होने के कारण जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के भी पसीने छूट गए। इसके बाद पुलिस ने रमईपुर व घाटमपुर रोड पर वाहनों का डायवर्जन किया, जिसके बाद जाम से राहत मिल सकी।

सलीम के इशारे पर संचालित हो रहे थे तीनों आतंकवादी

लखनऊ, अमृत विचार : नेपाल-भारत सीमा पर गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकवादी पाकिस्तान में आईएसआई हैंडलर सलीम के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सूत्रों के मुताबिक एटीएस द्वारा पूछताछ के दौरान उनके पास सात एटीएम, दो हवाई टिकट और एक मेमोरी कार्ड बरामद हुआ है। मेमोरी कार्ड की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक आतंकवादी नासिर के पास से मिले दोनों हवाई टिकट में एक 27 मार्च को श्रीनगर से दिल्ली और दूसरा 28 मार्च को दिल्ली से काठमांडू यात्रा का है। इसी के आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि 28 मार्च को काठमांडू पहुंचने के बाद अगले दिन 29 मार्च को नासिर की मुलाकात गजनफर और अल्ताफ से हुई थी। भारत में इन आतंकवादियों द्वारा क्या हिट होना था इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है।

वर्ग पहेली-31

बाएं से दाएं

3.1.(काव्यशास्त्र) मुग्धा नायिका के सात भेदों में एक भेद, अंकुरितयौवना 2.नवयुवती।

6.जैसे ही, यदि, यद्यपि।

8.1.वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट व्यक्ति 2.भागवत का एक स्कंध 3.कृष्ण यजुर्वेद की एक शाखा।

11.एक भाववाचक प्रत्यय जो विशेषण और संज्ञा के अंत में लगता है जैसे- सुंदर+ता = सुंदरता।

ऊपर से नीचे

1.मतभेद, मतभिन्नता।

2.1.लत, स्वभाव 2.आदत।

4.1.नगरवासी, नागरिक 2.चतुर, शिष्ट,सभ्य 3.गुजराती ब्राह्मणों में एक कुलनाम या सरनेम 4.नागरी लिपि का कोई अक्षर 5.एक प्रकार का गृहयुद्ध।

5.आंखों के अंदर का वह अवयव जिसपर दृष्टि-बिंब बनते हैं, आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक पर्त,दृष्टि पटल।

7.1.गुज़र, निर्वाह 2.जीवनयापन।

9.1.स्तंभ, खंभा 2.चिट्ठी रखने का लिफ़ाफ़ा 3.संधि, जोड़ 4.जोड़ पर लगाया जाने वाला टांका।

10.1.व्यक्तियों की पंक्तियां



वर्ग पहेली -30 का हल

1 पी	■	■	2 जे	■	3 बे	■
4 प	टा	प	टी	■	हा	■
ल	■	■	■	5 व	ल	न
■	6 अ	नु	मे	य	■	■
■	भि	■	■	7 सं	गि	नी
■	ष	■	■	धि	■	■
8 दे	व	भा	षा	■	9 जा	नाँ

सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2			3		4		6
				9			1	
		5			8			
7		8		6				2
				7		2	9	
2				4	5			8
			3			5		
	1			7				
6		9		5			2	

सुडोकू -109 का हल

3	5	8	2	6	4	7	1	9
4	6	1	9	3	7	8	2	5
7	9	2	8	5	1	4	6	3
2	7	9	5	1	8	6	3	4
1	3	5	4	7	6	9	8	2
6	8	4	3	9	2	1	5	7
5	4	3	6	8	9	2	7	1
8	2	7	1	4	3	5	9	6
9	1	6	7	2	5	3	4	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 22.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 15.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य शुरु होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए।

वृष — आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

मिथुन — आज जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें,लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है।

कर्क — आज आपको इच्छित जगह पर स्थानांतरण भी मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के परामर्श लेना हितकर होगा।

सिंह — आज विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां होगी।

कन्या — आज सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है। प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता होगी।

तुला — आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर रहेंगे। घर की साफ-सफाई में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

वृश्चिक — आज आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारों से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है।

धनु — आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। उपयोगी मशीनों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। छोटी सी त्रुटि के कारण काम रुक सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

मकर — आज शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अनावश्यक विषयों पर चर्चा करने से बचें। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

मीन — आज गुमी वस्तु आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

आज की फिल्में

- B4U MOVIES — क्यों कि... सुबह : 10.50; घातक रात : 07.01
- SONY PIX — जर्नी 2 सुबह : 10.52; जस्टिस लीग रात : 08.50
- SONY SMAX — फिरंगी सुबह : 10.00; लूसिफर रात : 08.30
- ZEE CINEMA — शादी में जरूर आना सुबह : 11.00; हम साथ साथ हैं रात : 07.00
- colors CINEPLEX — कालिया सुबह : 11.16; भेड़िया शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,248.22	22,513.70
बढ़त/नुकसान	20.59	0.95
प्रतिशत में	0.03	0.00

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1835, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1465, सचिन 1620, सूरज 1490, अवसर 1670, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 425, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 13100, अरहर पटका मोटा 13400, अरहर कोरा मोटा 13900, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्चस्तर पर

आरबीआई के मुताबिक, 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर पहुंच गया

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

यह लगातार छठा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार

में थोड़ी कमी आई थी।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.14 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गई।

यूरोपीय, लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में वृद्धि

नई दिल्ली। भारतीय निर्यातकों ने 2023 में यूरोपीय और लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की। इस दौरान रोमानिया, मोंटेनेग्रो, ऑस्ट्रिया और ग्वाटेमाला में खासतौर से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जीवनयापन की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और मौद्रिक सख्ती के कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे बड़े बाजारों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद 2023 में यूरोपीय संघ को भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़ गया। अधिकारी ने कहा-2023 में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई। इस दौरान रोमानिया, चेक गणराज्य, मोंटेनेग्रो, फिनलैंड, नीदरलैंड, पुर्तगाल, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय देशों को भारत के निर्यात में स्वस्थ वृद्धि हुई। अधिकारी ने कहा कि ये रुझान यूरोप में मौजूदा अनिश्चितताओं और मंदी के बावजूद भारत के व्यापार में जुझारूपन को दर्शाते हैं। इसी तरह, 2023 में लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा, उरुग्वे, पैराग्वे, गुयाना, पेरू, मेक्सिको और ग्वाटेमाला को भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

ई-गेमिंग से संबंधित दायर याचिकाएं न्यायालय ने अपने पास हस्तांतरित की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल 27 याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की याचिका मंजूर करते हुए उसे ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की लंबित याचिकाओं पर 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ ने एक नोडल अधिवक्ता को भी नियुक्त किया है, जो मामले में रिकॉर्ड एकत्र करेगा। अब इन याचिकाओं पर मई के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा: मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर है जोर

रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा-वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की

गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में पूछे जाने पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को वापस चालू करने का काम जारी है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	81,350
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	71,700
गिन्नी (प्रति नग)	53,400-53,600
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	69,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	78,500
चांदी तैयार	78,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	69,500
सोना जेवरात गिन्नी	68,500
चांदी पक्की	770 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	69,350
चांदी आभूषण	78,100।

आयुर्वेद उत्पाद बाजार 2027-28 तक 1.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जारी किए आंकड़े

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप निरोगस्ट्रीट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है।

5जी प्रयोगशालाओं के लिए प्रायोगिक मॉड्यूल की हुई शुरुआत

नई दिल्ली। दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में एक कार्यशाला के दौरान 5जी प्रयोगशालाओं के लिए प्रायोगिक लाइसेंस मॉड्यूल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मित्तल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कुल 100 5जी प्रयोगशालाओं के लिए लाइसेंस मॉड्यूल पेश किए। बयान के मुताबिक, दूरसंचार विभाग ने 5जी सेवाओं के परीक्षण के लिए कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से अब तक लगभग 1,500 प्रायोगिक लाइसेंस जारी किए हैं।

केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लेन-देन में आई कमी : शंकर

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दी जानकारी

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किये जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा-संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य

लोकप्रिय यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। एक खबर के अनुसार बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपये का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किये। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 10 लाख दैनिक लेनदेन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिली। शंकर ने कहा कि अभी सीबीडीसी में 46 लाख उपयोगकर्ता और चार लाख कारोबारी लेनदेन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सीबीडीसी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, व्यक्तियों और कारोबारियों के बीच (पी2एम) होने वाले लेनदेन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा-अधिक कारोबारियों के आने के साथ संख्या पी2पी (कारोबारियों के बीच) से पी2एम की ओर स्थानांतरित हो रही है। शंकर ने यह भी कहा कि सीबीडीसी पर एक सुविधा शुक्रवार को शुरू हुई। विशेष रूप से तैयार इस सुविधा के तहत एक किसान को कृषि कच्चा माल खरीदने के लिए धन हस्तांतरित किए गए।

राष्ट्रीय

एक नजर

वडोदरा में 22 लाख रु. के एमडी ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

वडोदरा। गुजरात में वडोदरा शहर के कुंभारवाडा क्षेत्र में विशेष अभियान ग्रुप (एसओजी) की टीम ने 22 लाख रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर हाथीखाना इलाके में खत्रीवाड के नाके अताए नसीर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल निवासी गुलामहैदर र. शेख के घर पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 22,11,300 रुपये कीमत का 221.13 ग्राम एमडी ड्रग्स, 4500 रुपये नकद, 5500 रुपये कीमत के दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान जब्त करके उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता ने की खुदकुशी

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों ने मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने और परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर सूरतगढ़ शहर में अस्पताल के शवगृह के बाहर धरना दिया। श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि 25 मार्च को तीन लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था।

अभी तक तो ये ट्रेलर...बहुत कुछ करना है

राजस्थान की चुनावी रैली में विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी का कटाक्ष

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज ये ट्रेलर (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला ऐपेटाइजर बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी थाली बाकी है और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान

राजस्थान के चुरू जिले में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

है। भारतीय सेना की ओर से की गई एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा-ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।

मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा-जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है।

नया भारत तो घर में घुसकर मारता है: मोदी

उन्होंने कहा-आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा केंद्र में सत्ता में आई तो देश खस्ता हालत था। उन्होंने कहा-हम जो ठान लेते हैं वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते हुए देखा है। आप याद करिए कांग्रेस के शासन में 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था।

केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश

- जेल से बाहर आने के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जेल की सलाखों के पीछे डालने की गहरी साजिश रची।

सिंह ने जेल से बाहर आने के दो दिन बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए मगुंटा राघव रेड्डी पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। रेड्डी दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने हैं। दिल्ली के केजरीवाल को 21 मार्च को धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। कहा कि राघव रेड्डी के पिता, सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के खिलाफ 16 सितंबर, 2022 को कार्रवाई की गई थी।

सीबीआई को कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी। कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। जांच एजेंसी ने न्यायिक हिरासत में कविता से पूछताछ करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

दिल्ली के वित्त सचिव को राशि जारी करने का कोर्ट का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने आप-नीत दिल्ली सरकार की एक याचिका पर प्रधान सचिव (वित्त) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को धन जारी करने के लिए कहा। कोर्ट ने डीजेबी को पक्षकार बनाने का भी निर्देश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी की दलीलों का संज्ञान लिया कि अपने ही अधिकारी के खिलाफ याचिका दायर करने वाली दिल्ली सरकार ने डीजेबी को पक्षकार नहीं बनाया है।

ईडी ने सोरेन के खिलाफ दर्ज मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया अनुरोध

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड उच्च न्यायालय से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लगाए गए उन आरोपों की जांच सीबीआई से कराने अनुरोध किया है जिनमें कहा गया है कि ईडी अधिकारियों के एक वर्ग ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। सोरेन ने रांची में पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी कि जनवरी में उनके नयी दिल्ली स्थित आवास पर ईडी ने उन्हें और उनके पूरे समुदाय को परेशान एवं बदनाम करने के लिए तलाशी अभियान चलाया था। ईडी ने एक आपराधिक रिट याचिका में सीबीआई)जांच का अनुरोध किया है। याचिका में दावा किया गया है कि सोरेन ने जांच को बाधित करने के लिए जानबूझकर आपराधिक मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है।

एनआईए ने की मुख्य और सह आरोपी की पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने एक मार्च को बेंगलुरु के एक कैफे में हुए विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपी के रूप में मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-षड्यंत्रकारी के रूप में अब्दुल मतीन ताहा की पहचान की है।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि फरार आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने

रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट का मामला

के प्रयासों के तहत, एनआईए ने कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 18 स्थानों पर तलाशी ली है। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में, एनआईए ने आईईडी (एक विस्फोटक पदार्थ) के जरिये धमाके को अंजाम देने के आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-षड्यंत्रकारी की पहचान अब्दुल मतीन ताहा के रूप में की है। दोनों कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में हुए धमाके में कई लोग घायल हो गए थे। इसके पहले, जांच के तहत चिक्कमगलुरु के खालसा निवासी मुजम्मिल शरीफ को 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, जिसने मुख्य आरोपी को रसद सहायता प्रदान की थी।

दिल्ली में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा। अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

आयुर्वेद, योग को आयुष्मान भारत में शामिल करने की याचिका स्वीकार करे केंद्र : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने संबंधित मंत्रालय को दिया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

उच्च न्यायालय ने याचिका बरकरार

करने की याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार कर ली और मंत्रालय से इसे प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार करने को कहा। अदालत ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त और गृह मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था तथा उनसे याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा को पीएम जन आरोग्य योजना में शामिल करने का याचिका में अनुरोध किया गया है।

भोजशाला के सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे के पक्षकारों में से एक को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में जारी सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं बनता है। हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वे कर रहा है। सर्वे का आदेश भोजशाला से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। हाईकोर्ट हिंदू और मुस्लिम पक्षों की चार याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

राजद नीत महागठबंधन में लौटे मुकेश सहनी

- सहनी की पार्टी तीन लोस सीट पर लड़ेगी चुनाव

पटना, एजेंसी

बिहार के विपक्षी महागठबंधन ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की वापसी से उसे ताकत मिली है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा दरकिनार किए जाने के बाद से सहनी मुश्किलों से जूझ रहे थे। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख सहनी का राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने गठबंधन में स्वागत किया।

तेजस्वी ने बिहार में अपने कोटे

पटना में संवाददाता सम्मेलन के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी। ●

की 26 सीट में से वीआईपी को तीन लोकसभा सीट की सम्मानजनक हिस्सेदारी देने की भी घोषणा की। यादव ने कहा-राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) सीट को वीआईपी को देने का फैसला किया है। हम मिलकर बिहार की सभी 40 सीट पर महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करेंगे। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले यादव पर पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाने के बाद महागठबंधन छोड़ने वाले सहनी ने इस प्रकरण को छोटे भाई तेजस्वी के साथ टकराव बताकर खारिज कर दिया।

मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर यूपी सरकार से जवाब-तलब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	04	203
रियान पराग (आरआर)	03	181
हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	04	177

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07
मयंक यादव (एलएसजी)	02	06

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष बल्लेबाजों से प्रदर्शन की उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

- दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं विराट कोहली

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉप्ले भी चल नहीं सके हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से रौंदा

हैदराबाद के मार्करम ने 50 रन और अभिषेक ने 37 रनों की पारी खेली



एडेन मार्करम

हैदराबाद, एजेंसी

एडेन मार्करम 50 रन और अभिषेक शर्मा 37 रनों की तूफानी पारी की बदौलत पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट हरा दिया है। हैदराबाद की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

हैदराबाद की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए ताबड़तोड़ अंदाज में 2.4 ओवर में 46 जोड़ डाले। अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों लगाते हुए 37 रन बनाये। उन्हें चाहर ने जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। अभिषेक ने मुकेश के एक ही ओवर में 27 रन ठोके डाले। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड 31 रन के रूप में हैदराबाद का दूसरा विकेट गिरा। 14वें ओवर में एडन मार्करम को मोईन अली ने पगबाधा आउट कर दिया। उन्होंने 36 गेंदों में चार चौकों और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाये। शाहबाज अहमद 18 रन को भी मोईन अली ने पगबाधा आउट किया। हेनरिक क्लासेन 10 रन और नितीश कुमार रेड्डी 14 रन बनाकर नाबाद रहे। नितीश कुमार रेड्डी ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर हैदराबाद को छह विकेट से जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से मोईन अली ने दो विकेट लिये। दीपक चाहर और महीश थीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोके डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जाडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर, टी नटराजन , पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

चेन्नई 165/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 02

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रचिन रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर	12	09	2/0
ऋतुराज गायकवाड़ का समद बो शाहबाज	26	21	3/1
अजिंक्य रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट	35	30	2/1
शिवम दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस	45	24	2/4
रविंद्र जडेजा नाबाद	31	23	4/0
डेरिल मिचेल का समद बो नटराजन	13	11	1/0
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	01	02	0/0

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1

हैदराबाद 166/4

18.1 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रेविस हेड का रविंद्र बो तीक्षणा	31	24	3/1
अभिषेक शर्मा का जडेजा बो चाहर	37	12	3/4
एडेन मार्करम एगबाधा मोईन	50	36	4/1
शाहबाज अहमद पगबाधा मोईन	18	19	0/1
हेनरिक क्लासेन नाबाद	10	11	1/0
नीतिश रेड्डी नाबाद	14	08	1/1

गेंदबाजी : चाहर 3.1-0-32-1, मुकेश 1-0-27-0, तीक्षणा 4-0-27-1, देशपांडे 2-0-20-0, जडेजा 4-0-30-0, मोईन 3-0-23-2, रचिन 1-0-3-0

खेल डायरी

सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11 , 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।

बालाजी-बेजेमैन एटीपी ह्यूस्टन के सेमीफाइनल में

ह्यूस्टन। भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा। विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं।

कैंडिडेट्स शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रा पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रा पर रोका।

नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस

पेरिस। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।"

बेंगलुरु में आईपीएल मैच एनजीटी की निगरानी में होगा

बेंगलुरु। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, हमने नोटिस देख लिया है।

सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस

मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली। लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरुआत की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी। सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास का अभ्यास किया। कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

मयंक यादव को टेस्ट में खिलाना जल्दबाजी होगी : शेन वाटसन

कोलकाता, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भले ही मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा आईपीएल में सभी को आकर्षित किया है लेकिन उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खिलाने की जल्दबाजी करना समझदारी नहीं है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ पदार्पण करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के 21 साल के तेज गेंदबाज ने लगातार मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के अभियान में मदद की है। वाटसन ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''निश्चित रूप से मयंक यादव के बारे में काफी चर्चा हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स भाग्यशाली है कि उनके पास ऐसा खिलाड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''बड़े मंच पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत विशेष है।'' तो क्या वह टेस्ट के लिए तैयार है क्योंकि टीम को साल के अंत में आस्ट्रेलिया में पांच मैच की श्रृंखला खेलनी है। वाटसन ने कहा, निश्चित रूप से आप उसे टेस्ट क्रिकेट में खिलाना पसंद करोगे।

बॉलीवुड हलचल

सोनाक्षी सिन्हा ने हीरामंडी के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग में पूरा किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानि पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी''' 'कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

ईद के अवसर पर मास्क टीवी पर रिलीज होगी कोड ब्लू

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी। मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक समाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है। मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैग प्रोडक्शसन ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट हैं। लेखक निर्देशक अलीना खान ने बताया कि फ़िल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे हैं। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसकी शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है, इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जाती है।

नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानी मानी गायिका नेहा कक्कड़ ने सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सिंगिग रियलिटी शो के प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 के 'प्यारेलाल जी स्पेशल' में दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा नजर आयेंगे। सभी प्रतियोगी और कैप्टन संगीत सम्राट प्यारेलाल जी और उनकी पत्नी सुनीला शर्मा की उपस्थिति में प्यारेलाल जी की कुछ कालजयी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए अपनी सिंगिंग क्षमता दिखाएंगे, जिसमें क्लासिक फिल्मी गानों से लेकर कदम थिरकाने वाली धुनें शामिल हैं। कैप्टन मोहम्मद दानिश की टीम के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों - निशांत गुप्ता और देवनश्रिया के डुएट गाने 'वो हैं ज़रा खफा खफा' और 'हम तुम दोनों जब मिल जाएंगे' हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। प्यारेलाल शर्मा ने कहा, आप दोनों ने पूरे दिल से यह गाना गाया, इतनी सुंदरता और सटीकता से धुनों और हारमनी को बुना। यह वाकई उल्लेखनीय था और आप में से हर किसी ने सहजता से अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब आपने गाना शुरू किया तो मैंने देखा कि आप मेरे अलावा हर जगह देख रहे थे। आप घबराहट महसूस कर रहे थे, इसलिए आपने मंच पर अपनी निगाहें टिकाए रखकर गाया। आपके परफॉर्मेंस ने मुझे गहराई से छू लिया और मैं अवाक हूं क्योंकि मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं है कि आप कितने बेहतरीन परफॉर्मर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

सीमा पार भागे आतंकी तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करने पर या सीमा पार भागने वाले आतंकियों को भारत पाकिस्तान में घुसकर मारेगा।

रक्षा मंत्री बोले, आतंकी यदि पाकिस्तान भाग जाएगा, तो हम उसे मारने के लिए पड़ोसी देश में घुस जाएंगे। भारत हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। लेकिन अगर कोई बार-बार भारत को आंखें दिखाएगा, भारत आएगा और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश करेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। राजनाथ की यह टिप्पणी ब्रिटेन के गार्जियन अखबार द्वारा एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के एक दिन बाद आई है। इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकियों को खत्म करने की व्यापक योजना के तहत 2020 से अब तक पाकिस्तान में लगभग 20 अपराधियों को मार डाला है। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि उसके पास उसकी जमीन पर दो नागरिकों की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के विश्वसनीय साक्ष्य हैं। इस पर भारत ने कहा कि यह झूठा और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार है। सिंह ने कहा कि भारत में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की ताकत है और पाकिस्तान को इसका अहसास शुरू हो गया है।

उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने इस साल की पहली घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है।

सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को दो संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा आतंकवादी उरी सेक्टर में सबुरा नाला के जरिए घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे, जैसे ही घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी गई तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकियों के पास से दो एके राइफलें, चार हथगोले और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की है। गौरतलब है कि, कश्मीर में इस साल की यह पहली घुसपैठ की कोशिश है जिसे सेना ने नाकाम कर दिया है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले एलओसी पर सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

पेनल्टी चार्ज लोन राशि में नहीं जोड़ सकेंगे बैंक, 1 अप्रैल से लागू

लोन अकाउंट्स पर पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट से संबंधित रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस 1 अप्रैल से लागू हो गई हैं। ये नियम पेनल्टी को लेकर बैंकों और फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाते हैं। जानते हैं कि बैंक अब क्या नहीं कर सकते...

- कमाई बढ़ाने के लिए चार्ज नहीं लगा सकते पेनल चार्ज का उद्देश्य कर्जधारकों के बीच कर्ज चुकाने के मामले में अनुशासन की भावना पैदा करना है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि इन चार्ज का इस्तेमाल कमाई बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंक की समीक्षा में पाया गया कि बैंक और फाइनेंस कंपनियां इनकम बढ़ाने के लिए जुर्माना और चार्ज लगाते हैं, जिसको लेकर ग्राहकों की शिकायतें बढ़ी हैं।

क्या कहते हैं नए दिशानिर्देश

आरबीआई ने बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को पेनल्टी इंटरेस्ट लेने से रोक दिया है, जो अक्सर ईएमआई के भुगतान में देरी होने पर वसूला जाता है। इसके अलावा, कर्जदाता विकल्प के रूप में ब्याज दर में अतिरिक्त कम्पोनेंट पेश नहीं कर सकते। आरबीआई ने दंडात्मक शुल्क लगाने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि ये पेनल्टी चार्ज लोन अमाउंट में न जुड़े और ऐसे शुल्क पर अतिरिक्त ब्याज न लगे।

पेनल चार्ज, पेनल इंटरेस्ट में क्या है अंतर

पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज दरों के रूप में जुर्माना हैं। दंडात्मक शुल्क एक निश्चित भुगतान है। इसे ब्याज में नहीं जोड़ा जाता, जबकि दंडात्मक ब्याज ग्राहक से ली जाने वाली मौजूदा ब्याज दर में जोड़ी जाने वाली रेट है। आरबीआई ने बैंकों को ये भी निर्देश दिया कि वे पेनल चार्जेस का कैपिटलाइजेशन न करें। मतलब ऐसे चार्जेस पर आगे कोई ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।

पेनल्टी चार्ज पर आरबीआई के नियम

दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज से जुड़े ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो चुके हैं। मौजूदा लोन 1 जून 2024 से नए नियमों के अधीन होंगे। बता दें कि इन नियमों को आरबीआई 1 जनवरी 2024 से ही लागू करने वाला था। लेकिन वित्तीय संस्थान को ख्याल करते हुए तारीख आगे बढ़ा दी गई थी।

बैंकों को अतिरिक्त शुल्क वसूलने का अधिकार नहीं

बैंकों और एनबीएफसीएस को उधारकर्ताओं से अतिरिक्त शुल्क लेने से रोकने के लिए ऐसे काम करेंगे आरबीआई के नए नियम... आरबीआई ने लोन की राशि में दंडात्मक शुल्क शामिल न करने करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना करने से भी मना किया है। बता दें, बैंक लोन के ईएमआई में देरी करने पर ग्राहकों पर दंडात्मक ब्याज लगते हैं। साथ ही अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ते हैं। लेकिन आरबीआई के निर्देशानुसार अब बैंकों और वित्त कंपनियों को दंडात्मक ब्याज वसूलने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें एडिशनल चार्ज जोड़ने की अनुमति भी नहीं होगी। हालांकि अभी भी बैंक जुर्माना लगा सकते हैं। नए नियमों के तहत बैंक और वित्तीय संस्थान डिफॉल्ट राशि के आधार पर दंडात्मक शुल्क को निर्धारित करेंगे। रिजर्व बैंक ने अनुमोदित नीति के अनुसार निष्पक्ष और लगातार चार्ज लगाने का निर्देश जारी किया है।

एक नजर

हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का शार्पशूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के राष्ट्रीय स्तर पर मुक्केबाज रहा शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि आरोपी अभिनव वर्मा दिल्ली के कीर्ति नगर और फर्श बाजार में व्यापारियों पर गोलीबारी के दो मामलों में वांछित था। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभिनव 27 मार्च को राहिणी में अपने सहयोगियों से मिलने आ रहा है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) अमित कौशिक ने कहा, रोहिणी सेक्टर-तीन में जाल बिछाया गया और आरोपी को पकड़ लिया गया। बता दें, रोहित गोदारा, हाशिम बाबा, काला जठेड़ी और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सहयोगी रहा है। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस जब्त किए गए हैं।

पुणे में सिपाही ने पुलिस थाने में गोलीमार कर की आत्महत्या

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में 33 वर्षीय एक सिपाही ने शुक्रवार को एक पुलिस थाने में अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक भारत असमर शुक्रवार पेठ इलाके में लोहिया नगर पुलिस चौकी में रात की ड्यूटी पर थे। भारत असमर ने अपने एक सहकर्मी को बताया कि उन्हें सिरदर्द है और वह चौकी की पहली मंजिल पर कर्मचारियों के विश्रामगृह में लेटना चाहते हैं। इसके बाद उसने कमरा भीतर से बंद कर लिया और अपनी सर्विस बंदूक से खुद को गोली मार ली। असमर शादीशुदा था और उसकी एक बेटी है। पुलिस ने कहा है निजी कारणों का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है।

अमेरिका के मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिया से दागा

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलियन डॉलर मुआवजे की मांग की है। फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था। दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और जेईटी यूएसए, इंक. से 1 मिलियन डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है। बच्चे के पिता ने कहा कंधे पर भगवान विष्णु की आकृति में दो भागों पर उसे दागा गया।

केरल के कन्नूर में विस्फोट एक की मौत, 3 लोग घायल

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले में स्थित पनूर इलाके के पास एक धमाका हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, सीपीआई समर्थकों द्वारा देशी बमों को बनाने के दौरान यह घटना घटी। वहीं, भाजपा ने भी सीपीआई को आड़े हाथ लिया। सीपीआई ने कहा-लोगों को गुमराह करने के लिए झूठा प्रचार कर रहे हैं।

पाकिस्तानी सूफी संत की अस्थियों को भारत लाने की अर्जी पर सुप्रीम इनकार

याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- पाकिस्तानी नागरिक के शव को देश में लाने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में भारत में जन्मे पाकिस्तानी सूफी संत के अस्थियों को बांग्लादेश से लाने के लिए अर्जी दाखिल की गई। सूफी संत हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद की 2022 में बांग्लादेश में मृत्यु हो गयी थी। उनके पार्थिव शरीर को प्रयागराज में दफनाने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसे सीजेआई ने खारिज कर दिया।

याचिका में 1992 में पाकिस्तानी नागरिकता हासिल करने वाले प्रयागराज के पूर्व मूल निवासी सूफी संत की वसीयत का हवाला दिया गया था। इसमें कहा गया है कि उनके पार्थिव शरीर को उत्तर प्रदेश के शहर की दरगाह में दफनाया जाएगा, जिसकी उन्होंने अध्यक्षता की थी। शीर्ष अदालत ने कहा आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि भारत सरकार उसके अवशेषों को भारत में दफनाने के लिए लाएगी। ऐसा कोई अधिकार नहीं है जिसके प्रवर्तन की मांग की जा सके। सीजेआई और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हमें संवैधानिक अधिकारों के प्रवर्तन के सिद्धांतों के अनुसार भी चलना होगा। उन्होंने कहा कि अगर वह भारतीय नागरिक होते तो याचिका पर ध्यान दिया गया होता। दरगाह की ओर से पेश वकील ने कहा कि अहमद का पाकिस्तान में कोई परिवार नहीं है और इसके अलावा, सूफी संत दरगाह के सज्जादा नशीन थे।

थाने के अंदर गवाहों को पट्टी पढ़ाना चिंताजनक : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने थाने के अंदर आपराधिक मामले में गवाहों को पट्टी पढ़ाए जाने को चिंताजनक करार दिया है। मामले में तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने मामले में गवाहों को पाठ पढ़ाए जाने के महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज कर दिया है। पीठ ने दो आरोपियों को दोषी ठहराने और आजीवन कारावास की सजा के आदेश को रद करते हुए कहा सुबूतों को खारिज करना होगा, क्योंकि इस बात की स्पष्ट संभावना है कि उक्त गवाहों को पहले दिन पुलिस द्वारा सिखाया गया था। न्यायिक प्रक्रिया में पुलिस द्वारा इस तरह का हस्तक्षेप चिंताजनक है। कोर्ट ने सख्त लहजें में कहा कि पुलिस को अभियोजन पक्ष के गवाहों को पाठ पढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह पुलिस मशीनरी द्वारा शक्ति का घोर दुरुपयोग है। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलकर्ताओं को जमानत दिए जाने से पहले वे 10 साल से अधिक समय तक जेल में रह चुके थे। मणिकंदन और शिवकुमार पर आरोप था कि उन्होंने चार अक्टूबर, 2007 को बालामुरुगन की हत्या कर दी थी। मणिकंदन द्वारा अपने घर पर इडली की डिलीवरी को लेकर हुए झगड़े के बाद बालमुरुगन की हत्या कर दी गई थी।

चंडीगढ़ चुनाव अधिकारी मसीह ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी

नई दिल्ली। चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह ने अपने आचरण के लिए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है। बता दें, न्यायालय ने फरवरी में चंडीगढ़ महापौर चुनाव का नतीजा पलट दिया था। मसीह ने कहा कि वह पहले दिया हलफनामा वापस लेंगे, जिसमें कहा गया था कि वह अवसाद और बैचेनी से गुजर रहे थे और इसमें उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया था।

अमस में भीड़ ने की नेपाली पर्यटक से अभद्रता, केस दर्ज

जोरहाट। असम के जोरहाट जिले में एक विदेशी महिला के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। नेपाल से आई पर्यटक ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की भीड़ ने उसके साथ अभद्रता की है। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी है।

टिटाबोर के उप विभागीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पीड़िता संपर्क में है। कानून के मुताबिक, आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित महिला पर्यटक ने दावा किया कि मारियानी इलाके में भीड़ ने सिर्फ उसके साथ इसलिए अभद्रता की क्योंकि उन्हें मेरे लड़कों की तरह पहने कपड़ों से आपत्ति थी। महिला ने आरोप लगाया कि वहां के स्थानीय लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और मेरे कपड़ों को फाड़ दिया गया।

पति की गलती के बिना पत्नी का बार-बार ससुराल से जाना क्रूरता

नई दिल्ली, एजेंसी

- तलाक को मंजूरी देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

पति की गलती न होने पर भी बार-बार ससुराल छोड़ कर जाना क्रूरता के दायरे में आता है। क्रूरता के आधार पर पति की तलाक को मंजूरी देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि शादी आपसी सहयोग, समर्पण और गठजोड़ का आधार है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ की टिप्पणी एक-दूसरे से अलग रह रहे दंपति को पत्नी द्वारा क्रूरता और परित्याग के आधार पर तलाक को मंजूरी देते हुए आई है। पति का आरोप था कि पत्नी हिंसक स्वभाव की है और उसके साथ क्रूर व्यवहार करती थी। अदालत ने पति की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि महिला ने ससुराल वापस आने लिए कोई उचित प्रयास नहीं किए, वहीं 19 साल की अवधि में सात बार वह अलग हुई, और प्रत्येक की अवधि तीन से 10 महीने की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक अलग-अलग रहने से वैवाहिक संबंध को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है, जो मानसिक क्रूरता है और वैवाहिक संबंधों से वंचित करना अत्यधिक क्रूरता का कृत्य है। पीठ ने कहा, यह अपीलकर्ता की मानसिक वेदना का मामला है जिससे वह तलाक पाने का हकदार है।

असम कांग्रेस अध्यक्ष ने हिमंत पर किया 10 करोड़ का मानहानि का केस

गुवाहाटी। असम के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने एक स्थानीय अदालत में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के खिलाफ 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दायर किया है। कांग्रेस नेता ने अपनी शिकायत में कहा है कि हिमंत विश्व सरमा के कई बयानों ने उनकी सार्वजनिक छवि और पार्टी को नुकसान पहुंचाया है। बोरा ने गुरुवार को सिविल जज सह सहायक सत्र न्यायाधीश नंबर एक, कामरूप मेट्रो की अदालत में मामला दर्ज कराया। एक प्रमुख स्थानीय दैनिक और उसके संपादक को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। आरोप लगाया है कि शर्मा ने राज्य के कांग्रेस प्रमुख जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने लगातार दावा किया है कि बोरा अगले साल की शुरुआत में भाजपा में शामिल होंगे हालांकि विपक्षी नेता ने इससे इनकार किया है।

कच्चातिवु वापस लेने के भारत के अनुरोध का कोई आधार नहीं

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई मंत्री ने भारत के दावे को किया खारिज

कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में लगातार बयानबाजी चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीलंका पलटवार किया है। श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। यह कहकर श्रीलंका के मंत्री ने भारत के कच्चातिवु द्वीप पर दावों को खारिज कर दिया।

श्रीलंका के मंत्री का यह बयान तब सामने आया है, जब भारत में पीएम मोदी और उनकी सरकार कांग्रेस पार्टी और डीएमके पार्टी पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार का आरोप है कि कांग्रेस और डीएमके ने कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने वाले मछुआरों के हितों की अनदेखी की।

अब इस पर श्रीलंका के मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि यह भारत में चुनाव का समय है और कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी बातें सुनना असामान्य नहीं है। देवानंद ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि उस जगह पर भारतीय मछुआरे मछली पकड़ सकें। हालांकि उन्होंने कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका के कब्जे को लेकर जारी बयानों का कोई आधार नहीं है।

गुलमर्ग गुलजार...



गुलमर्ग : हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। इस कारण जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग की वादियों पर बर्फ की चादर बिछी है। इनका दीदार करने और वहां स्कीइंग का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी लगातार उमड़ रहे हैं। इस महीने गुलमर्ग में 10 सेमी बर्फबारी हो चुकी है। उधर, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है। गुरुवार रात को अटल टनल के साथ रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रा व कुंजम दर्श में 10 सेंटीमीटर और बारालाचा में 5 सेंटीमीटर बर्फ रिकॉर्ड की गई। लाहौल के नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू में ताजा बर्फबारी के बाद सैलानी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हुई है। हालांकि शनिवार को मौसम साफ होने के आसार हैं। ● एजेंसी

भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी को बचाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाव खराब होने से बीच समुद्र में फंसे मछुआरों को बांग्लादेश को सौंपा

भारतीय तटरक्षक बलों ने बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और शुक्रवार को उनको बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले तो उनकी नाव को ठीक करने की कोशिश की, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

कोलकाता स्थित भारतीय तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, नौका स्टीयरिंग गियर टूटने के बाद भारतीय जल क्षेत्र में आ गई थी और वे सभी समुद्र में फंस गए थे। त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तटरक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। बाद में पता चला कि दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल/मछुआरे सवार थे। भारतीय तटरक्षक बल ने सभी को सुरक्षित निकाला और एक दिन के बाद बांग्लादेश को सौंप दिया।

विज्ञान नए शोध में नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया तारों के रहस्य का खुलासा

भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : तारों के बारे में जैसा हम समझते हैं, वैसा न होकर ये कहीं अधिक अनसुलझी गुत्थियों से उलझे हुई है। एक नए शोध से कुछ ऐसा ही पता चला है। जिसमें भ्रमित करने वाले हजार तारों का चौंकाने वाला रहस्य उजागर हुआ है। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी वैज्ञानिकों ने यह आश्चर्यजनक खोज की है।

नए मॉडल का उपयोग कर खगोल भौतिकीविदों ने हमारी आकाशगंगा के केंद्रीय सुपरमैसिव ब्लैक होल के सैजिटेरियस ए (एसजीआर ए) की परिक्रमा कर रहे 1,000 भ्रम मे डालने वाले नकली सितारों को पता लगाया है, जो बेहद हिंसात्मक हैं और तेज़ गति के साथ एक दूसरे से टकराते हैं। टकराव के बाद कुछ एक दूसरे में विलय हो जाते हैं, जबकि कूछ तरोताजा दिखते हैं। साथ ही तारे बहुत कुछ कारण से युवा दिखते हैं।

ब्लैकहोल के साथ नजदीकी तारों का चित्र।

यह जानकारी भी सामने आई है कि टकराव से बचे तारे अपना द्रव्यमान खो देते हैं और कम द्रव्यमान वाले तारे बन जाते हैं या फिर अन्य तारों के साथ विलय करके विशाल और पुनर्जीवित हो जाते हैं। शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक सानिया सी. रोज़ के अनुसार केंद्रीय ब्लैक होल के आसपास का क्षेत्र बेहद तेज़ गति से घूमने वाले तारों से भरा पड़ा है।

उनके आपस मे एक दूसरे के बहुत करीब से गुजरने पर गुरुत्वाकर्षण के कारण परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। हमारी आकाशगंगा के केंद्र में यह बेहद अजीब जगह है। जहाँ तारों की संख्या दस लाख से भी अधिक है। जिसमें ब्लैकहोल के समीपवर्ती तारों का व्यवहार हमारी कल्पना से परे बेहद अजीब है। हमारा सूर्य ब्लैकहोल से लगभग चार प्रकाश वर्ष दूर है। जिस कारण हमारी सूर्य के आसपास की दुनिया शांत है।

छोटे तारों को निगल जाते हैं बड़े तारे

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स द्वारा द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह शोध प्रकाशित होने जा रहा है। दअरसल गुरुत्वाकर्षण प्रभाव जितना रोचक है, उतना ही ख़तरनाक भी है। जिसके परिणामस्वरूप बड़े तारे कम गुरुत्वाकर्षण वाले तारों को निगल जाते हैं और ब्लैकहोल अपने नजदीकी तारों को।

ब्रिटेनः भारतीय छात्रों ने शुरू किया फेयर वीजा फेयर चांस अभियान

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय छात्रों ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा के पक्ष में 'फेयर वीजा, फेयर चांस' नाम से एक नया अभियान शुरू किया। 'ग्रैजुएट रूट' वीजा अंतर्राष्ट्रीय स्नातकों को उनकी डिग्री के बाद दो साल के लिए ब्रिटेन में रहने और कार्य अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। दरअसल, एक स्वतंत्र विस्थापन सलाहकार समिति (एमसीए) को ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उस उद्देश्य को पूरा करता है या नहीं, जिसके लिए इसे बनाया गया है। माना जा रहा है कि समिति अगले माह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि ब्रिटेन के लिए अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 42 अरब जीबीपी का योगदान करते हैं।

अमेरिका में भारतीयों के लिए नई वीजा कैटेगरी

वाशिंगटन, एजेंसी

- जून से शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय कर सकेंगे आवेदन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीयों को प्रवेश देने के लिए नई वीजा कैटेगरी की शुरुआत की है। जून के अंत अथवा जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय आवेदन कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसके लिए अमेरिका ने भारत को ट्रीटी कंट्री (समझौता देश) का दर्जा दिया है। इस कदम से एच-1 बी वर्क वीजा के लिए वेटिंग लिस्ट में शामिल लगभग 3 लाख भारतीयों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। एच-1 बी वीजा का इंतजार कर रहे भारतीय अब ई-1 और ई-2 में आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में एच-1 बी वर्क वीजा की पेंडेंसी लगभग 134 साल है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 2023 में भारतीय को रिकॉर्ड 14 लाख वीजा जारी किए थे। इनमें 50 फीसदी संख्या अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की थी।

ई-1 वीजा में आवेदक को संपत्ति माना जाएगा, फैमिली भी ला सकेंगे, ई-1 वीजा कैटेगरी में आवेदक को संपत्ति (असेट) माना जाएगा। इन्वेस्टर, एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर और अन्य किसी भी स्किल्ड वर्कर का मूल्यांकन संपत्ति के तौर पर होगा। अमेरिकी इमिग्रेशन डिपार्टमेंट हर आवेदक रिकॉर्ड को देखकर अर्थव्यवस्था में उसके योगदान को तय करेगा। ई-2 कैटेगरी में आवेदक को अपने मूल देश में इन्वेस्टमेंट को बताना होगा। उदाहरण के लिए ई-2 कैटेगरी का आवेदक ये बताएगा कि भारत में उसके व्यापार में से 50 फीसदी के बराबर का निवेश वह अमेरिका में भी करेगा। दोनों कैटेगरी में वीजा मिलने पर आवेदक अपनी फैमिली को अमेरिका ला सकेगा।

अमेरिका में हर साल करोड़ों का योगदान देते हैं भारतीय प्रोफेशनल

भारतीय प्रोफेशनल अमेरिका के सर्विस सेक्टर में लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपए का योगदान देते हैं। अमेरिका ने इसका लक्ष्य 2024 में तीन लाख करोड़ रुपए रखा है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन के समक्ष ट्रीटी कंट्री का दर्जा देने की बात उठाई थी। बाइडन ने इसे मंजूरी प्रदान कर संभावना जताई है कि वीसा बैकलॉग भी इससे कम हो सकेगा।